रांची
शनिवार
24.09.2022
आश्विन कृष्ण पक्ष 14
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

**रश्मि प्रवाह**

अगर रास्ता खूबसूरत हो तो पता करें किस मंजिल को जाता है, लेकिन अगर मंजिल खूबसूरत हो तो रास्ते की परवाह ना करें।

www.rastriyanaveenmail.com | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-23 अंक-231 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50


झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND






- **1932** अथवा उसके पूर्व खतियान के आधार पर स्थानीयता परिभाषित करने हेतु कैबिनेट से प्रस्ताव पारित
- **एसटी-28%, पिछड़ा-27% और एससी-12%** आरक्षण हेतु कैबिनेट से प्रस्ताव पारित
- राज्य कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन योजना **(OPS)** लागू
- **सरना आदिवासी धर्म कोड** पारित कर केंद्र सरकार को भेजा
- रिकॉर्ड दिनों में विभिन्न विभागों में दशकों से लंबित पदों पर **नियुक्तियां**
- पहली बार झारखण्ड **जनजातीय महोत्सव** का आयोजन
- **पारा शिक्षक और आंगनबाड़ी बहनों** की दशकों पुरानी मांगों का समाधान
- आर्थिक रूप से कमजोर उपभोक्ताओं को मुफ्त **100 यूनिट बिजली**
- **सर्वजन पेंशन योजना** से लाखों जरूरतमंद बुजुर्ग, विधवा/एकल/परित्यक्त महिला, दिव्यांग को पेंशन
- **आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार** कार्यक्रम से 35 लाख लोगों को मिला अधिकार



## जन आशीर्वाद के 1000 दिन

## जो कहते हैं वो करते हैं




- **मुख्यमंत्री पशुधन और कृषि ऋण माफी** से लाखों किसान बन रहे सशक्त। **KCC** से जुड़े करीब 14 लाख किसान
- लाखों जरूरतमंदों को **₹10 में साड़ी,धोती/लूंगी**
- **पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना** अंतर्गत एससी, एसटी, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग के युवाओं को विदेश में उच्च शिक्षा
- पूर्वी भारत का पहला **ट्राइबल यूनिवर्सिटी** झारखण्ड में
- **मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना (CMEGP)** से हजारों युवाओं को स्वरोजगार
- **बिरसा हरित ग्राम, नीलांबर-पीतांबर जल समृद्धि और पोटो हो खेल** विकास योजना से ग्रामीण रोजगार सृजन
- कोरोना काल में सबसे **पहले प्लेन और ट्रेन से श्रमिकों** को लाने वाला राज्य। देश को **ऑक्सीजन सप्लाई** करने में बना **नंबर वन**
- प्रत्येक पंचायत में **मॉडल स्कूल**
- 15 लाख जरूरतमंदों को **हरा राशन कार्ड**
- निजी क्षेत्र में स्थानीय को **75% आरक्षण**



PR No. 278546 (IPRD) 2022-23

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## न्यूज गैलरी

### प्रखंड परिसर में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत बत्तख चूजा का वितरण किया गया



मांडर। प्रखण्ड परिसर में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत बत्तख चूजा का वितरण किया गया। मांडर प्रमुख फिलिप सहाय एक्का और मांडर सीओ विजय हेमराज खलखो के द्वारा ग्राम पंचायत बरगढ़ी, ब्राम्बे, तिगोई अम्बाटोली, मुढ़मा, सुरसा के लाभुकों के बीच 66 बत्तख चूजा का वितरण किया गया।चूजा के साथ उनके चारे का वितरण किया गया।चन्द्रदेव कुजूर ने चूजा वितरण के पश्चात इसके रख रखाव, दाना पानी से संबंधित जानकारी भी लाभुकों को दिया। मौके पर मौजूद मांडर टीवीओ डॉ. कुसुम खलखो, विधायक विभागीय प्रतिनिधि होसे उरांव, कॉग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष जमील मालिक, ब्राम्बे पंचायत समिति सदस्य राजू खलखो, मुखिया लक्ष्मण भगत,चन्द्रदेव कुजूर, ब्रजेश उरांव,माशूक अली सहित अन्य मौजूद थे।

### पहाड़ी मंदिर परिसर में वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान चला

रांची। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत आज भाजपा रांची महानगर के सुखदेव नगर मंडल के अंतर्गत पहाड़ी मंदिर के परिसर में वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान के तहत शनि मंदिर में साफ सफाई की गयी इस दौरान बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सफाई अभियान चलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस मनाया



ओरमांझी। सेवा पखवाड़ा के तहत ओरमांझी मंडल भाजपा ने गगारी पहाड़ स्थित महाकालेश्वर धाम में सफाई अभियान चलाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस मनाया । सफाई अभियान के दौरान मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता ने कहा कि सफाई को अपने जीवन में हर व्यक्ति को उतारने की आवश्यकता है घर के आस-पास और सार्वजनिक स्थलों पर साफ सफाई रहने से बीमारियां होने का खतरा कम रहता है और परिवार सुरक्षित हो जाता है सफाई अत्यंत आवश्यक है जिस स्थान पर साफ सफाई रहता है वहां पर ईश्वर का वास होता है इसलिए प्रतिदिन अपने आसपास साफ सफाई करें। इस अवसर पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता, संतोष कुशवाहा, शंकर महतो, छेदी महतो, देव चरण महतो, अजीत महतो, इंदर महतो, रोहित कुमार, करण महतो, मनोज पांडे सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थितथे।

### छोटा मुरी वैष्णवी दुर्गा पंडाल में शांति समिति की बैठक संपन्न



मुरी। छोटा मुरी वैष्णवी दुर्गा पंडाल में शांति समिति की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जीआरपी थाना प्रभारी जुल्फीकार खान ने किया। बैठक के दौरान प्रशासन द्वारा कहा गया कि रेलवे परिक्षेत्र में जितने भी पंडाल हैं सभी पंडालों में वालंटियर की तैनाती किया जाना चाहिए तथा सुरक्षा दृष्टिकोण से हर पंडाल में सीसीटीवी कैमरा लगाना चाहिए और करीब 5 से 10 बोरा बालू की व्यवस्था समय सहायता केंद्र का व्यवस्था होना चाहिए और सभी सहायता केंद्रों पर प्रशासन की मोबाइल नंबर तथा पंडाल के कमेटियों का मोबाइल नंबर लिखा हुआ होना चाहिए ताकि आए हुए श्रद्धालुओं को किसी प्रकार का परेशानी ना हो। सभी पंडालों में दो प्रवेश द्वार होना चाहिए जिससे एक प्रवेश द्वार श्रद्धालु प्रवेश कर सके और दूसरा द्वार निकासी के लिए बनाया जाए ताकि श्रद्धालुओं को आने जाने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो। पंडाल के समीप ठेला एवं दुकान ना लगाएं बल्कि उन्हें पंडाल से दूरी बनाकर दुकान को स्थापित कर सकें। इस मौके पर मुरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार आरपीएफ के अवर निरीक्षक पवन कुमार ,अशोक सिंह, विनोद साहू, पंचायत समिति सदस्य अरविंद कुमार, इंद्रसेन सिंह, गणेश महतो ,पूर्व पंचायत सदस्य बालिका देवी ,योगेंद्र कोइरी आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# झारखंड के जेलों में होगी 624 कक्षपालों की बहाली, सीधे इंटरव्यू से भरा जाएगा पद

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड के जेलों में कक्षपाल के 624 पदों पर नियुक्ति हो रही है। इन पदों को सीधे इंटरव्यू से भरा जाएगा। नियुक्ति अनुबंध के आधार पर एक साल के लिए होगी साथ ही आवश्यकतानुसार इसे बढ़ाया जाएगा। नियमित नियुक्ति होने पर अनुबंध पर रखे गए लोगों की सेवा खत्म खत्म कर दी जाएगी।नियुक्ति की प्रक्रिया राज्य के कारा निरीक्षणालय ने शुरू कर दी है।

**सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक होगा इंटरव्यू :** 12 अक्टूबर को राजधानी बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में इंटरव्यू का आयोजन किया जायेगा। इसी तरह 28 अक्टूबर को लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा हजारीबाग, दुमका के केंद्रीय कारा में 4 नवंबर और जमशेदपुर के केंद्रीय कारा में एक 11 नवंबर को साक्षात्कार लिया जायेगा। इस दौरान स्वास्थ्य एवं शारीरिक जांच परीक्षण विभाग की कमेटी करेगी। आवेदकों को जांच के वक्त सभी मूल प्रमाण पत्र लाने होंगे। इसके लिए किसी तरह का यात्रा भत्ता नहीं मिलेगा। विज्ञापन आवेदन प्रपत्र या घोषणा पत्र वेब होम डिपार्टमेंट के लिंक से डाउनलोड किया जा सकता है।

**प्रति माह 20 हजार वेतन :** नियुक्त लोगों को एकमुश्त 20 हजार रुपये प्रति महीने दिया जाएगा। एक साल के बाद इसमें आठ प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की जाएगी। राज्य स्तरीय इन पदों पर भूतपूर्व सैनिकों को रखा जाएगा। आवेदकों की उम्र एक जून 2022 को 55 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। नियुक्ति में कम उम्र वाले भूतपूर्व सैनिकों को प्राथमिकता दी जाएगी। नियुक्ति के बाद उन्हें कक्षपाल के काम का एक महीने प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद जरूरत के अनुसार केंद्रीय कारा या मंडल कारा और उप काराओं में पदस्थापित किया जा सकता है। बिना सूचना के ड्यूटी से गायब रहने पर प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा सकती है।

**ये है शर्तें :** अनुबंध पर नियुक्ति एक मुश्त वेतन के आधार पर की जाएगी। एक साल में केवल 20 दिनों की छुट्टी मिलेगी। अनुशासनहीनता, कर्तव्यहीनता और कदाचार की शिकायत मिलने पर बिना किसी सूचना के उन्हें हटा दिया जाएगा। जांच में पूरी तरह स्वास्थ्य पाए जाने पर ही उन्हें रखा जाएगा। इसके लिए भूतपूर्व सैनिकों को व्यक्तिगत रूप से अनुबंध पर हस्ताक्षर करना होगा। यह नियमित नियुक्ति नहीं है। झारखंड के निवासियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**आवेदन पत्र में यह जरूरी :** आवेदन पत्र के साथ इन कागजातों की स्व अभिप्रमाणित फोटो कॉपी देना होगा। इसमें डिस्चार्ज कार्ड, पहचान पत्र, शैक्षणिक योग्यता, जाति प्रमाण पत्र, स्वपता लिखा और 45 रुपये का डाक टिकट लगा लिफाफा देना होगा।

### आजसू पार्टी का प्रखंड स्तरीय महिला सम्मेलन संपन्न

सिल्ली। सिल्ली स्टेडियम परिसर स्थित किसान भवन में अखिल झारखंड महिला मोर्चा के प्रखंड स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया। इस दौरान परिसर में स्थापित स्व विनोद बिहारी महतो के आदम कद प्रतिमा पर सभी ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। झारखण्ड राज्य के अग्रणी आंदोलनकारी नेता स्वर्गीय बिनोद बिहारी महतो के जयंती के अवसर पर आयोजित इस सम्मेलन में संगठन की मजबूती तथा सदस्यता अभियान एवं जनसंग्रह-धनसंग्रह कार्यक्रम पर चर्चा की गई। इस दौरान महिला मोर्चा के भावी कार्यक्रमों की तैयारियों पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी ने किया। कार्यक्रम में पार्टी केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह, प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, उप प्रमुख आरती देवी आजसू नेत्री सबिता रानी, जिला सचिव चारूबाला देवी, प्रखंड महिला अध्यक्ष चंचला भोगता आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त किए।

## जगन्नाथपुर में चोरों का उत्पात, पांच दुकानों के ताले तोड़, उड़ा लिए कीमती सामान

रांची। रांची के जगन्नाथपुर इलाके में बीती रात चोरों ने जमकर उत्पात मचाया है। पंचमुखी मंदिर के पास स्थित पांच दुकानों में अज्ञात चोरों के द्वारा ताले तोड़कर कीमती सामान उड़ा लिए गए हैं। चोरों ने पंचमुखी मंदिर के पास स्थित जेनरल स्टोर, फूल दुकान,सैलून दुकान और दो श्रृंगार दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। सुबह हुई चोरी की जानकारी : स्थानीय लोगों को चोरी की वारदात की जानकारी शुक्रवार की सुबह हुई। पंचमुखी मंदिर के पुजारी जब मंदिर पहुंचे तब उन्होंने देखा कि आसपास के कई दुकानों के ताले टूटे पड़े हैं, जिसके बाद उन्होंने दुकानदारों को फोन कर मामले की जानकारी दी और पुलिस को भी फोन कर चोरी की घटना के बारे में बताया। जानकारी मिलने पर पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची और आसपास के लगे सीसीटीवी के आधार पर चोरों का सुराग हासिल करने की कोशिश कर रही है।

कैश और कीमती सामान गायब : चोरों ने बड़े ही आराम के साथ सभी दुकानों के ताले काटकर उसमें चोरी की वारदात को अंजाम दिया है. अधिकांश दुकानों से सिर्फ नगद ही गायब किए गए हैं. कुछ दुकानों से कीमती सामान भी गायब हुए हैं। मामले में सभी दुकानदारों के तरफ से जगन्नाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई जा रही है। जिन पांच दुकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है उसके आसपास नशा करने के कई सामान भी पुलिस ने बरामद किए हैं। पुलिस यह अनुमान लगा रही है कि नशा करने के बाद ही चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है।

जांच में जुटी : दूसरी तरफ पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज को पुलिस खंगाल रही है ताकि चोरों का सुराग हासिल हो सके।

## अहीर रेजिमेंट की मांग को लेकर संयुक्त अहीर रेजिमेंट मोर्चा द्वारा निकाला गया मशाल जुलूस



नवीन मेल संवाददाता

रांची। शुक्रवार को झारखण्ड की राजधानी रांची में जयपाल सिंह स्टेडियम से लेकर अल्बर्ट एक्का चौक तक संयुक्त अहीर रेजिमेंट मोर्चा के बैनर तले निकाला गया विशाल मशाल जुलूस मोर्चा के झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष निशांत यादव ने कहा की अहीर रेजिमेंट की मांग कोई नई मांग नहीं है। भारतीय सेना में अहीरों का योगदान महत्वपूर्ण रहा है जिसमें 1857 की क्रांति में राव तुलाराम का योगदान भारत चीन सीमा रेजांगला में 1962 की लड़ाई में 120 अहीर सैनिक ने जिस पराक्रम का परिचय देते हुए 1300 चीनी को मार भगाया इस युद्ध में 120 में से शहीद होने वाले 114 अहीर सैनिक थे जिन्होंने लद्दाख को चीन के कब्जे में जाने से बचाया ऐसे हीं भारत पाकिस्तान का युद्ध हो या भारत चीन का युद्ध सभी में यादव वीरों ने अपनी शौर्य का परिचय दिया है। उन्होंने या भी बताया की आज 23 सितंबर को 1857 के पहले शहीद राव तुलाराम जी की शहीदी दिवश भी है आज पूरे भारत में अहीर रेजिमेंट की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन और जुलूस निकाला जा रहा है अहीर रेजिमेंट की मांग को लेकर राजस्थान के खेड़की दौला में समाज के लोग 7 महीने से अनसन पर बैठे है । इस बार अगर हमारी मांग नही मानी गयी तो आगे पूरे देश में और भी उग्र प्रदर्शन किया जायेगा कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से मोर्चा के प्रधान महासचिव निशांत यादव सोनू, महासचिव वीरेंद्र गोप, उपाध्यक्ष गौतम यादव, सचिव सुरेंद्र यादव, रवि यादव, संतोष यादव, देवानंद गोप आदि शामिल थे।

### बीएयू वैज्ञानिकों ने मवेशियों के संतुलित आहार में हरा चारा शामिल करने की जरूरत बताई

रांची। बीएयू के निदेशालय अनुसंधान अधीन संचालित आईसीएआर-अखिल भारतीय समन्वित हरा चारा फसल परियोजना केंद्र द्वारा किसानों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जनजातीय उपयोजना अधीन इस कार्यक्रम में चान्हो प्रखंड के लुन्डरी गांव के 60 से अधिक आदिवासी किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में परियोजना प्रभारी डॉ। योगेन्द्र प्रसाद ने मवेशियों को स्वस्थ रखने, दुग्ध की गुणवत्ता एवं दुग्ध उत्पादन क्षमता में बढ़ोतरी में हरा चारा फसल का महत्त्व एवं उत्पादन तकनीक पर विस्तार से जानकारी दी। बताया कि हरे चारे में पशु स्वास्थ्य के लिए जरूरी विटामिन, प्रोटीन एवं खनिज लवण प्रचुर मात्रा में मौजूद होता है।

## खिलाड़ी खेल की भावना से खेलें : आशुतोष तिवारी



नवीन मेल संवाददाता

चान्हो। चान्हों के लुंडरी मैदान में विगत गुरुवार को संगम क्लब लुंडरी के तत्वावधान में पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन मुख्य पूर्वी जिला परिषद आशुतोष तिवारी व थाना प्रभारी रंजय कुमार ने किक मार कर किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन एवर ग्रीन मांडर मिशन बनाम के एफसी मांडर के बीच खेला गया। उद्घाटन के बाद खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्वी जिला परिषद आशुतोष तिवारी ने कहा कि खिलाड़ी खेल की भावना से खेलें। खेल में हार-जीत लगा रहता है हारने वाली टीम को हार का निराश नहीं होना चाहिए बल्कि उससे सीख लेना चाहिए हमारे क्षेत्र में प्रतिभा की कोई कमी नहीं हैऔर मैं हमेशा फुटबॉल और जर्सी के साथ खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने में हमेशा लगा रखता हूं।

मौके पर झारखंड किसान मजदूर महासंघ के महासचिव शिव उरांव मुखिया नीलम उरांव पंचायत समिति सदस्य आशा देवी डॉ अनिल साहू हैदर अंसारी विकाश साहू प्रदीप साहू बेसा उरांव राजेश उरांव सीटू प्रकाश उरांव तुलसी उरांव बिहारी साहू अशोक गोप हरेन साहू डहरू उरांव नईमुद्दीन अंसारी चुमनू उरांव फुलदेव उरांव सुलेमान अंसारी समेत खेल का आनंद ले रहे सैकड़ों लोग सम्मलित थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, राँची

### अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा आमंत्रण सूचना सं0 : NH/RANCHI/12 दिनांक : 23.09.2022

1. निविदाकर्त्ता का पदनाम : कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, राँची।
2. (क) परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय : 10.10.2022 के 1.00 बजे अपराहन् तक।
(ख) परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : कार्यपालक अभियंता, रा0उ0पथ प्रमंडल, राँची / अधीक्षण अभियंता रा0उ0पथ अंचल, राँची / मुख्य अभियंता, रा0उ0पथ उपभाग, झारखण्ड, राँची।
(ग) परिमाण विपत्र का मूल्य : कंडिका 4 के स्तम्भ 4 के अनुसार।
3. (क) निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 11.10.2022 के 3.00 बजे अपराहन तक।
(ख) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 11.10.2022 के 3.30 बजे अपराहन से।
(ग) निविदा प्राप्ति का स्थान : कंडिका 2 (ख) के अनुसार।
4. निविदाधीन कार्य (स्तम्भ 3 से 6 के अनुसार अंततः निविदा प्रपत्र के अनुरूप) का विवरण।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | कार्य की राशि (रू0 में ) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | यंत्र–संयत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Ordinary Repair of road and road safety work from Ch. 40.000 (Bero) to Ch. 130.000 (Tamar) of NH-143AG for the year 2022-23 | 36,74,317/- | 5000/- | 74,000/- | 45 Days | Hot mix plant, Road Roller, Paver, Truck/Tipper, Sprayer etc. |

5. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का देय मूल्य मान्य होगा।
6. परिमाण विपत्र के मूल्य का भुगतान NTRP Portal- https://bharatkosh.gov.in/MinistryInfo.aspx पर जिसमें Pay & Account Office Code : 034756- PAO(NH)- Kolkata and Drawing & Disbursing Office (DDO) Code : 202122-Regional Officer, Ministry of Road Transport Highways है, से Online होना है। Online भुगतान के पश्चात् उसके चालान की प्रति निविदा क्रय के समय लगाना अनिवार्य है।

PR 278527 Road(22-23)D

कार्यपालक अभियंता राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल राँची।


### राज्य के 525 प्लस टू स्कूलों को विज्ञान लैब की सौगात

रांची। राज्य के 525 प्लस टू सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थी भी अब निजी विद्यालयों की तरह आधुनिक तरीके से शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। स्कूलों में गणित और विज्ञान की प्रयोगशाला (लैब) का निर्माण कराया जाएगा। इससे बच्चे प्रयोगों के माध्यम से विज्ञान की जटिलताओं को आसानी से समझ सकेंगे। झारखंड राज्य शिक्षा परियोजना परिषद (जेसीईआरटी) की ओर से इसकी पहली की गयी है। ज्ञानोदय योजना के तहत विज्ञान की प्रयोगशाला का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए सभी जिलों के डीईओ, डीएसई और समग्र शिक्षा अभियान कार्यालय को निर्देशित किया गया है। उन्हें कहा गया है कि वे अपने जिले में प्रयोगशाला के लिए चयनित स्कूलों में एक कमरा तैयार कराएं। राजधानी रांची में 29 स्कूलों का चयन प्रयोगशाला स्थापित करने के लिए किया गया है।

पत्रकारों को बीमा सुविधा देने के लिए मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार

## आवास, पत्रकार सुरक्षा कानून समेत सात सूत्री मांगों को लेकर सीएम को सौंपा ज्ञापन



नवीन मेल संवाददाता

रांची। ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन (एआइएसएम जेडब्लूए) द्वारा मुख्यमंत्री को पत्रकार बीमा योजना के विधानसभा में पारित होने पर आभार पत्र सौंपा गया। आभार पत्र के साथ ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रतीक चिन्ह भी दिया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव शैलेंद्र जयसवाल बंटी ने बताया कि शुक्रवार को एसोसिएशन द्वारा मुख्यमंत्री को बीमा योजना के लिए आभार प्रकट किया गया है। उन्होने बताया कि एआइएसएम जेडब्लूए के विभिन्न जिलों से आए 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल द्वारा प्रदेश प्रभारी प्रीतम भाटिया और प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र ज्योतिषी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को सात सूत्री मांग पत्र सौंपा गया है। मांग पत्र में राज्य में पत्रकार सुरक्षा कानून, पेंशन,आवास,एक्रीडिटेशन,सभी जिलों में प्रेस क्लब का निर्माण,टोलब्रिज से पत्रकारों के वाहनों को निःशुल्क प्रवेश और कोरोनाकाल में 70 पत्रकार साथियों के आश्रितों को 10 लाख मुआवजा एवं सरकारी नौकरी की मांग की गई है। मुख्यमंत्री का आभार प्रकट करते हुए एसोसिएशन के बिहार, झारखंड और बंगाल प्रभारी प्रीतम भाटिया ने मुख्यमंत्री से कहा कि जिस तरह से राज्य में पत्रकारों को पहली बार बीमा मिला और मीडिया संवाद की शुरूआत हुई थी। उसी तरह दूसरी बार भी बीमा की शुरूआत हुई है तो मीडिया संवाद की शुरूआत भी होनी चाहिए। जिस पर मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि जल्द ही इस पर निर्णय लेंगे। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र ज्योतिषी ने कहा कि जिस तरह से एसोसिएशन दिन-रात पत्रकारों के हक की लड़ाई लड़ रहा है और उसी तरह आने वाले दिनों में हम केंद्रीय मंत्रियों से भी मिलकर पत्रकारों के हित की मांग रखेंगे।

दलालों के खिलाफ चलेगा आंदोलन, नामकुम बाजार में दो गुटों में जमकर तीन घंटों तक मचा बवाल

## भू-माफिओं ने दर्जनों बाउंसर व बाहरी के साथ जमीन पर करा रहें थे जबरन काम



नवीन मेल संवाददाता

नामकुम। जमीन विवाद दो गुटों में नामकुम बाजार के रांची-टाटा मुख्य मार्ग पर करीब तीन घंटे ड्राम चलता रहा। दूसरे पक्षों ने भू-माफिओं विजय कांत कच्छप ने अपने साथ दर्जनों की संख्या में बाउंसर व बाहरी लोगों के मिलकर उक्त स्व मारसल मुण्डा, पिता-स्व. मनसीद मुण्डा, मौजा-बरगांवा में खाता नं 87, प्लाट सं0 529, रकवा 1.09 जबरन बाउंडरी कर अंदर काम करा रहें थे। उक्त जमीन को स्व मारसल मुण्डा को सरकार के द्वारा बदोबस्त किया गया था। यह खरीद-बिक्री नहीं की जा सकती है। भू-माफियाओं द्वारा जबरन कब्जा कर काम किया जा रहा है। पिछले दोनों पक्षों में तीन दिनों से हर रोज नोक-झोक के बावजूद काम कर रहें थे। इसी दौरान शुक्रवार को सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लाठी-ठंडा, हॉकी स्टीक लेकर पहुंचे थे। इस दौरान कई बात-बात उलझे लेकिन कई बार हाथापाई की गई। लेकिन भू-माफिया अपनी काम कर रहें थे। इसी क्रम में जमीन पर काम ना रूकता देख बेकाबू हो गए। बल प्रयोग के दौरान लाल मिर्च पाउडर का प्रयोग किया गया। काफी देरी के बात मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी मशकत के बाद मामला को शांत करा थाने ले आई।

### पंचायत समिति सदस्य सुषमा हेम्ब्रम

पंचायत समिति सदस्य सुषमा हेम्ब्रम ने बताया कि उर्सिला होरो की पति को देहांत के बाद स्थानीय जमीन दलाल ने उंचे दामों पर बेच दिया है। इस मामले में प्रसशन और अंचल कार्यालय भी शामिल है। 70 वर्षीय उर्सिला होरो महिला वर्तमान में रहने को घर नही है कभी भी गिर सकता है। उक्त जमीन को लेकर पति जोहन होरो और उर्सिला होरो न्याय के लिए न्यायलय का चक्कर काटती रही अतं में जोहन होरों की मृत्यु के बाद जमीन दलाल ने जमीन को कब्जे में लेकर घेरा बन्दी कर रही है। विरोध प्रदर्शन के बाद भी प्रसाशन दलालों को सहयोग कर रहा है। उन्होंने कहा कि अगर प्रशासन उक्त जमीन पर काम नहीं रूकता है तो पुरा गांव एकजुट होकर दलालों के खिलाफ आंदोलन करेगा।

### फाइनल मैच में सलागाई की टीम ने दर्जिजाड़ी टीम को हराकर विजेता बनी

चान्हो। प्रखंड के नौदी खेल मैदान में पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच सिलागाई व दर्जिजाड़ी की टीम के बीच खेला गया, जिसमें सिलागाई की टीम जीत हासिल कर विजेता बनी. युवा विकास क्लब नौदी की ओर से आयोजित इस टूर्नामेंट में कुल 32 टीमों ने हिस्सा लिया जहां शुक्रवार को इस फाइनल मैच सह पुरस्कार वितरण समारोह में उपस्थित चान्हो के जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने विजेता व उप विजेता टीमो को खस्सी व शील्ड देकर समानित किया और कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कमी नही है बस तलाशने की जरूरत है और ऐसे ही आयोजन से ग्रामीण प्रतिभा उभर कर गाँव से देश तक पंहुच सकती है. मौके पर समिति के अध्यक्ष सजाद अंसारी, छात्र नेता प्रो अनिल साहू, शशि उराव, नीरज सिंह, खुर्सीद अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे.


## झारखंड सरकार
## वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग
## कार्यालयः- वन प्रमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा वन प्रमंडल, सिमडेगा

### निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन प्रमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा वन प्रमंडल, सिमडेगा के अन्तर्गत अंतिम रूप से अधिहरित वाहनों जिसमें आज तक किसी न्यायालय में अपील की सूचना नहीं है, को जहाँ है जिस स्थिति में हैं, के आधार पर बिक्री हेतु मुहर बन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक–01.10.2022 से 12.10.2022 को 2:00 बजे अपराह्न तक कार्यालय अवधि में प्रमंडलीय कार्यालय से प्राप्त की जाएगी। निविदा प्रपत्र दिनांक–12.10.2022 को 3:30 बजे तक वन प्रमंडल पदाधिकारी के कार्यालय में जमा की जाएगी। निविदादाता या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष 4:00 बजे अपराह्न में खोली जाएगी। प्रत्येक निविदा अर्पित करने वाले निविदादाता GST (वस्तु बिक्री कर) से निबंधित होना चाहिए। किसी भी वाहन के लिए अर्पित उच्चतम मूल्य / उच्चतम निविदा की राशि स्वीकार करने के लिए अद्योहस्ताक्षरी बाध्य नहीं है और उसे बिना कोई कारण बताए बिक्री से वापस लेना या रद्द करने के लिए सक्षम होंगे।
विस्तृत जानकारी हेतु अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्यावधि दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

**बिक्री हेतु अधिहरित वाहनों की सूची :–**

| क्र0 सं0 | वाहन का प्रकार | वाहन का निबंधन सं0 | स्थान / थाना परिसर / प्रक्षेत्र जहाँ वाहन रखा गया है | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | टेम्पू डाला | JH20B-4246 | सिमडेगा वन क्षेत्र परिसर | |
| 2 | पिकअप भैन | JH01CU-1305 | सिमडेगा वन क्षेत्र परिसर | |
| 3 | ट्रक TATA 407 | चेचिस नं0–357010811627<br>ईंजन नं0–BP253418173703SII3PN | बानो थाना परिसर | |
| 4 | ट्रक | ORG/5963 | सिमडेगा वन क्षेत्र परिसर | |
| 5 | पिकअप भैन | JH20B-3529 | सिमडेगा वन क्षेत्र परिसर | |
| 6 | ट्रैक्टर डाला | बिना निबंधन | बानो वन क्षेत्र परिसर | |
| 7 | ट्रैक्टर डाला | Mahindra K5250<br>Engine No.-1121776R | कोलेबिरा वन क्षेत्र परिसर | |
| 8 | ट्रैक्टर डाला | JH20B-1230<br>JH20B-1231 | कुरडेग वन क्षेत्र परिसर | |
| 9 | ट्रैक्टर | JH07B/4537<br>बिना नम्बर का ट्रॉली | सिमडेगा वन क्षेत्र परिसर | |

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
सिमडेगा वन प्रमंडल, सिमडेगा।

PR.NO.278461 Forest, Environment and Climate Changes(22-23):D

रांची
शनिवार
24.09.2022
आश्विन कृष्ण पक्ष 14
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-23 अंक-231 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**

अगर रास्ता खूबसूरत हो तो पता करें किस मंजिल को जाता है, लेकिन अगर मंजिल खूबसूरत हो तो रास्ते की परवाह ना करें।

## राज्य के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को किया जायेगा सुसज्जित : हेमंत सोरेन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका चयन एवं मानदेय नियमावली-2022 की स्वीकृति मिलने की खुशी में शुक्रवार को रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया गया। मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय परिसर में बड़ी सख्या में सेविका-सहायिकाएं पहुंची और सरकार के निर्णय पर हर्ष जताते हुए मुख्यमंत्री के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को सुसज्जित किया जायेगा। यहां बिजली-पानी और शौचालय समेत सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि आपके सुरक्षित भविष्य के लिए मानदेय एवं सुविधाओं को लेकर सरकार आगे भी ठोस निर्णय लेती रहेगी। इतना ही नहीं संसाधन जुटाये जा रहे हैं ताकि आपको बोनस दिया जा सके। इस अवसर पर सेविका-सहायिकाओं ने राज्य सरकार द्वारा चयन एवं मानदेय (अन्य शर्तों सहित) नियमावली-2022 को मंजूरी देने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति जताया जताते हुए स्वागत और अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चाहे कोई दैनिक कर्मी हो या अनुबंध कर्मी या स्थायी कर्मी, जो भी सरकार को अपनी सेवा दे रहे हैं, उन सभी की समस्याओं की चिंता सरकार को है। हम प्रयास कर रहे हैं कि आपकी समस्याओं का समाधान हो। इसी कड़ी में अब तक सरकार ने कई निर्णय भी लिये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब से हमारी सरकार आयी है, सड़कों पर आपको आंदोलन या धरना-प्रदर्शन करने की जरूरत नहीं पड़ रही है। क्योंकि, हम आपकी मांगों को पूरी संवेदना और प्रतिबद्धता के साथ पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

### धन्यवाद समारोह में सीएम बोले- पुरानी पेंशन योजना सरकारी कर्मियों के लिए बुढ़ापे की लाठी के समान

**रांची।** सरकारी कर्मियों के लिए रिटायरमेंट के बाद पेंशन सबसे बड़ा सहारा होता है। यह उनके बुढ़ापे की लाठी होती है। ऐसे में वे पूरे मान-सम्मान के साथ जीवन यापन कर सकें। इस बाबत हमने राज्य सरकार के कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड विधानसभा परिसर में झारखंड सचिवालय सेवा संघ एवं झारखंड विधानसभा सचिवालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ये बातें कही। उन्होंने यह भी कहा कि हमारी सरकार द्वारा यह निर्णय लिये जाने के बाद अन्य राज्यों में भी सरकारी



कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना को फिर से लागू करने की मांग उठा रहे हैं। इस अवसर पर राज्य सरकार के कर्मियों ने यह अहम फैसला लेने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार जताते हुए उनका जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में संसाधनों की कमी नहीं है। यहां के लोग भी मेहनतकश हैं। फिर भी उनको उनका उचित हक और अधिकार नहीं मिलता है। यहां के संसाधनों का इस्तेमाल दूसरे राज्यों में हो रहा है। लेकिन, हमारी सरकार अब इसे लेकर काफी गंभीर है। यहां के संसाधनों पर आदिवासियों और मूलवासियों का हक है और उन्हें हम यह देने का सिलसिला शुरू कर चुके हैं, जो अनवरत जारी रहेगा जब तक कि झारखंड को हम विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा नहीं कर देते हैं।

## राज्यपाल ने राज्यस्तरीय प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान का किया शुभारंभ

### आम लोगों की सहभागिता और जागरूकता पर दिया बल

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस ने टीबी रोगियों के बीच निक्षय आहार का वितरण कर शुक्रवार को रांची में राज्यस्तरीय प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सदस्य महुआ माजी, विभागीय अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह और अभियान निदेशक भुवनेश समेत कई लोग उपस्थित थे। इस दौरान राज्यपाल ने टीबी उन्मूलन के लिए आम लोगों की सहभागिता और जागरूकता पर बल दिया।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीबी को साल 2025 तक खत्म करने का लक्ष्य निर्धारित किया है जिसे सामूहिकता की ताकत से हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि टीबी बैक्टीरिया से फैलता है और नियमित उपचार तथा दावा खाकर मरीज इससे मुक्त हो सकता है। राज्यपाल ने शैक्षणिक संस्थाओं और बुद्धिजीवियों से समाज में टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहयोग की अपील की। साथ ही निजी क्लीनिक चलानेवाले चिकित्सकों से भी टीबी उन्मूलन में सहयोग का आह्वान किया। श्री बैस ने जोर देकर कहा कि आम लोगों की सहभागिता और जागरूकता से टीबी हारेगा और देश जीतेगा। इस दौरान राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स की चर्चा करते हुए उन्होंने इसके कामकाज को असंतोषजनक बताते हुए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को इस ओर ध्यान देने का आग्रह किया। साथ ही राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को नाकाफी बताया। मौके पर अपने संबोधन में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने भरोसा जताया कि राज्यपाल के नेतृत्व में झारखंड टीबी को हराने में सफल होगा।

## डॉ. राजीव बने आईसीएमआर के नये महानिदेशक

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** डॉ. राजीव बहल को भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) का नया महानिदेशक और स्वास्थ्य अनुसंधान का सचिव नियुक्त किया गया है, जो डॉ. बलराम भार्गव की जगह लेंगे। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने शुक्रवार को बहल के नाम को अपनी मंजूरी दे दी, जो वर्तमान में विश्व स्वास्थ्य संगठन में मातृ नवजात शिशु और किशोर स्वास्थ्य में मातृ, नवजात शिशु और किशोर स्वास्थ्य सह-नवजात इकाई प्रमुख हैं। 2003 में डब्ल्यूएचओ में शामिल होने से पहले, बहल अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में 10 वर्षों तक वरिष्ठ वैज्ञानिक थे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि वह पद्भार ग्रहण करने की तारीख से या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, तीन साल की अवधि के लिए इस पद पर रहेंगे।

## डॉ. एम श्रीनिवास होंगे दिल्ली एम्स के नये डायरेक्टर

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली एम्स के डायरेक्टर डॉ. रणदीप गुलेरिया की जगह अब नये डायरेक्टर डॉ. एम श्रीनिवास होंगे। बता दें कि डॉक्टर गुलेरिया का कार्यकाल 24 मार्च को समाप्त होनेवाला था, लेकिन उनके कार्यकाल को 24 जून 2022 तक तीन महीने के लिए बढ़ा दिया गया था। डॉ. रणदीप गुलेरिया ने 28 मार्च 2017 को दिल्ली एम्स के डायरेक्टर के रूप में कार्यभार संभाला था। वहीं, अब डॉ. एम श्रीनिवास एम्स दिल्ली के नये डायरेक्टर होंगे। श्रीनिवास अभी एसिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल हैदराबाद के डीन थे। एम्स के नये डायरेक्टर के नाम पर अंतिम निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने किया। डॉ. गुलेरिया डायरेक्टर बनने से पहले एम्स में फेफड़े से संबंधित रोगों के एचओडी रह चुके हैं। उन्होंने खुद पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी और पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज का इलाज भी किया है।

## मुख्यमंत्री से दुर्गा पूजा-2022 को लेकर पूजा समितियों के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से दुर्गा पूजा- 2022 को लेकर शुक्रवार को रांची जिला श्री दुर्गा पूजा समिति, महानगर दुर्गा पूजा समिति, दुर्गा पूजा महासमिति, युवा दस्ता और रांची ग्रामीण श्री दुर्गा पूजा समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि दो वर्षों बाद इस बार पूरे उल्लास, उमंग और धूमधाम के साथ दुर्गा पूजा का त्योहार मनाये जाने की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। बड़े, भव्य और आकर्षक पूजा पंडाल बनाये जा रहे हैं। हर व्यक्ति और हर तबका इन त्योहारों का पूरा आनंद ले, शांति एवं सद्भाव का माहौल बना रहे और पर्व का समापन अच्छे



से हो जाये इसे लेकर सरकार की ओर से आपको सभी व्यवस्थाएं दी जायेंगी। सुरक्षा के साथ बिजली-पानी-साफ-सफाई को लेकर प्रशासन को आवश्यक निर्देश दे दिये गये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूं तो हर वर्ष दुर्गा पूजा में प्रशासन को विभिन्न पूजा समितियों का पूरा सहयोग मिलता रहा है। इस वर्ष भी आप सभी से इसी तरह की सहयोग की उम्मीद है। आपके सहयोग से निश्चित तौर पर इस बार का दुर्गा पूजा का त्योहार एक अलग मिसाल पेश करेगा।

### पर्यावरण मंत्रियों के सम्मेलन में बोले पीएम मोदी -

## भारत दुनिया को दे रहा नेतृत्व, नयी सोच के साथ बढ़ रहा आगे

### पीएम मोदी ने कहा - भारत ने साल 2070 तक नेट जीरो का रखा टार्गेट

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के एकता नगर में राज्यों के पर्यावरण मंत्रियों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने पर्यावरण मंत्रियों के सम्मेलन को संबोधित भी किया। सम्मेलन में पीएम मोदी ने कहा कि मैं इस सम्मेलन में उपस्थित सभी राज्यों से पर्यावरण संरक्षण में सर्वोत्तम प्रथाओं को सीखने और पूरे भारत में सफल समाधान लागू करने का आग्रह करता हूं। एकता नगर में आयोजित हो रहे पर्यावरण मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हम ऐसे समय मिल रहे हैं, जब भारत अगले 25 साल के लिए नये लक्ष्य तय कर रहा है।



**पीएम** मोदी ने कहा कि अपने कमिटमेंट को पूरा करने के हमारे ट्रैक रिकॉर्ड के कारण ही दुनिया आज भारत के साथ जुड़ भी रही है। बीते वर्षों में गीर के शेरों, बाघों, हाथियों, एक सींग के गेंडों और तेंदुओं की संख्या में वृद्धि हुई है। कुछ दिन पहले मध्य प्रदेश में चीता की घर वापसी से एक नया उत्साह लौटा है। भारत ने साल 2070 तक नेट जीरो का टार्गेट रखा है। अब देश का फोकस ग्रीन ग्रोथ पर है, ग्रीन जॉब्स पर है और इन सभी लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए, हर राज्य के पर्यावरण मंत्रालय की भूमिका बहुत बड़ी है। पीएम ने कहा कि मैं सभी पर्यावरण मंत्रियों से आग्रह करूंगा कि राज्यों में सर्कुलर इकॉनॉमी को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा दें। इससे सोलिड वास्ट मैनेजमेंट और सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति के हमारे अभियान को भी ताकत मिलेगी।

पीएम मोदी ने कहा कि आज का नया भारत, नयी सोच, नयी अप्रोच के साथ आगे बढ़ रहा है। आज भारत तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्था भी है और निरंतर अपनी इकॉलोजी को भी मजबूत कर रहा है। हमारे फॉरेस्ट कवर में वृद्धि हुई है और झीलों का दायरा भी तेजी से बढ़ रहा है। भारत आज दुनिया को नेतृत्व दे रहा है। आगामी 25 साल देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। अपने कमिटमेंट को पूरा करने के हमारे ट्रैक रिकॉर्ड के कारण ही दुनिया आज भारत के साथ जुड़ भी रही है।

### आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आरक्षण मामला

## आरक्षण के बजाय छात्रवृत्ति व शुल्क रियायत का किया जा सकता है प्रावधान : सुप्रीम कोर्ट

- ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय की एक संविधान पीठ ने गुरुवार को पूछा कि क्या आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) की समस्याओं को आरक्षण के बजाय छात्रवृत्ति और शुल्क रियायत प्रदान करने जैसे सकारात्मक उपायों के माध्यम से संबोधित किया जा सकता है। एक याचिका पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित ने कहा कि आर्थिक पिछड़ापन अस्थायी है। मालूम हो कि सर्वोच्च न्यायालय में संविधान के 103वें संशोधन को चुनौती देनेवाली याचिका दाखिल की गयी थी। इस संशोधन

**▸▸ सामाजिक पिछड़ेपन को भी संविधान में नहीं किया गया है परिभाषित : तुषार**

के तहत ईडब्ल्यूएस श्रेणियों को 10 प्रतिशत आरक्षण कोटा प्रदान किया गया था। भारत के मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित ने पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ की अध्यक्षता करते हुए इस याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि पिछड़ापन एक ऐसी चीज है जो अस्थायी नहीं है, बल्कि कई पीढ़ियों और सदियों से चली आ रही है जबकि आर्थिक पिछड़ापन अस्थायी है। सीजेआई ईडब्ल्यूएस श्रेणी के कुछ छात्रों की ओर से पेश अधिवक्ता विभा मखीजा की दलीलों का जवाब दे रहे थे, जिन्होंने कहा कि आरक्षण प्रदान करने के लिए एक मानदंड के रूप में आर्थिक स्थिति की संवैधानिक ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## आपसी संघर्ष में मारा गया वांटेड उग्रवादी विकास लोहरा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड के तीन जिलों की पुलिस के लिए परेशानी का सबब बने जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के विकास उर्फ विकास लोहरा की हत्या कर दी गयी है। रांची के बुढ़मू थाना क्षेत्र के महुआ खुर्रा में विकास उर्फ विकास लोहरा की हत्या हुई है। पुलिस ने सर्च अभियान के दौरान विकास का शव बरामद कर लिया है।

### गोली मार कर की गयी हत्या

**रांची** के ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि जेजेएमपी संगठन का सक्रिय उग्रवादी विकास की हत्या की सूचना मिली है। उसके शव को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। विकास की हत्या गोली मारकर की गयी है। घने जंगलों से उसका शव बरामद किया गया है। रांची के वैसे ग्रामीण थाना क्षेत्र जहां से कोयले की ढुलाई होती है उन इलाकों में दोनों संगठन अपने वर्चस्व की लड़ाई लड़ रहे हैं।

### सीमांचल के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे अमित शाह, पूर्णिया में कहा -

## कभी पीएम नहीं बन पायेंगे नीतीश कुमार

**पूर्णिया (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि बिहार में लालू प्रसाद और नीतीश कुमार की जोड़ी भले ही आ गयी हो, लेकिन डरने की जरूरत नहीं है, ऊपर मोदी सरकार है। उन्होंने कहा कि नीतीश प्रधानमंत्री बनने की लालसा में

**▸▸ लालू-नीतीश पर बरसे अमित शाह, सीमांचल से महागठबंधन सरकार पर भी साधा निशाना**

लालू की गोद में जाकर बैठ गये हैं। पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में एक जनसभा को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि बिहार की धरती परिवर्तन की धरती रही है और इस कड़ी धूप में यह भीड़ लालू-नीतीश सरकार को चेतावनी का सिगनल है।



उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राजद नेता लालू प्रसाद को घेरते हुए कहा कि भाजपा को धोखा देकर स्वार्थ के लिए लालू की गोद में नीतीश बैठ गये। उन्होंने कहा कि मेरे दौरे से लालू यादव और नीतीश कुमार के पेट में दर्द हो रहा है। उन्होंने कहा कि वे कह रहे है कि मैं यहां झगड़ा कराने आया हूं। मैं यहां किसी से झगड़ा कराने नहीं आया हूं। लालू जी आप तो खुद काफी हैं झगड़ा लगाने के लिए। उन्होंने कहा कि मोदी जी के राज में किसी को डरने की जरूरत नहीं है। बिहार के मुख्यमंत्री पर सत्ता और स्वार्थ की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए अमित शाह ने कहा कि नीतीश कुमार ने सबके साथ धोखा किया। उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठित समाजवादी जॉर्ज फर्नांडिस के साथ धोखा दिया। जॉर्ज का स्वास्थ्य खराब होते ही उन्हें हटाकर समता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गये, उसके बाद लालू प्रसाद के साथ कपट किया। अमित शाह ने लालू यादव को सजग करते हुए कहा कि आप ध्यान रखियेगा, नीतीश कुमार कल आपको छोड़कर कांग्रेस की गोदी में बैठ जायेंगे। उन्होंने नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के मामले ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## सड़क हादसों में जांच के संबंध में नये नियम ला रही केंद्र सरकार

- आरएनएम

**नयी दिल्ली।** सड़क व परिवहन मंत्रालय सड़क हादसों की जांच के संबंध में जल्द ही नये नियम ला रही है। इन नियमों के लिए केंद्र सरकार केंद्रीय मोटर वाहन अधिनियम (सीएमवीआर) में संशोधन करने जा रही है। इस नियम के लागू होने के बाद आम जनता को पास सड़क पर होनेवाले हादसों के मामलों में वक्त पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराये जाने और उन्हें पुलिस द्वारा तय प्रावधानों के तहत सभी जानकारियां पाने का अधिकार मिल सकेगा। यह अधिकार आम जनता को हादसों के बाद मिलने वाली सहायता राशि या मुआवजा आदि प्राप्त करने में मददगार साबित होंगे। नये नियमों को केंद्रीय मोटर यान संशोधन अधिनियम




कहा जायेगा। प्रावधानों में मंत्रालय ने मुआवजे की राशि के प्रावधानों को भी स्पष्ट कर दिया है जोकि दो लाख से कम या उसके बराबर होगा। यह धन राशि एक ही किस्त में जारी की जायेगी। इसके अतिरिक्त कोई गंभीर रूप से घायल होता है, तो यह धनराशि दो लाख के मुआवजा राशि के एक तिहाई से कम नहीं होगी। इन्हीं प्रावधानों में मंत्रालय ने मोटर जांच के लिए प्रयोग किये जानेवाले नियम भी तय कर दिये हैं ताकि आम जनता को जल्द से जल्द तय प्रक्रिया के तहत राहत दिलायी जा सके। प्रावधानों में बताया गया है कि संबंधित जांच अधिकारी दुर्घटना स्थल की जांच करेंगे और उसी आधार पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेंगे। इसमें सड़क की स्थिति से लेकर पीड़ित तक की स्थिति का ब्योरा होगा और घटनास्थल पर मौजूद लोगों से भी इस बाबत जानकारियां ली जायेंगी। वहीं, नाबालिग बच्चों की दुर्घटना के मामले में भी 60 दिन में विस्तृत रिपोर्ट तैयार करनी होगी और रिपोर्ट बाल कल्याण समिति को भी भेजी जायेगी। इन मामलों में मंत्रालय ने आम जनता व संबंधित लोगों से तीस दिन के अंदर उनकी आपत्तियां मांगी हैं। इसके बाद अधिसूचना जारी होने पर नये प्रावधान लागू होंगे। प्रावधानों के तहत ऐसे मामलों के लिए सभी एजंसियों को मिलकर एक विशेष टीम इन मामलों पर काम करेगी और विभागों के प्रतिनिधि रिपोर्ट को सत्यापित करेंगे। इसके लिए हर हादसे का एक यूनिक पहचान नंबर होगा, जिसकी मदद से तेजी से कार्रवाई की जा सकेगी। देश के हर जिले का दंडाधिकारी को यह रिपोर्ट जायेगी। ज्ञात हो कि हाल ही में टाटा संस के पूर्व प्रमुख सायरस मिस्त्री की एक कार दुर्घटना में मौत हुई थी, जिसके बाद तमाम तकनीकी व अन्य प्रावधानों को लेकर सवाल खड़े हुए ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### ऐसे बीस अधिकार की व्याख्या करता है नया प्रावधान

- ▸▸ पुलिस अधिकारी को देनी होगी दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को चिकित्सा सुविधा व उपचार।
- ▸▸ एफआईआर की प्रतिलिपि का अधिकार।
- ▸▸ बीमा प्रपत्र प्रतिलिपि का अधिकार।
- ▸▸ एमएलसी और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का अधिकार।
- ▸▸ दिल्ली राज्य विविध सेवा प्राधिकरण से मुफ्त कानूनी सहायता का अधिकार।
- ▸▸ व्यक्तिगत रूप से या वकील के माध्यम से दावे का अधिकार।
- ▸▸ नाबालिगों को बाल कल्याण समिति को भेजा जायेगा।

## चुनाव आयोग का ऑफिस ऑफ प्रॉफिट से जुड़े मामले की कॉपी देने से इंकार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** चुनाव आयोग ने ऑफिस ऑफ प्रॉफिट से जुड़े मामले की कॉपी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के वकील को देने से इनकार कर दिया है। दरअसल, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के वकील वैभव तोमर ने एक सितम्बर और 15 सितम्बर को चुनाव आयोग को पत्र भेजा था जिसमें उन्होंने सीएम से जुड़े ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में आयोग द्वारा राजभवन को भेजे गये मंतव्य की कॉपी मांगी थी। उसी पत्र का जवाब देते हुए




आयोग ने स्पष्ट किया है कि संविधान की धारा 192 (2) के तहत यह दो संवैधानिक अथॉरिटी के बीच का मामला है। इसलिए इस मसले पर राजभवन का आदेश आने से पहले आयोग द्वारा राजभवन को भेजी गयी अपने मंतव्य की कॉपी देना संविधान का उल्लंघन कहलायेगा। आयोग ने इसके लिये एक उदाहरण भी दिया है। डीडी थाइसी बनाम इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट में पिटीशनर ने चुनाव आयोग द्वारा मणिपुर के गवर्नर को भेजे गये मंतव्य की कॉपी मुहैया कराने की मांग की थी। इस पर आयोग ने दलील दी थी कि दो संवैधानिक ऑथरिटी के बीच हुए कम्युनिकेशन का खुलासा करना संवैधानिक रूप से सही नहीं होगा।

# न्यूज गैलरी

## बेड़ो प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष बने प्रो करमा उरांव



**बेड़ो।** झारखंड कांग्रेस सेंट्रल कमिटी के द्वारा प्रो करमा उरांव को बेड़ो प्रखंड कांग्रेस कमिटी का अध्यक्ष बनाया गया है। प्रो. करमा प्रखंड अध्यक्ष को अध्यक्ष बनाये जाने पर विधायक प्रखंड उपप्रमुख जिला परिषद सदस्य सहित कई लोगों ने बधाई दी है। इधर प्रो. करमा ने प्रखंड अध्यक्ष पद के जिम्मेवारी देने के लिए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष व विधायक के प्रति अभार व्यक्त किया है। तथा पार्टी हित में निष्ठा पुर्वक कार्य करने की बात कही।

## कैंप के माध्यम से 58 लोगों का निर्गत हुआ लर्निंग लाइसेंस



**जलडेगा।** परिवहन विभाग के निर्देश पर जिला परिवहन विभाग के द्वारा जलडेगा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में लर्निंग लाइसेंस हेतु कैंप का आयोजन किया गया। कैंप के माध्यम से कुल 58 लोगों का लर्निंग लाइसेंस निर्गत किया गया। मौके पर उपस्थित परिवहन विभाग के प्रधान लिपिक रामनिवास मिश्रा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का आसानी से ड्राइविंग लाइसेंस बन सके इसी उद्देश्य से इस कैंप का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में कैंप के माध्यम से ही सभी का ड्राइविंग टेस्ट भी लिया जाएगा जिसके बाद सभी को परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस निर्गत कर दिया जाएगा।वहीं जानकारी देते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी ओम प्रकाश यादव ने बताया कि वाहन जांच के दौरान अधिकांशतः देखा जाता है कि लोगों के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं होता है। जिसकी वजह से उन्हें ?5000 का जुमार्ना भरना पड़ता है। लोगों का आसानी से ड्राइविंग लाइसेंस बन सके इसी उद्देश्य से प्रत्येक प्रखंडों का शिविर का आयोजन किया जा रहा है उन्होंने आम लोगों से इस शिविर का लाभ उठाते हुए अपना अपना ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने का आग्रह किया है। वहीं कैंप में आए हुए लोगों को सर्वप्रथम सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारियां दी गई ।कैम्प में जिला परिवहन विभाग के कार्तिक कुमार,बर्नाबस सुरीन एवं प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

## राजस्थानी मंदिर का प्रारुप में बनाया जायेगा रामनगर पूजा पंडाल

**सिमडेगा।** 26 सितंबर को कलश स्थापना के साथ मां दुर्गे की अराधना शुरू होगी दुर्गा पूजा को लेकर मां के भक्तों में उत्साह चरम पर हैं ।शहर के रामनगर स्थित दुर्गा पूजा पंडाल निर्माण एवं मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर तैयारी जारी है कोविड के बाद दुर्गा पूजा होने के कारण कमेटी के लोगों में भी उत्साह है समिति द्वारा मुर्तिकार से लेकर लाईट , पंडाल आदि की बुकिंग कर ली गई है । रामनगर दुर्गा पूजा जिले में समाजिक सदभावना का मिशाल पेश करता है । यहां के कमेटी में न सिर्फ हिंदू समुदाय के लोग शामिल है । जबकि मुस्लिम समुदाय के लोग भी शामिल हैं । समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार झा ने बताया कि इस वर्ष यहां राजस्थानी मंदिर का प्रारुप बनाया जाएगा । उन्होंने बताया कि इस बार मां दुर्गा की प्रतिमा 12 फीट की बनाई जाएगी । साथ ही फुलों एवं रंग बिरंगी लाईटों से पंडाल को सजाया जाएगा । पंडाल का निर्माण 28 गुणा 30 फीट का बनाया जाएगा । जो 10 दिन में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है । पंडाल के माध्यम से लोगों को समाजिक सदभावना एवं समरसता का संदेश दिया जाएगा । पंडाल में सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा । इसके अलावे प्रशासन द्वारा पुलिस जवानों की भी प्रतिनियुक्ति की जाएगी।

## बेड़ो के नरकोपी में समाज के सुधार के लिए कमेटी का गठन

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के नरकोपी बजारटांड़ में शुक्रवार को क्षेत्र के मुस्लिम समाज की बैठक किया गया। बैठक में मुस्लिम समाज में फैले बुराई के सुधार पर चर्चा किया गया। समाज में सुधार के लिए कमेटी का गठन किया गया। गठित कमेटी में सदर मो. शमसुद्दीन अंसारी, सचिव मो. फरीद अंसारी, उपसदर मो. असलम अंसारी व कोषाध्यक्ष मो. जमीरूद्दीन अंसारी को बनाया गया। वहीं रहनुम्मा अंसारी, मौलाना मो. इकबाल, हाजी रेयासुद्दीन, व मुशताक आलम को संरक्षक बनाया गया। कमेटी का गठन ग्रामीणों के सहयोग से क्षेत्र में नौजवानों में फैल रहे नशा व जुआ सहित अन्य बुराई को दुर करने का प्रयास करेगी। वहीं सरकार के सहयोग से समाज में शिक्षा, रोजगार व गरीबी उत्थान के लिए काम करेगी।

## नगर परिषद द्वारा स्वच्छ अमृत महोत्सव के साथ केलाघाघ पर्यटन में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**सिमडेगा।** स्वच्छ अमृत महोत्सव के तहत केलाघाग पर्यटन स्थल मे अनुमंडल पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी सिमडेगा की अगुवाई में स्वच्छता अभियान एवं पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजन किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी और नगर परिषद अध्यक्ष ने झाड़ू लगाकर सिमडेगा के सभी पर्यटन स्थलों को साफ सुथरा एवं प्लास्टिक मुक्त करने का संदेश दिया । अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र कुमार ने कहा कि सिमडेगा शहर को साफ सुथरा बनाने के लिए लगातार अलग-अलग प्रकार के अभियान चलाकर कार्य किया जा रहा है ताकि शहर का वातावरण साफ हो सके। उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थल केलाघाघ डैम के किनारे साफ सफाई करने का उद्देश्य है कि यहां पर आने वाले सभी पर्यटकों को यहां पर किसी प्रकार की परेशानी ना हो। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि सभी क्षेत्र पूरी तरह से साफ है जिससे कि आने वाले दिनों में सिमडेगा का नाम सुंदर एवं शहरों की गिनती में अव्वल दर्जा प्राप्त हो ।स्वच्छता पखवाड़ा 2 अक्टूबर तक शहर में चलाया जाएगा जहां पर शहर को साफ प्लास्टिक मुक्त रखने का संकल्प लिया जाएगा तथा प्रत्येक दिन स्वच्छता संबंधित कार्यक्रम से लोगों को जागरूक किया जाएगा मौके पर विकास प्रखंड पदाधिकारी, सिमडेगा जिला खेल पदाधिकारी, वार्ड पार्षद एवं नगर परिषद के पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

### स्थानीय नीति व ओबीसी को 28% आरक्षण देने पर निकला आभार यात्रा

# चुनावी वादे को पूरा कर रही सरकार : सफीक

नवीन मेल संवाददाता

**कुरडेग।** झारखंड सरकार के पिछले कैबिनेट में हुए बैठक के दौरान 1932 खतियान के आधार पर स्थानीय नीति हेतु स्वीकृति तथा ओबीसी को 27% आरक्षण एवं 12% अनुसूचित जाति को आरक्षण की खुशी में झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से सरकार के प्रति आभार यात्रा निकाली गई। आभार यात्रा बस स्टैंड से माईकल किंडो चौक तक गई जहां पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने सरकार के प्रति जमकर नारेबाजी की एवं खुशी व्यक्त किया। झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला संयोजक मंडली सदस्य सफीक खान ने कहा कि वर्तमान सरकार जो अपने चुनावी वादे में जो बात कही थी उसे धीरे धीरे कर सभी को पूरा कर रही है और यह सरकार पर लोगों का विश्वास बढ़ा है आज झारखंड बनने के बाद से लेकर अब तक पूर्व की भाजपा सरकार ने जो कार्य नहीं किया है वह कार्य को वर्तमान सरकार कर रही है और ऐसे में सरकार के प्रति लोगों का जो विश्वास बढ़ा है आने वाले 2024 के चुनाव में सभी क्षेत्रों में प्रचंड बहुमत के साथ एक बार फिर से लोग हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री बनाना चाहेंगे । आभार यात्रा में झारखंड मुक्ति मोर्चा सिमडेगा सयोंजक मंडली अनिल तिर्की, ओस्कर डांग,एवं जिला से अन्य सहयोगी नोवास केरकेट्टा, कल्याण मिंज,विपिन कुल्लू, सिकंदर बरवा, अनस आलम, रीयाजुल अन्सारी, कंचन कबीर, कुरडेग प्रखण्ड अध्यक्ष जीसन फिरदौस, कुरडेग प्रखण्ड सचिव तारा वसंत तिर्की, कुरडेग प्रखण्ड कोषाध्यक्ष अशोक दास, कुरडेग प्रखण्ड उपाध्यक्ष नरेंद्र साहु, नन्दकिशोर साहु, नाशीर अन्सारी, सकीम अन्सारी, राजकिशोर साय, अजीत एक्का, नुतन मिंज, नेल्सन लकड़ा, नन्द कुमार साहु, देवधार साहु, रूपेश तिर्की, हेमंत साईं, शाह लाल नायक, केरसई प्रखण्ड अध्यक्ष प्रेम प्रकाश मिंज एवं अन्य साथी उपस्थित रहे।




# विभिन्न समस्याओं को लेकर स्वास्थ्य-सहियाओं ने की बैठक

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** सिमडेगा परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में शुक्रवार को विभिन्न समस्याओं को लेकर स्वास्थ्य सहियाओं ने बैठक की। बैठक में सिमडेगा प्रखंड के सभी सहिया उपस्थित रहे जहां पर उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लगातार 30 दिन तक हमारे माध्यम से काम लिया जा रहा है। लेकिन इसके एवज हमें प्रोत्साहन राशि के नाम पर महज 2000 की राशि दी जाती है जिससे परिवार का गुजारा नहीं चल सकता। सरकार द्वारा हमें सभी प्रकार की सरकारी कार्यों में सहयोग के लिए काम करवाया जाता है लेकिन इसके बावजूद हमें भुगतान नहीं मिल पाता है। सरकार हमें मानदेय के रूप में निश्चित भुगतान करें जिससे कि परिवार का गुजर बसर हो सके। वही मौके पर उन्होंने बताया कि गर्भवती माताओं को साथ में अस्पताल जाने पर प्रोत्साहन राशि मिलती थी लेकिन वह भी अब लंबे समय से बंद है। ऐसे में आधी रात को भी अपना घर परिवार छोड़कर हम सेवा के लिए पहुंचते हैं लेकिन इसके एवज में सरकार हमारी किसी भी समस्या को नहीं सुन रही है। झामुमो नेताओं ने कहा आपकी समस्याओं को लेकर जल्द से जल्द स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात करते हुए आपकी समस्याओं को प्रमुखता से रखने के साथ ही इसे जल्द से जल्द लागू कराने का काम किया जाएगा। मौके पर झामुमो के संयोजक मंडली सदस्य सफीक खान अनिल तिर्की एवं नुवास केरकेट्टा उपस्थित थे।

# बसिया महाविद्यालय में शिक्षक दिवस कार्यक्रम का किया गया आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**बसिया।** बसिया महाविद्यालय बसिया में शुक्रवार को शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर शिक्षकों को सम्मानित करने का काम किया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविधालय के प्राचार्य पन्नालाल साहु ने कि सभी छात्र छात्राओं के द्वारा शिक्षकों के सम्मान में कार्यक्रम के लिए आयोजन पर आभार व्यक्त किया। शिक्षकों में खुशी की अनुभूति की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह के सम्मान से गुरु और शिष्य के रिश्तों में मिठास बढ़ती हैं। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि इंटर संकाय के प्राचार्य केदारनाथ दास ने कहा कि महाविद्यालय में इस तरह संस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के साथ शिक्षकों को सम्मान देने की पहल सराहनीय है। इस सम्मान के बदले शिक्षा के रूप में रिटर्न गिफ्ट देने का संकल्प लेते उन्होंने बताया कि शिक्षक और छात्र के बीच का जो रिश्ता होता हैं उसे शब्द दे पाना बहुत मुश्किल है। मौके पर छात्र छात्राओं द्वारा नृत्य संगीत एवं सम्भाषण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां सुगंती, संध्या, किरण, अंजली, संतोषी आदि ने नृत्य प्रस्तुत किया। मौके पर प्रो.रामचरित्र साहू, राजश्री, जगत साहु, नेहा कुमारी, पार्वती कुमारी, जयमति मिंज, राहुल साहू, शिखा कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



### दनगद्दी पर्यटक स्थल में झापा का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

# क्षेत्रिय पार्टी ही क्षेत्र का विकास कर सकती है : संदेश

नवीन मेल संवाददाता

**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल दनगद्दी में झरखण्ड पार्टी का प्रखण्ड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन किया गया जिसमे प्रखण्ड समिति का चुनाव किया गया जिसमें प्रवक्ता बासिल डुंग डुंग, अध्यक्ष शशि टोप्पो, कार्यकारी अध्यक्ष जेम्स सोरेंग, महासचिव मेरतल खलखो, कोषाध्यक्ष बेनेदिक डुंग डुंग, उपाध्यक्ष हीरालाल प्रधान, राजेश खाखा, श्रवण साहू नोवेल सोरेंग,वाल्टर कुल्लू, रमेश खलखो, अभिराम टोप्पो बिरसु सिंह, योरेल केरकेटा बसन्त खलखो को बनाया गया जबकि सह सचिव बेलस मिंज, सोमारू सिंह, रामदयाल प्रसाद, मिखाइल केरकेट्टा, पुरुषोत्तम तिर्की, कुलदीप खेस , आनंद सिंह, प्रदीप बरवा नित्यानंद सिंह बनाया गया । वही महिला मोर्चा के सरोजनी कुजूर, स्नेहलता केरकेटा,सुशीला तिर्की बिमला कुल्लू को रखा गया। मौके पर झापा जिला युवा अध्यक्ष संदेश एक्का ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए क्षेत्रिय पार्टी ही क्षेत्र के विकास कर सकती हैं । राष्ट्रीय पार्टी क्षेत्रीय पार्टी को हमेशा कुचलने के काम करती है उन्होंने कहा कि बोलबा प्रखण्ड जंगली हाथियों के आतंक से तबाह है । झारखण्ड पार्टी तत्काल ही एक आवेदन उपायुक्त सिमडेगा एवं वन प्रमंडल सिमडेगा को देकर जंगली हाथियों को एक माह के अन्दर भगाने की मांग करेंगी एक माह के अन्दर जंगली हाथियों को नहीं भगाने पर आंदोलन करते हुए सड़क जाम किया जायेगा । साथ ही किसानों के मकान ,फसल एवं अन्य नुकशान का पर्याप्त मुआवजा की मांग देने की करेगी । उन्होंने कहा कि कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में 2005 से 2014 तक अवधि में जो विकास हुआ है । वह इसके बाद उस गति में अबतक विकास नही हुआ अभी की हालात में वर्तमान विधायक कोलेबिरा विधान सभा क्षेत्र की जनता को ठगने का काम किया है लोगों को सिर्फ जाति और धर्म में बाटने का काम कर रहा है आगामी चुनाव में झापा पार्टी भारी मत से कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र से जीत दर्ज करेगी ।झापा नेत्री आइरिन एक्का ने कहा कि झरखण्ड पार्टी में लोग नए जोश के साथ जुड़ रहे हैं । संगठन को और भी मजबूत किया जा रहा है । जो आने वाले विधानसभा चुनाव में दिखेगा। मौके पर जिला परिषद सदस्य अनिता सोरेंग, झापा नेत्री आइरिन एक्का, मतीयस बागे, बिरसा मांझी, जेम्स सोरेंग, प्रसन्न कुमार सिन्हा, ललन प्रसाद, अमुस मिंज, शशि टोप्पो, श्रवण प्रसाद, नारायण साहू, मुनेश्वर साहू, मेरतल खलखो, हीरालाल प्रधान , केशरी सिंह, कैलाश सिंह, मोहनाथ प्रधान, सोमारू सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



### सिमडेगा प्रखंड प्रमुख ने जोकबहार स्कूल का किया दौरा

# जर्जर भवन में पढ़ाई करते हैं बच्चे: सुशीला

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर प्रखंड की प्रमुख सुशीला देवी शुक्रवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान जोकबहार पंचायत का दौरा किया इस दौरान उन्होंने क्षेत्र घूमकर लोगों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं की जानकारी ली। सर्वप्रथम उन्होंने जोकबहार स्थित जन वितरण प्रणाली की दुकान पहुंच कर वहां पर लाभुकों को मिलने वाले राशन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। जहां पर डीलर के द्वारा ग्रामीणों को राशन सही मिल रहा है या नहीं इसकी जानकारी ली। जिस पर सभी कार्ड धारी सही मात्रा में राशन मिलने की जानकारी दी।वही इसके बाद जोकबहार स्थित स्कूल पहुंचकर वहां पर बच्चों को दी जाने वाली मध्यान भोजन का भी निरीक्षण किया ।जहां पर मेन्यू के हिसाब से बच्चों को मिलने वाले भोजन की जानकारी ली वहीं साथ ही साफ-सफाई एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन देने का निर्देश दिया ।मौके पर उन्होंने बताया कि स्कूल परिसर में एक चापाकल खराब है जिससे कि बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पुराने इस मामले में जल्द से जल्द पेयजल विभाग को सूचना देते हुए चापाकल मरम्मत करवाने की बात कही। उन्होंने बताया कि विद्यालय का भवन काफी जर्जर हो चुका है जहां पर बच्चे रहते हैं ऐसे में कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है और इसके लिए विभाग कोई पहल नहीं कर रही है उन्होंने बताया कि स्कूली बच्चे जर्जर भवन में ही पढ़कर शिक्षा ग्रहण करते हैं जहां की छत पूरी तरह से उखाड़ने लगा है और ऐसे में बच्चे पढ़ाई करते रहेंगे और गिरेगा तो बच्चों को भी चोट लगेगी उनका इस मामले में जल्दी शिक्षा विभाग को सूचित करते हुए इस पर भी पहल की जाएगी ताकि बच्चों का किसी प्रकार से कोई भी परेशानी ना हो।



## ऑटो पलटने से तीन व्यक्ति घायल

**गढ़वा।** गढ़वा-नगर उंटारी मार्ग एनएच 75 पर शुक्रवार की शाम अरंगी मोड़ पर टेंपो पलटने से टेंपो पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में गढ़वा जिले के डंडई गांव निवासी दिनेश राम उसके पुत्र अमरदीप कुमार एवं डंडई थाना क्षेत्र के लावाही गांव निवासी मुन्ना साव के नाम शामिल हैं। सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए अमरदीप कुमार को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि मेराल थाना अंतर्गत माहेताम गांव स्थित चेरी धाम मे सभी लोग टैंपू पर सवार होकर पूजा पाठ करने के लिए आए हुए थे। पूजा पाठ करने के बाद एक ही परिवार के 9 लोग टैंपू पर सवार होकर वापस अपने घर लौट रहे थे इसी क्रम में मेराल थाना क्षेत्र केअरंगी मोड़ के पास टेंपो तेज गति होने के कारण अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया ।

# सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत चलाया गया स्वच्छता व वृक्षारोपण अभियान

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोद के जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा में अनेक तरह के रचनात्मक कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को पूरे भारत में भाजपा संगठन द्वारा स्वच्छता अभियान एवं वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। मौके पर प्रदेश से आए जिला संगठन प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है की स्वच्छ भारत का सपना तभी साकार हो सकता है जब गांव स्तर तक स्वच्छता अभियान चलाया जाए। लोगों को जागरूक किया जाए क्योंकि स्वच्छ भारत होगा तो स्वस्थ भारत होगा, शैलेंद्र सिंह बानो में भगवान बिरसा मुंडा के मूर्ति पर माल्यार्पण किया एवं कार्यकर्ताओं को स्वच्छता अभियान चलाने का आह्वान किया।साथ ही संगठन प्रभारी ने बानो जलडेगा एवं कोलेबिरा मंडलों में मंडल एवं जिले के भाजपा पदाधिकारियों के संग वृक्षारोपण किया एवं संदेश दिया एक पेड़ सौ पुत्र के समान है,इसलिए पेड़ पौधे सभी लोगो को लगानी चाहिए।इससे पूर्व भाजपा कार्यकताओं ने बानो रेलवे स्टेशन पर संगठन प्रभारी का गर्मजोशी से स्वागत किया। मौके पर जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, पूर्व जिला अध्यक्ष संजय ठाकुर ,दीपक पुरी, भोला साहू, अनूप प्रसाद, सतीश पांडे, नवीन सिंह, कामेश्वर सिंह, रामविलास बड़ाईक, नरेंद्र बड़ाईक, नीरज बड़ाईक, बलबीर जायसवाल, मोतीलाल ओहदार, अशोक इंदवार, ललित कुमार चिंतामणि कुमार, मोतीलाल सिंह मानकीलाल, सुरेश प्रसाद, रवि गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### झारखंड के सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष व सदस्यों का आठ दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

# बच्चों के देख-रेख व संरक्षण की दी गई जानकारी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार के झारखंड राज्य बाल संरक्षण द्वारा ग्रामीण विकास संस्थान हेहल रांची में आयोजित बाल कल्याण समिति के नवचयनित अध्यक्ष एवं सदस्यों का 8 दिवसीय आवसीय अनिवार्य प्रशिक्षण शुक्रवार को क्षेत्र भ्रमण के साथ संपन हो गया। आठ दिनों तक विशेषज्ञयों द्वारा सीएनसीपी बच्चों के पहचान से लेकर उनके संरक्षण को लेकर लिए जाने वाले निर्णय व सीडब्ल्यूसी के द्वारा पारीत आदेशों से संबंधित जानकारी क्रमवार दी गई। साथ ही विशेष कोटी के बच्चों के पहचान व उपचार की भी जानकारी दी गई। इसके अलावे समिति के अध्यक्ष व सदस्यों को दस्तावेजीकरण की जानकारी किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के तहत करने की दी गई। वहीं प्रशिक्षण प्रभारी सगुफ्ता बानो ने बताया कि 15 दिवसीय प्रशिक्षण के पहले चरण में झारखंड के नव चयनित सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष एवं सदस्यों को 8 दिनों का प्रशिक्षण दिया गया है। जल्द साद दिवसीय प्रशिक्षण का आयोन किया जाएगा। वहीं विभाग की निदेशक राजेश्वरी बी व अवर सचिव अरशद जमाल ने सभी से आपसी सहयोग व समन्य के साथ बच्चों के सर्वोतम हित में कार्य करने की बात कही। साथ ही कहा की संबंधित विभागों से समन्वय बनाकर झारखंड से बाल मजदूरी, बाल तस्करी, बाल विवाह, जैसे सामाजिक बुराई के खिलाफ अच्छे ढंग से कार्य करें। प्रशिक्षण सेरी इंटरनेशनल के राष्ट्रीय बाल संरक्षण सलाहकार देवाशीष मिश्रा, डॉ. मधुमिता भट्टाचार्य सीआईपी, डॉ. मिथू मुत्थु वर्गेश, जयदेव मजूमदार कोलकाता, डॉ. के श्यामला एनयूएसआरएल, संगीता गौड, तनवी झा, करुणा नारंग, (डबल्यूसीडी) जेएससीपीएस, अनुप अग्रवाल अधिवक्ता झारखंड हाईकोर्ट व चारु मक्कर ने दिया। प्रशिक्षण के संचालन में प्रीति श्रीवास्तव सीपी स्पेशलिस्ट यूनिसेफ झारखंड, फैज अहमद टेक्निकल कंसलटेंट, लक्ष्मी मार्डी टेक्निकल कंसलटेंट यूनिसेफ, डॉ. के शायमला सहायक प्रोफेसर व चेयरपर्सन नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी रांची, सीनी संस्था के अशोक कुमार व बचपन बचाओ के श्याम मल्लिक ने आदि ने सहोग किया। वहीं प्रशिक्षण में धनंजय तिवारी चेयरपर्सन सीडब्ल्यूसी चतरा, कौशल कुमार चेयरपर्सन देवघर, अजय कुमार साह चेयरपर्सन रांची, तनुश्री सरकार अध्यक्ष खूंटी, विनय चौधरी अध्यक्ष गोड्डा, उत्तम मुखर्जी धनबाद, मुकेश कुमार पाण्डेय, पिंकी कुमारी चतरा सहित सभी जिले के अध्यक्ष व सदस्य शामिल थे।



# दुर्गा पूजा की तैयारियां शुरू पंडालों का निर्माण कार्य जोरों पर

नवीन मेल संवाददाता

**बेड़ो।** श्री श्री दुर्गा पूजा महासमिति बेड़ो के तत्वाधान में दुर्गा पूजा की तैयारी जोरों पर है। दुर्गा पूजा पंडाल व प्रतिमा को कलाकार अंतिम रुप देने में लगे हैं ।पूजा पंडालों में विद्युत सज्जा की जा रही है ।पूजा को लेकर हर ओर उत्साह का माहौल है। महादानी मंदिर परिसर में दुर्गा मंदिर के सामने आकर्षक पंडाल का निर्माण किया जा रहा है ।वहीं प्रखंड के खत्री खटंगा,पाकल मेड़ी, मुरतो,तुको, ईंटा चिल्द्री व घाघरा में काल्पनिक आकर्षक पूजा पंडाल का निर्माण किया जा रहा है ।इस कार्य में पूजा समिति के सदस्यों के साथ कलाकार व कारीगर लगे हैं। महासमिति के अध्यक्ष साधन कुमार राय ने बताया कि शारदीय नवरात्र का शुभारंभ सोमवार को कलश स्थापना के साथ शुरू हो जाएगी। साथ ही सोमवार से महानवमी तक प्रतिदिन नवाहन परायण श्री रामचरित मानस पाठ का आयोजन किया जाएगा। वहीं षष्ठी को बिल्वरण के साथ मां का पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा। महाअष्टमी को महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। विजयदशमी के दिन आतिशबाजी के बीच रावण दहन किया जाएगा। कारीगर पंडाल व मूर्तिकार प्रतिमा को सजाने व संवारने में जुटे हुए है। पर्व को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इधर महादानी मैदान में उमेश पेंटर की देख रेख में रावण का पुतला बनाने का कार्य शुरू हो गया है।



## न्यूज गैलरी

### जन वितरण प्रणाली के पांच डीलरों का लाइसेंस निलंबित

रांची। रांची की पांच जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। सभी वार्ड नंबर 38 के हैं और शहरी क्षेत्र में स्थित हैं। औचक निरीक्षण के दौरान इन दुकानों में कई गड़बड़ियां पायी गई थीं। इसके पाद विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी ने सभी को शोकॉज किया था। शोकॉज का जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर डीलर रमेश कुमार, जयेश कुमार, लुटन प्रसाद, शांति कुमारी और योगेंद्र प्रसाद के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए गए। विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी ने 22 अगस्त को इन दुकानों का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया था कि राशन डीलरों ने अनाज का उठाव किए बिना ही कागज पर वितरण कर दिया है। कुछ डीलर की दुकान का संचालन दूसरे व्यक्ति कर रहा था। इसके बाद सभी से 31 अगस्त तक स्पष्टीकरण मांगा गया था। शुक्रवार को विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी ने पांच के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए।

### वीमेंस कॉलेज में भाषण व निबंध प्रतियोगिता

रांची। रांची वीमेंस कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), इकाई की ओर से शुक्रवार को एनएसएस स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर भाषण व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कॉलेज की एनसीसी समन्वयक लेफ्टिनेंट डॉ किरण तिवारी ने कहा कि हर वर्ष 24 सितंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया जाता है। इसे पहली बार 24 सितंबर, 1969 को मनाया गया था। वहीं, कार्यक्रम का संचालन कर रही कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कुमारी उर्वशी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य छात्रों के व्यक्तित्व और चरित्र के विकास के साथ-साथ राष्ट्र सेवा के लिए उन्हें जागरूक करना भी है। बताया कि खेल मंत्रालय भारत सरकार, राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत युवाओं के व्यक्तिव विकास के लिए युवा कार्यक्रम संचालित करती है। इसकी स्थापना की बात आजादी पूर्व से चल रही थी। इसकी गतिविधियों में भाग लेनेवाले विद्यार्थी लोगों के साथ मिलकर समाज के हित के कार्य करते हैं। कार्यक्रम के दौरान आयोजित भाषण व निबंध प्रतियोगिता में 80 छात्राओं ने भाग लिया। मौके पर बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं।

### सेविका-सहायिकाओं द्वारा सीएम का जोरदार स्वागत और अभिनंदन

रांची। झारखण्ड राज्य आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका चयन एवं मानदेय नियमावली-2022 की स्वीकृति मिलने की खुशी में शुक्रवार को रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का  जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया गया मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय परिसर में बड़ी सख्या में सेविका-सहायिकाएं पहुंची और सरकार के निर्णय पर हर्ष जताते हुए मुख्यमंत्री के समर्थन में जमकर नारेबाजी की।

### स्वच्छ अमृत महोत्सव के तहत चलाया गया गहन सफाई अभियान

रांची। स्वच्छ अमृत महोत्सव के तहत एक और कदम स्वच्छता की ओर बढ़ते हुए कार्यकारी अध्यक्ष डोमा मिंज एवं कार्यपालक पदाधिकारी सतेंदर महतो के नेतृत्व में फल गली,रामू होटल चौक से दादा दादी पार्क तक प्रातः 7.30 बजे से गहन सफाई अभियान चलाया गया।अभियान नगर परिषद के सफाई मित्रों के साथ कदम से कदम मिला कर वार्ड पार्षद नीतेश दोदराजका, मति कौशल्या देवी, पवन शर्मा, हृदय शंकर बिरुआ, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर जितेन्द्र ज्योतिष , नेहा निषाद, रोहन निषाद एवं स्थानीय निवासियों ने श्रमदान कर सफाई कार्य में योगदान दिया।आगामी दिवस को साफ- सफाई अभियान मुफसिल थाना से बड़ी बाजार डाउन तक चलाया जएगा।

### जोसा ने पहले चरण का सीट अलॉटमेंट जारी किया

रांची। इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिले के लिए ज्वाइंट सीट एलोकेशन अथॉरिटी (जोसा) ने पहले चक्र का सीट अलॉटमेंट शुक्रवार को जारी कर दिया। इसके तहत आईआईटी, एनआईटी, ट्रिपल आईटी और जीएफटीआई के कुल 114 इंजीनियरिंग संस्थानों में 620 से ज्यादा कार्यक्रमों के लिए 54,477 सीट आवंटित किए गए हैं। जिन विद्यार्थियों को सीट स्वीकार्य है उन्हें निर्धारित शुल्क ऑनलाइन मोड में जमा करना होगा। ऑनलाइन शुल्क जमा करने के बाद ऑनलाइन प्रमाणपत्रों का सत्यापन करवाना होगा। सभी प्रमाणपत्र पीडीएफ फॉर्मेट में अपलोड किए जाएंगे। पहले चक्र के तहत नामांकन 26 सितंबर शाम पांच बजे तक होंगे। यदि आवंटित सीट स्वीकार करने के बाद निर्धारित शुल्क जमा नहीं किया जाता है तो इस स्थिति में सीट पर दावेदारी स्वतः खत्म हो जाएगी।

#### बिजली बोर्ड का पूजा पंडाल संचालकों को दिया निर्देश

# सुरक्षा मानकों का करें पालन, हर इलाके में तैनात रहेंगे विद्युतकर्मी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** दुर्गापूजा से लेकर छठ तक के लिये बिजली बोर्ड ने तैयारी कर ली है। पिछले कुछ समय से बिजली बोर्ड की ओर से लगातार नोटिस जारी कर पंडाल संचालकों और बिजली कर्मियों को आदेश दिया जा रहा है। इसी क्रम में एक आदेश फिर से जारी किया गया है। जिसमें बताया गया है कि बिजली कर्मियों का दस्ता हर एरिया में उपलब्ध रहेगा। वहीं, पूजा पंडालों में भी कर्मियों को ड्यूटी में लगायी जायेगी। इसके साथ ही निर्देश दिया गया है कि पंडाल में किसी तरह की बिजली संबधी घटना न हो, इसके लिये पंडाल संचालक सुरक्षात्मक उपाय करेंगे। इसके लिये आगलगी या शॉट सर्किट जैसी घटनाएं होने पर रबर मेट, अग्निशामक यंत्र, सूखे बालू से भरी बाल्टी, शॉक ट्रीटमेंट चार्ट, खतरे की मानक तख्ती हर एक पंडाल में रखना अनिर्वाय है। पंडालों को हिदायत दी गयी है कि कटे छंटे तारों का उपयोग नहीं किये जायें। बिजली संबधी कनेक्शन मानकों को ध्यान में रख लें। निगम ने कहा है कि आयोजक अनुमति और विद्युत भार स्वीकृति के बाद ही पूजा पंडालों में विद्युतीकरण एवं विद्युत सजावट का कार्य करें। पूजा पंडालो में विद्युत आपूर्ति के लिए झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के पदाधिकारी से लोड स्वीकृत कराकर विद्युत कनेक्शन लें। सभी विद्युत उपकरण धातु निर्मित स्ट्रक्ररों जांच कर ही इस्तेमाल में लाना है।




**पंडालों में टीम रखेंगी नजरः** बिजली बोर्ड ने पंडाल संचालकों को आदेश दिया है कि पंडाल में विद्युत नियंत्रण कक्ष या पैनल ऐसी जगह में बनाएं जहां श्रद्धालुओं की भीड़ न हो। विद्युतकर्मी आसानी से उक्त स्थान पर आ-जा सकें। साथ ही विद्युत नियंत्रण कक्ष का बोर्ड प्रदर्शित करें। जेनरेटर का अधिष्ठापन नियमानुसार करें। मेन स्वीच एंव चेंज ओवर स्वीच का व्यवहार अवश्य करें।

## झारखंड योग टीम का गठन के लिए झारखंड योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 24 से

रांची। 22वीं योगासना स्पोर्ट्स चौंपियनशिप 24 एवं 25 सितंबर को रांची के चुटिया स्थित पोद्दार धर्मशाला में झारखंड योग संघ के द्वारा रांची जिला योग संघ के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है. प्रतियोगिता का उद्घाटन 24 सितंबर को पूर्वाह्न 10 बजे किया जायेगा. प्रतियोगिता में 19 जिला एवं छह संस्थान के लगभग 400 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं. आयोजन सचिव पंकज प्रसाद ने बताया कि प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है. भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी 23 सितंबर को रांची पहुंच जायेंगे. प्रतियोगिता 11 आयुवर्गों में अलग-अलग आयोजित की जायेगी. इसके अलावा आर्टेस्टिक, रिदिमिक एवं फ्री फ्लो योग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जायेगा. दो दिवसीय प्रतियोगिता के आधार पर झारखंड योग टीम का गठन किया जायेगा.

# जनआंदोलन के कारण कई ट्रेनें चौथे दिन भी रद्द, कुछ के रूट बदले

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कुर्मी जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की मांग को लेकर रेल रोका आंदोलन शुक्रवार को चौथे दिन भी जारी है। इसआ असर आद्रा और खड़गपुर मंडल होकर आने-जाने वाली ट्रेनों के परिचालन पर पड़ रहा है। जनआंदोलन के कारण रेलवे ने चौथे दिन भी कई ट्रेनों के परिचालन को रद्द कर दिया है, जबकि कुछ के रूट बदले गये हैं। वहीं कुछ ट्रेनों के ठहराव में आंशिक बदलाव भी किया गया है। इससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्टेशन पर कई लोग घंटों ट्रेन का इंतजार करते देखे गये। पूछताछ केंद्र पर भी यात्रियों की भीड़ लगी रही। आद्रा और खड़गपुर मंडल में जनआंदोलन के कारण जिन ट्रेनों का परिचालन शुक्रवार को रद्द किया गया है, उनमें ट्रेन संख्या 22892/91 रांची-हावड़ा-रांची एक्सप्रेस, 08641/42आद्रा-बरकाकाना-आद्रा मेमू पैसेंजर, ट्रेन संख्या 03595/96 बोकारो स्टील सिटी-आसनसोल-बोकारो स्टील सिटी मेमू पैसेंजर, ट्रेन संख्या 03598/97 आसनसोल-रांची-आसनसोल मेमू पैसेंजर ट्रेन, ट्रेन संख्या 18036 हटिया-खड़गपुर और 18086 रांची-खड़गपुर एक्सप्रेस ट्रेन शामिल है। इसके अलावा  दो ट्रेनों का आंशिक समापन किया गया है, इनमें ट्रेन संख्या 18085 खड़गपुर-रांची एक्सप्रेस का आज आद्रा स्टेशन पर आंशिक समापन होगा। यह ट्रेन आद्रा-रांची के बीच रद्द रहेगी। वहीं ट्रेन संख्या 18035 खड़गपुर-हटिया एक्सप्रेस का आज आद्रा स्टेशन पर आंशिक समापन होगा। यह ट्रेन आद्रा-हटिया के बीच रद्द रहेगी। इसके अलावा ट्रेन संख्या 22824 नई दिल्ली-भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस का परिचालन परिवर्तित मार्ग से किया गया।

#### महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह के अवसर 26 सितंबर को सम्मान समारोह का आयोजन

# 25 सितंबर को शोभायात्रा निकाली जाएगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया, मंत्री मनोज चौधरी, अग्रसेन जयंती आयोजन समिति के संयोजक सज्जन पाड़िया एवं अग्रसेन जयंती के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने संयुक्त रूप से कहा है कि अग्रवाल सभा के तत्वधान में श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव सह 46 वां वार्षिकोत्सव के अंतर्गत 24 सितंबर को दोपहर 3:00 बजे से समाज और परिवार को किस ओर ले जा रहा है सोशल मीडिया विषयक पर महिला संगोष्ठी तथा शाम 7:00 बजे अभिशाप बन गया सोशल मीडिया को कैसे वरदान बनाया जाए विषयक पर युवा संगोष्ठी का आयोजन किया गया है तथा 25 सितंबर को दोपहर 12:30 बजे बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता एवं 3:30 बजे महाराजा अग्रसेन जी की शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा का संचालन अग्रवाल युवा सभा करेगा। 26 सितंबर महाराजा अग्रसेन जी की जयंती के दिन सुबह अग्रसेन चौक में महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा में पुष्पांजलि, माल्यार्पण, आरती प्रसाद एवं प्रभात फेरी का कार्यक्रम होगा तथा शाम को महाराजा अग्रसेन भवन में प्रतिभा प्रोत्साहन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इस समारोह में रांची क्षेत्र के सभी अग्रवंशी ऐसे छात्र-छात्राएं जिन्होंने वर्ष 2021- 22 की परीक्षाओं में निर्धारित मापदंड के अनुसार अंक प्राप्त किए हैं उन्हें सम्मानित किया जाएगा तथा विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियों  के लिए अग्रवाल सभा द्वारा अग्रसेन सम्मान गंगा प्रसाद बुधिया शिक्षा पुरस्कार, हनुमान सरावगी कला-संस्कृति साहित्य एवं शिक्षण सम्मान एवं नंदलाल मोदी खेलकूद पुरस्कार दिए जाएंगे। 26 सितंबर को आयोजित प्रतिभा सम्मान एवं प्रोत्साहन सम्मान समारोह के लिए संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल एवं सह संयोजक विनोद कुमार जैन को बनाए गए हैं।



## ग्रामीण बैंक की अधिकतर शाखाओं में लटके रहे ताले

**रांची।** ऑल इंडिया रीजनल रूरल बैंक इम्पलाइज एसोसिएशन के आह्वान का शुक्रवार को झारखंड में असर देखने को मिला। राज्य के अधिकतर जेआरजी बैंक की शाखाएं बंद रहीं। हालांकि, इस दौरान कई जगह शाखाएं खुली भी रहीं व यहां सामान्य दिनों की तरह कामकाज हुआ। क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने प्रदर्शन किया। ऑल इंडिया रीजनल रूरल बैंक इम्पलाइज एसोसिएशन के मुताबिक रांची, गिरिडीह, सिंहभूम, पलामू, गुमला, हजारीबाग, देवघर एवं गोड्डा में हड़ताल शत-प्रतिशत सफल रहा। वहीं, इस हड़ताल में ज्वाइंट फोरम ऑफ ग्रामीण बैंक यूनियन्स के छह शीर्ष यूनियन्स ने भाग नहीं लिया था। इस कारण कई जगह ग्रामीण बैंक की शाखाएं खुली भी रहीं। ज्वाइंट फोरम ने कहा कि ग्रामीण बैंक को प्रायोजक बैंक से अलग कर देने से एनआईटी अवार्ड का महत्व खत्म हो जाएगा।

#### श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे के प्रसाद में उमड़ा जन सैलाब

# 1200 से ज्यादा श्रद्धालुओं ने श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे के प्रसाद को किया ग्रहण

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पितृ पक्ष के त्रयोदशी श्राद्ध दिवस के अवसर पर शुक्रवार को निर्मल मधु छावनीका के सौजन्य से श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे मे 1200 से अधिक श्रद्धालुओ ने अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। संत शिरोमणी श्री श्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज के द्वारा संचालित रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एव धार्मिक संस्था एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि।) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के प्रांगण में संस्था के सक्रिय सदस्य निर्मल मधु छावनीका एवं उनके परिवार के सौजन्य से अपने माता पिता स्व। जगदीश प्रसाद शान्ती देवी छावनीका की स्मृति में निर्मल मधु छावनीका, ओमप्रकाश छावनीका, निलेश ट्विंकल छावनीका,आशा मुंजाल श्री कृष्ण प्रणामी संस्था के वरिष्ठ सदस्य काशी प्रसाद टिबडेवाल मनीष जालान, ओमप्रकाश सरावगी, नवल टिबडेवाल के द्वारा वहां के जरूरतमंद ग्रामीणों एवं मंदिर के आसपास के रहने वाले श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में आये हुए भक्त प्रेमियों,राहगीरों एवं बच्चों के बीच 49वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का विधिवत उद्घाटन कर वितरण कार्य शुरू किया गया। शुक्रवार को संस्था के सदस्यों ने श्री राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) एवं गुरू महाराज की फोटो पर चंदन-वंदन कर वहां उपस्थित महिलाओं और पुरूष  श्रद्धालुओं को चंदन टिका कर के भजन संकीर्तन कर मंदिर में उपस्थित 5 ब्राह्मणों को भोजन कराकर आज की 49वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण शुरू किया।



## रांची विश्वविद्यालय में युवा उत्सव आज

**रांची।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से युवा उत्सव-2022 का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की जिम्मेदारी नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस) व राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) को दी गई है। रांची जिला युवा उत्सव की मेजबानी रांची विश्वविद्यालय को दी गई है। शनिवार को रांची विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज (आईएलएस), मोरहाबादी में इसका आयोजन किया गया है। युवा उत्सव के तहत 6 विधाओं की प्रतियोगिता के लिए निर्णायक मंडली का गठन किया गया है। सभी विधाओं में लगभग 400 प्रतिभागी शामिल होंगे। कविता लेखन प्रतियोगिता की निर्णायक मंडली में-डॉ जंग बहादुर पांडेय, डॉ राजश्री जयंती, संध्या चौधरी शामिल हैं। पेंटिंग प्रतियोगिता की निर्णायक मंडली में-डॉ नीलू कुमारी, डॉ नीता लाल, डॉ आनंद कुमार ठाकुर शामिल हैं। फोटोग्राफी की निर्णायक मंडली में-विजय कुमार मित्रा, जगदीश सिंह, निरंजन कुमार शामिल हैं। लोक नृत्य प्रतियोगिता की निर्णायक मंडली में-गार्गी मलकानी, सी शालीना मनपूरन नायक शामिल हैं। युवा संवाद में- हनी सिन्हा, डॉ ब्रजेश कुमार, सर्वेंद्र प्रताप सिंह शामिल हैं। युवा उत्सव में रांची के सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, मेयर डॉ आशा लकड़ा, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, डीएसपीएमयू के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य, डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, जीवन आनंद टोप्पो, अमर कश्यप, दिनेश कुमार महतो उपस्थित रहेंगे।

#### श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा में 108 लोगों ने किया भोजन

# आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए अन्नपूर्णा सेवा निरंतर चलती रहेगी : सुरेश चंद्र अग्रवाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित पुरुलिया रोड स्वर्णभूमि के बगल में अन्नपूर्णा सेवा के अंतर्गत आज 23 सितम्बर को स्व० ओम प्रकाश अग्रवाल की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र लव अग्रवाल, कुश अग्रवाल तथा परिवार के द्वारा तथा स्व० रामकुमार अग्रवाल (कतरास) की स्मृति में उनके परिवार के द्वारा अन्नपूर्णा सेवा प्रायोजित थी। इस अन्नपूर्णा सेवा में 220 लोगों ने भोजन प्राप्त किया। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित पहाड़ी रोड में श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा के दूसरे यूनिट में 108 लोगों ने भोजन प्राप्त किया। वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा में स्व० पद्मा देवी मोदी की पुण्यतिथि पर उनकी पुत्री पूनम मोदी एवं उनके परिवार द्वारा प्रायोजित थी। इस अवसर पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कहा की माता अन्नपूर्णा इसी प्रकार इन्हें सेवा करने की प्रेरणा प्रदान करें और प्रभु की कृपा सदैव इनके परिवार पर बनी रहे। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए अन्नपूर्णा सेवा निरंतर चलती रहेगी। इस अवसर पर प्रमोद अग्रवाल, लव अग्रवाल, प्रदीप नारसरिया, सुरेश चन्द्र अग्रवाल, ललित कुमार पोद्दार, पूनम मोदी सहित कई लोग उपस्थित थे। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया है कि दोनों अन्नपूर्णा सेवा स्व० सत्यनारायण नारसरिया एवं स्व० शारदा देवी नारसरिया की स्मृति में रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा संचालित है।



# उच्च न्यायालय न आईएएस अधिकारी की सैलेरी रोकने का दिया आदेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने एक मामले की सुनवाई करते हुए राज्य के वरीय आई ए एस अधिकारी के के सोन की सैलेरी रोकने का आदेश दिया है. न्यायाधीश जस्टिस डॉ. एस एन पाठक की कोर्ट ने यह आदेश दिया है. दरअसल झारखंड हाईकोर्ट में सर्विस मैटर से जुडी अवमानना वाद याचिका पर सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कहा है कि जब तक कर्मचारियों के वेतन एवं अन्य राशि का भुगतान नहीं होता, तब तक आपका वेतन रुका रहेगा सुनवाई के दौरान आई ए एस  अधिकारी परिवहन सचिव के के सोन भी अदालत के समक्ष सशरीर उपस्थित रहे. अदालत ने उनसे पूछा कि जब सिंगल बेंच ने परिवहन विभाग के कर्मचारियों के वेतन एवं अन्य भुगतान के मामले में तीन वर्ष पहले ही आदेश पारित कर दिया है तो विभाग ने भुगतान क्यों नहीं किया गया. जिसपर परिवहन सचिव और सरकार के अधिवक्ता के जवाब से कोर्ट संतुष्ट नहीं हुआ. प्रार्थी की ओर से झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता राजेंद्र कृष्ण और राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार ने अदालत में पक्ष रखा. गौरतलब है की इस संबंध में झारखंड हाईकोर्ट में अवमानना वाद दायर की गई है.

#### वादा खिलाफी के कारण हेमंत सरकार के खिलाफ लोगों में आक्रोश

# धूल झोंकने के लिए हर रोज हो रही नयी घोषणा : रघुवर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पांच लाख नौकरियों के वादे के साथ सत्ता में आयी हेमंत सरकार की वादाखिलाफी के कारण झारखंड के युवाओं में सरकार के खिलाफ आक्रोश है। साथ ही परिवार और अपने नजदीकी लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए हेमंत सरकार के संरक्षण में पिछले ढाई वर्ष में झारखंड के जल-जंगल और जमीन और खनिज संपदा गड़बड़ी हुई है। इसका उदहारण साहेबगंज जैसा एक पिछड़ा जिला है। इस एक जिले से ही ईडी की जांच में लगभग 1400-1500 करोड़ रुपये के अवैध उत्खनन की बात सामने आयी है। हेमंत सरकार के इन कारनामों के कारण झारखंड को लोग सरकार से काफी नाराज हैं।इसी कड़ी में उन्होंने 1932 के खतियान और आरक्षण नीति को घोषणा भी की है। 15.11.2000 में झारखंड राज्य का गठन हुआ। राज्य गठन के बाद उस समय सरकार ने अधिसूचना संख्या 3389, दिनांक 29.09.2001 द्वारा एकीकृत बिहार के परिपत्र संख्या 806, दिनांक 03.03.1982 को अंगीकृत किया गया, जिसमें जिला के आधार पर स्थानीय व्यक्ति की पहचान उनके नाम, जमीन, वासगीत, रिकार्ड ऑफ राइट्स के आधार पर की गयी थी। इसी संदर्भ में माननीय झारखंड उच्च न्यायालय ने दो वाद यथा डब्ल्यूपी (पीआईएल) 4050/02 एवं वाद संख्या डब्ल्यूपी पीआइएल 2019/02 के मामले में 27.11.2002 को पारित अपने विस्तृत आदेश के जरिए स्थानीयता को परिभाषित किए जाने संबंधी संकल्प को गलत बताया था और स्थानीयता को परिभाषित करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए थे। उक्त आदेश के आलोक में अनेक सरकारें आईं, कमेटियां बनाई गई, लेकिन स्थानीय व्यक्ति को परिभाषित करने और उसकी पहचान के मापदंड को निर्धारित करने का मामला विचाराधीन था। जब हमारी भाजपा की सरकार आई तब हमने दिनांक 07.04.2015 को विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ सर्वदलीय बैठक आहूत की, सामाजिक संगठनों से परामर्श लिया तथा झारखंड के बुद्धिजीवियों के साथ विचार विमर्श किया। माननीय झारखंड उच्च न्यायालय के द्वारा दिए गए सुझाव को ध्यान में रखते हुए 7.4.2016 को स्थानीयता को परिभाषित करते हुए, उस नीति को नियोजन की नीति से जोड़कर भारी संख्या में झारखंड के बच्चे बच्चियों को नियुक्ति दी गई।




## तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान बनाने के लिए चलेगा अभियान : सुनील

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और सोशियो इकोनॉमिक एंड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसाइटी (सीड्स) के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान के दिशा-निदेर्शों के क्रियान्वयन पर चर्चा हुई। मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा निदेशक सह राज्य नोडल पदाधिकारी तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम सुनील कुमार ने बताया कि चार जिलों रांची, बोकारो, धनबाद और पूर्वी सिंहभूम में पायलट बेसिस पर 10-10 विद्यालयों को मॉडल तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया है। इसमें पांच सरकारी और पांच निजी स्कूल शामिल होंगे। कहा कि शिक्षा विभाग और सीड्स मिलकर इस अभियान को संचालित करेंगे। सुनील ने कहा कि तंबाकू सेवन से खास तौर पर बच्चों, अवयस्कों एवं युवा वर्ग के लोगों को बचाये जाने की आवश्यकता है।

#### बिनोद बिहारी महतो की 99 जयंती के अवसर पर किया गया पौधरोपण

# शोषण अत्याचार व अन्याय से मुक्ति के लिए झारखंड अलग राज्य निर्माण का बिगुल फूंका था : पुष्कर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा, रांची महानगर समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में झारखंड आंदोलन के अमर पुरोधा बाबू बिनोद बिहारी महतो की 99वीं जयंती के इस स्मृति में पौधरोपण व नमन किया गया। इस अवसर पर संघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो ने कहा कि बिनोद बिहारी महतो ने शोषण अत्याचार अन्याय से मुक्ति के लिए झारखंड अलग राज्य निर्माण का बिगुल फूंका था आज उनके त्याग संघर्ष एवं कुर्बानियों के फलाफल झारखंड अलग राज्य का निर्माण हुआ है उनके बताए मार्ग पर चलकर ही झारखंड का नव निर्माण संभव है। केंद्रीय सचिव भुनेश्वर केवट ने कहा कि झारखंडी राष्ट्रीयता का बोध कराने वाले झारखंड आंदोलन के अमर पुरोधा बिनोद बिहारी महतो की आज 99 जयंती हमारे लिए गौरव हैं। जिन मूल्यों की रक्षा के लिए उन्होंने संघर्ष किया उसे धरातल पर उतारना हम सभी झारखंड आंदोलनकारियों का परम दायित्व है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महानगर कमेटी के संयोजक सुबोध लकड़ा ने कहा कि झारखंड अलग राज्य निर्माण के अगुआ में बिनोद बिहारी महतो का स्थान सर्वोत्तम है उनके मार्ग पर चलकर ही शोषण झारखंड गठन किया जा सकता है। मौके पर रंजन बाड़ा समीर प्रकाश तिर्की सियोन तिर्की, ओपन माझी मनीष राम मरांडी अजय कुमार मुरमू, जगतु राम मांझी,सुमन तना भगत सहित अन्य उपस्थित थे।



## न्यूज गैलरी

### किस्को के जनवल में बुक क्लब-सह-पुस्तकालय का शुभारंभ



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के निदेश पर प्रखंड स्थित विद्यालयों में बुक क्लब का गठन नियमित रूप से जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को किस्को स्थित राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, जनवल (किस्को) में बुक क्लब-सह-पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया। बुक क्लब का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल मिंज द्वारा फीता काटकर किया गया। इस बुक क्लब का उद्देश्य छात्र-छात्राओं के बीच पढ़ने की आदत को विकसित करना है। इन पुस्तकों में ज्ञानवर्धक, ऐतिहासिक, जीवनी से जुड़ी पुस्तकें शामिल हैं। बुक क्लब में शिक्षक और बच्चे शामिल हैं। इसमें समय-समय पर क्लब में गोष्ठी, परिचर्चा आदि का आयोजन किया जाएगा। उद्घाटन के मौके पर विद्यालय के शिक्षकगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### मेला घूमने गयी नाबालिग लड़की को भगाने का आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

**लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के चिरी ने लगे जितिया जतरा से नाबालिग का अपहरण करने के आरोपी को कुडू पुलिस ने घटना के दूसरे दिन गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही लड़की को भी बरामद करने में सफलता पाई है। गौर तलब है कि लड़की की मां ने कुडू थाना में 21 सितंबर को आवेदन देकर किसी अज्ञात युवक द्वारा चिरी जतरा घूमने गयी अपनी 15 वर्षीय लड़की को जबरदस्ती खींचकर लेकर भागने की शिकायत दर्ज कराई थी। लड़की की मां के लिखित आवेदन के आधार पर पुलिस ने कांड संख्या 149/22 363, 366ए के तहत मुकदमा दर्ज कर लड़की की बरामदगी में जुटी थी। इसी बीच पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी युवक थाना क्षेत्र के टाकू पतरा टोली निवासी शिवराज उरांव के 19 वर्षीय पुत्र नितेश उरांव को गिरफ्तार कर लोहारदगा जेल भेज दिया।

### अधेड़ ने अपने ही घर में फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या

**कैरो/लोहरदगा।** प्रखंड के हनहट निवासी 40 वर्षीय राजकिशोर उरांव पिता रामदयाल उरांव ने शुक्रवार को अपने घर मे ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जानकारी के अनुसार राजकिशोर उरांव का चार पुत्री है उसका एक भी पुत्र नही है जिससे वह विगत एक डेढ़ वर्षो से विचलित रहता था उसका दिमागी हालत ठीक नही रहता था। घटना की सूचना मिलने पर कैरो थाना के एसआई हरिऔध करमाली दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक पूछताछ करते हुए शव को पोस्टमास्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेजने की बात कही।

### बच्चों को खेल के गुर सिखाने के लिए स्पोर्ट्स कोचिंग सेंटर का गठन

**बानो।** लचरागढ़ में शुक्रवार को खेल प्रेमियों व ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता राजेश साहू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में ग्रामीणों ने गांव के युवा लोगो को बेहतर जगह खेल के लिये बेहतर जगह मिल सके।खेल से अपना रोजगार मिल सके। लचरागढ़ में स्पोर्ट्स कोचिंग सेंटर का गठन किया गया। बैठक में स्पोर्ट्स कोचिंग सेंटर के माध्यम से फुटबॉल सहित अन्य खैल का कोचिंग दिया जाएगा इसके लिए रजिस्ट्रेशन 25 सितंबर से 28 अक्टूबर तक किया जाएगा नामांकन की अंतिम तिथि 2 अक्टूबर रखी गयी। स्पोर्ट्स कोचिंग सेंटर में खिलाड़ी नामांकन हेतु 20 शुल्क रखा गया है इसके लिए संबंधित खिलाड़ी फॉर्म राय मेडिसन चर्च रोड लचरागढ़ से प्राप्त कर 2 अक्टूबर तक जमा कर सकते हैं। इस अवसर पर कुलेश सिंह अविनाश साहू मुन्ना सिंह वीरेंद्र सिंह गोविंदा साहू समीर राय, राजेश नायक आदि लोग उपस्थित थे।

### बोलबा में डायन कुप्रथा उन्मूलन के तहत चलाया जागरूकता अभियान

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के मालसाड़ा एवं पालेमुंडा गांव में डायन कुप्रथा उन्मूलन सप्ताह के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मौके पर रैली, नुक्कड़ नाटक एवं बैठक करके लोगो को जागरूक करते हुए बताया गया कि डायन एवं भूत नही होता है। लोग भूत-प्रेत, ओझा-गुनी, डायन भूत के चक्कर में नहीं पड़े बीमार होने पर सीधे अस्पताल जाकर अपने बीमारी का ईलाज कराएं। वही बताया गया कि डायन कुप्रथा को लेकर समाज में जो अंधविश्वास फैली है इससे प्रत्येक वर्ष सैकड़ों महिलाओं के साथ अत्याचार होता है और ऐसे मामले में सरकार की ओर से कड़े कानून बनाए गए हैं उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि गांव में किसी प्रकार की किसी भी महिला के साथ डायन का नाम देकर उसके साथ हिंसा की घटना ना हो इसका विशेष ध्यान रखें ताकि समाज का विकास हो सके। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज, बाल विकास सुपर भाइजर सुनीता बरला, आंगनबाड़ी सेविका सहायिका एवं अन्य लोग मौजूद थे।

दुर्गा पूजा को लेकर डीसी व एसपी ने की जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक, कहा -

# दशहरा पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण और आपसी भाईचारा के साथ मनाया जाये

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** डीसी आर. रॉनीटा एवं एसपी सौरभ कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में शुक्रवार को दुर्गा पूजा 2022 को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन हुआ। जहां पर जिला समन्वय समिति शांति समिति सहित समाज के गण्यमान्य एवं पूजा पंडाल के अध्यक्ष सचिव उपस्थित रहे। बैठक में पुजा समितियों द्वारा बताया गया कि कलश स्थापना 26 सितम्बर 2022 को होगा एवं विजयादशमी एवं रावण दहन 05 अक्टुबर 2022 को होगा, वहीं प्रतिमा विसर्जन 6 अक्टुबर 2022 को किया जाएगा। बताया गया कि सिमडेगा में 15, जलडेगा में 3, बानो में 4, कुरडेग में 6, केरसई में 4, कोलेबिरा मे 7, ठेठईटांगर में 4, पाकरटांड़ में 3 एवं बोलबा प्रखण्ड में 3 जगहों पर पूजा का आयोजन होता है। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि दशहरा पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण एवं आपसी भाईचारा के साथ मनाया जाए एवं अफवाह तथा अशांति फैलाने वाले व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखते हुए जिला प्रशासन को ससमय सूचना देने की बात कही। आवागमन की सुगमता को देखते हुए प्रतिमा के ऊंचाई पर ध्यान देने की बात कही। उन्होने सुप्रीम कोर्ट के गाईडलाईन के अनुसार डीजे साउण्ड प्रतिबंधित होने की बात कही। शोभा यात्रा में रूट चार्ट का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अलावे मुर्ति विसर्जन में भी निर्धारित समय का विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी से बारी-बारी दशहरा पर्व के मद्देनजर तैयारियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। पुजा के दौरान ट्रैफिक कन्ट्रोल की दिशा में भी चर्चा की गई। आग की रोकथाम एवं बचाव हेतु सभी पण्डालों मे फायर एक्सीटीन्गुइशर एवं बाल्टी में बालू की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। शहर के झुले हुए सभी बिजली के तार को दुरूस्त करने का निर्देश दिया। नगर परिषद् एवं वन विभाग को पेड़ की टहनियों की कटनी-छटनी करने की बात कही। मुर्ति विर्सजन के लिए जलाशय एवं नदी में तैराक की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया। उन्होने पुजा समिति को किसी भी तरह की समस्या एवं कठिनाई होने पर, अविलम्ब प्रशासन को सुचित करने की बात कही। उन्होने दशहरा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी। वहीं पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाये। कोई ऐसी गलती न हो, जिससे की प्रशासन को कानूनी कार्रवाई करनी पड़े। पुलिस अधीक्षक ने पुजा समिति को भी अपने सदस्यों के साथ बैठक कर कार्यों की जिम्मेवारी तय करने की बात कही। इसके अलावे पुजा पण्डाल में संचालित होने वाले साउण्ड सिस्टम के ऑपरेट की सूची भी संबंधित थाना को देने की बात कही। थाना प्रभारी को सभी साउण्ड सिस्टम के प्रतिनिधियों से बैठक कर सुप्रीम कोर्ट के गाईडलाईन का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करवाने का निर्देश दिया। विधि-व्यवस्था संधारण की दिशा में समिति के वोलेन्टीयर की तैनाती पूरी तर्पता के साथ सुनिश्चित करवाने की बात कही। उन्होने किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना मिलने पर डायल 100 या स्थानीय प्रशासन को सूचित करने की बात कही। उन्होने दशहरा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी। अनुमण्डल पदाधिकारी महेन्द्र कुमार ने कहा कि सभी प्रखण्डों में शांति समिति की बैठक की जा चुकी है। त्यौहार के मद्देनजर विशेष निगरानी रखी जाएगी। कन्ट्रोल रूम, विडियोग्राफी, ड्रोन एवं सीसी टीवी कैमरा से निगरानी की जाएगी। ट्रफिक कन्ट्रोल के लिए ट्रफिक पुलिस की प्रतिनियुक्ति होगी। ट्रफिक कन्ट्रोल हेतु वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था की गई है।



रावण दहन के दिन रूट डायभट करने की जानकारी भी दी गई। उन्होने बताया कि रावण दहन के दिन गांधी मैदान एवं टैक्सी स्टैण्ड में पार्किंग होगी। इसके अलावे बाजार समिति एवं एसएस प्लस टु स्कूल के समीप ग्राउण्ड में वाहन की पार्किंग होगी, तथा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम के समीप बने वाहन पार्किंग स्थल पर वाहन पार्किंग की व्यवस्था की गई है। अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं मीडिया के वाहन के पार्किंग कन्या पाठशाला कैम्पस में होगी। बैठक में आई.टी.डी.ए. निदेशक सलन भुईंया, अपर समाहर्ता अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, जिला स्तरीय पदाधिकारी, नगर परिषद् अध्यक्ष पुष्पा कुल्लु, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश साहु, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी, सिमडेगा विधायक प्रतिनिधि, शांति समिति के सदस्यगण व अन्य उपस्थित थें।

## कैरो के विभिन्न दुकानों और होटलों में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने की छापेमारी

दो दुकानों से कुल 13 हजार का चालान काटा गया, कुछ दुकानों को नोटिस जारी

नवीन मेल संवाददाता

**कैरो/लोहरदगा।** शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी कार्यपालक दंडाधिकारी शनि कुमार, फूड सेफ्टी ऑफिसर राजा कुमार व सहायक रजनीश कुमार ने प्रखण्ड मुख्यालय स्थित कई किराना दुकान व होटलों के खाद्य सामग्री का निरीक्षण किया। जांच के दौरान कई दुकानों से अमानक खाद्य सामग्री बरामद हुई जिसमे भारी मात्रा में कुरकुरे व स्पायरी डेट चीजें सामिल है। बरामद अमानक खाद्य सामग्री को जब्त कर नष्ट करने की कार्रवाई की गई। मुख्य चौक में कई होटलों के खाद्य पदार्थों की जांच की गई।उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। आने वाले समय में भी इस तरह के जांच किये जायेंगे, बावजूद दुकानदार नही समझते है तो उसपर कार्यवाई किया जाएगा। इस दौरान शनि कुमार ने बताया की होटलों में चाट, पकोड़े,आदि कई खाद्य सामग्री बनाने में ऐसा कलर मिलाया जा रहा है, जिसका इस्तेमाल खाने में करना ही मना है। वही सभी खाद्य प्रतिष्ठानों के संचालकों को साफ सफाई बनाए रखने, खाद्य पदार्थों को ढंककर बेचने, का निर्देश दिए। इस जांच अभियान में दो दुकानो से कुल तेरह हजार रुपये का चालान काटा गया। वही कई दुकानदारो पर नोटिस जारी किया। मौके पर कैरो थाना के एसआई किरण पंडित व थाना के दलबल मौजूद थे।



## भंडरा में बिजली चोरी के आरोप में छह लोगों पर केस दर्ज

**भंडरा/लोहरदगा।** प्रखंड के विटपी, धनामूंजी और नौडीहा चौंक में 23 सितंबर को विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ छापेमारी कर कनीय विद्युत अभियंता बनारसी राम ने छह लोगों पर बिजली चोरी का आरोप लगाते हुए भंडरा थाना में केस दर्ज कराया है। भारतीय विद्युत अधिनियम की धारा 135/137 के तहत दर्ज प्राथमिकी में विटपी निवासी सुरेश लोहरा, धनामूंजी के बरतू उरांव और सोमा उरांव, नौडीहा चौंक के रमेश उरांव, विनय उरांव और रविरंजन भगत को अभियुक्त बनाया गया है। सुरेश और बरतू पर छह हजार रुपये क्षतिपूर्ति राशि और अन्य सभी पर दस हजार रुपये क्षतिपूर्ति राशि दंड स्वरूप लगाया गया है। इनके ऊपर एलटी लाईन से टोका लगाकर अपने दुकान में अवैध बिजली चोरी करने का आरोप लगाया गया है। छापेमारी के दौरान संजीत कुमार, संतोष कुमार और कौशल किशोर राम उपस्थित थे।

भंडरा थाना में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

## आपसी सौहार्द से त्योहार मनाने का निर्णय

नवीन मेल संवाददाता

**भंडरा/लोहरदगा।** दुर्गा पूजा को लेकर शुक्रवार को थाना परिसर में इंस्पेक्टर चन्द्र मोहन हांसदा, एसआई विकास विश्कर्म, शर्मा भगत एवं थाना प्रभारी गौतम कुमार के संयुक्त अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। मौके पर शांति पूर्वक आपसी प्रेम व शौहार्द के साथ मिल जुल कर पर्व मनाने पर विचार विमर्श किया गया। इंस्पेक्टर चन्द्र मोहन हांसदा ने कहा कि सुरक्षा के दृष्टि से सभी पूजा समितियों के द्वारा पूजा पंडालों में सीसीटीवी लगाने का निर्देश दिया। किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दे सोशल मीडिया पर अनावश्यक चीजों को पोस्ट करने से बचने की बात कही गई। लोगो को नशापान से दूर रहने की सलाह दिया। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा कि पर्व को देखते हुए पुलिस प्रसाशन सतर्क है। वही क्षेत्र में कड़ी नजर रखी जा रही है किसी प्रकार के संदिग्ध पाये जाने पर दोषियों को बक्सा नही जाएगा। उन्होंने शान्ति व्यवस्था बनाये रखने में क्षेत्र के गण्यमान्य लोगो से सहयोग करने का अपील किया। मौके पर वरीय लेखा पाल अविनाश कुजूर, मुखिया इंद्रदेव उरांव, टेले उरांव, धनेश्वरी उरांव, कइली उरांव, देवेन्द्र साहू, बालकृष्ण सिंह, रवि यादव, ईश्वरी मोहन शर्मा, विवेक सोनी, जुलफन अंसारी, जगजीवन उरांव, शेरू अंसारी, रामजी गुप्ता, साजिद अंसारी, तैयब खान, सीताराम सोनी, निरंजन उरांव आदि उपस्थित थे।

### दुर्गा पूजा त्योहार को लेकर कुडू थाना में शांति समिति की हुई बैठक



**लोहरदगा।** आगामी दुर्गा पूजा त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर कुडू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमे बीडीओ मनोरंजन कुमार, थाना प्रभारी अविनव कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष सदरुल अंसारी, सद्भावना मंच के सलीम अमीर के अलावा प्रखंड के विभिन्न पूजा समिति के पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि के अलावा कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए। बीडीओ मनोरंजन कुमार ने सभी से प्रेम व भाईचारे के माहौल में दुर्गा पूजा मनाने की अपील करते हुए, सभी पूजा पंडालों पर दण्डाधिकारी तथा पुलिस बलों की तैनाती किये जाने की बात कही। वहीं थाना प्रभारी अविनव कुमार ने उपस्थित लोगों से सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार पूजा मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि ने कहा कि दुर्गा पूजा को लेकर थाना क्षेत्र के सभी पूजा पंडालों व अन्य चौक-चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। सभी मिल जुलकर दुर्गा पूजा को मनाएं किसी भी परिस्थिति में अफवाहों पर ध्यान देने की जरूरत नही है, यदि अफवाह की सूचना मिलती है तो तुरंत सूचना पुलिस को देकर एक सजग का प्रमाण दें। किसी भी स्थिति में कानून को अपने हाथ में लेने का प्रयास बिल्कुल न करें। वहीं पूजा समितियों द्वारा नियमित रूप से बिजली व साफ सफाई करने की मांग की गई।

## विशेष शिविर लगाकर अनुमंडल कार्यालय में बनाया गया फूड लाइसेंस

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** अभिहित अधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा के के पहल पर अनुमंडल कार्यालय समीप शुक्रवार को एक दिवसीय लाईसेंस/ रजिस्ट्रेशन कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें सिमडेगा जिला के कुल 25 खाद्य व्यवसायवेता को ऑन द स्पॉट रजिस्ट्रेशन तथा 2 लोगो को लाईसेंस अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा प्राप्त दिया गया। बताते चले कि सिमडेगा जिला में अब तक कुल 95 लाईसेंस एवं 1087 रजिस्ट्रेशन एक्टिव है। साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि सात दिनों के अन्दर खाद्य कारोबारी लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन बनवा ले अन्यथा औचक निरीक्षण/छापामारी के क्रम में पकड़े जाने पर कठोर कार्रवाई की जायेगी। मिठाई कारोबारकर्ता को सभी तरह के मिठाई के उपर निर्माण तिथि, एक्सपायर तिथि, मूल्य तथा मूल्य मिठाई के नाम का टैग लगाना अनिवार्य है। विभागीय आदेशानुसार सभी संबंधित खाद्य कारोबारकर्ता को अपने परिसर में सुरक्षा प्रदर्शन बोर्ड एवं 14 अंकों का रजिस्ट्रेशन की प्रमाण पत्र अपने दुकानों में अवश्य लगानी है। उन्होंने कहा फल कारोबारकर्ता/होटल संचालक औद्योगिक रंग का इस्तोल न करे निरीक्षण के क्रम में पकड़े जाने पर कठोर कार्रवाई की जायेगी।




## कोरोना का बूस्टर डोज के प्रति सजग हो जनता : सुदर्शन भगत

सांसद ने वैक्सीन केंद्र पहुंचकर बूस्टर डोज के लिए जागरूक किया

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा जिला के तत्वधान में कोरोना वैक्सीन के बूस्टर डोज केंद्र हटिया गार्डन में बूस्टर डोज लगाने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में लोहरदगा के सांसद सुदर्शन भगत, भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उराव, कार्यक्रम के संयोजक राजकिशोर महतो विशेष रूप से उपस्थित थे। सांसद की उपस्थिति में लगभग 30 लोग वैक्सीन का बूस्टर डोज लिए। सांसद ने कहा कि यह बूस्टर डोज सभी लोगों को जल्द से ले लेना चाहिए ।

आम जनता वैक्सीन को लेकर स्वयं आगे आकर अभियान से जुड़े थे और बूस्टर के प्रति भी वैसा ही भागीदारी सुनिश्चित करेंगे ऐसा विश्वास है। आज हमारे मोदी जी कोरोनाकाल में देश का नेतृत्व व अपने लोगों के उपर भरोसा व अवसर दिया। जिसकी सराहना पूरा देश कर रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष नीरज नलिन, सामेला भगत, बालकृष्णा सिंह, अनिल उरांव, जगनंदन पौराणिक, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कलावती देवी, नगर अध्यक्ष अमरेश भारती, राजेश महतो, मनीष शेखर, सजल कुमार, बृजनंदन यादव, राजकुमार साहू आदि अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### सूर्य मंदिर में सांसद ने किया पौधरोपण

**सांसद** सुदर्शन भगत सूर्य मंदिर किस्को मोड़ में पौधरोपण का कार्य के अलावा सूर्य मंदिर की सफाई अभियान में भी शामिल हुए। सेवा पखवाड़ा अभियान सामाजिक जागरूकता व स्वयं की जिम्मेवारी का एहसास कराता है। पर्यावरण की स्वच्छता और सुरक्षा के बगैर सुंदर भविष्य की कामना करना गलत है। हमारे नैतिक जिम्मेदारी है कि वृक्ष पौधों का रोपन व सुरक्षा प्रदान कराने, जिससे आपदा से बचा जा सके लोग स्वस्थ्य हों।

जिला परिषद की बैठक में विभिन्न विभागों की संचालित योजनाओं की हुई समीक्षा

# 15वें वित्त आयोग अनाबद्ध मद से 153160 रुपये और आबद्ध मद से 1318700 रुपये की योजनाओं के विपत्रों का अनुमोदन

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड परिसर स्थित जिला परिषद के सभागार में जिला परिषद की बैठक अध्यक्ष रीना कुमारी की अगुवाई में की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याण कारी योजनाओं की स्थिति व प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान पेयजल व स्वच्छता विभाग, आपूर्ति, कल्याण, आर०ई०ओ०, विशेष प्रमंडल, कृषि, पंचायती राज, विद्युत, समाज कल्याण, शिक्षा आदि विभागो की समीक्षा की गई। समीक्षा के पश्चात कई दिशा निर्देश दिया गया।इससे पूर्व बैठक में सभी जन प्रतिनिधियों का अभिवादन हुआ तथा गत बैठक की संपुष्टि एवं अनुपालन किया गया। मौके पर 15वें वित्त आयोग अनाबद्ध मद से कियान्वित योजनाओ में 153160 रुपये के विपत्रों का अनुमोदन किया गया जबकि 15वें वित्त आयोग आबद्ध मद से कियान्वित योजनाओ में 1318700 रुपये की योजनाओं के विपत्रों का अनुमोदन किया गया। जिला परिषद् के मार्केट कॉम्प्लेक्स किस्को के हॉल संख्या 01 को पुस्तकालय के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया। पुस्तकालय पर होने वाला व्यय जिला प्रशासन द्वारा किया जायेगा। वही कुडू बस स्टैण्ड परिसर में नाली निर्माण, शेड एवं दुकान निर्माण, पेयजल, माईक एवं लाउडस्पीकर लगाने का निर्णय लिया गया। जबकि कुडू बस स्टैण्ड परिसर से अतिक्रमण हटाने का भी निर्णय लिया गया। पंचायत समिति लोहरदगा के वित्तीय वर्ष 2022-23 के विकास योजना के 77 योजनाओ को अनुमोदित किया गया। कार्यपालक अभियन्ता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल लोहरदगा को जिले में निर्मित जलमीनार का स्थल निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति की सूची तैयार करने का निदेश दिया गया। जिला परिषद की बैठक में उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद गरिमा सिंह, विनोद उरॉव, उपाध्यक्ष, जिला परिषद, जिप सदस्य कैरो सुखदेव उरॉव, कुडू गंगोत्री देवी, सेन्हा राधा तिर्की, किस्को संदीप कुमार,पेशरार रूबी देवी, भंडरा राजमनी उरॉव,विधायक प्रतिनिधि निशिथ जयशवाल, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, सभी प्रखंडों के प्रमुख, कनकलता भानू एक्का, कार्यपालक पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सिविल सर्जन, समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता, सहायक अभियन्ता, विद्युत प्रमण्डल, कार्यपालक अभियन्ता, विशेष प्रमण्डल, सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई, सहायक अभियन्ता, आर०ई०ओ० समेत अन्य उपस्थित थे।



## राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय चितरी में मनाया शरद संपात दिवस

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** भास्कर एस्ट्रो एसोसिएशन के तत्वावधान में राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय चितरी में शरद संपात दिवस मनाया गया। भास्कर एस्ट्रो एसोसिएशन के संयुक्त सचिव नवनीत कुमार गौड़ ने बच्चों को बताया कि सूर्यादि ग्रह नक्षत्रों के विषय में हमारे ऋषि-मुनियों ने प्राचीन काल में ही अनेकानेक जानकारी विभिन्न ग्रंथों के माध्यम से हमें दिया है। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों के द्वारा किया गया कालगणना बहुत ही सटीक हुआ करता था। आज का दिन इसलिए और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आज के दिन और रात लगभग बराबर होता है। केवल मात्र 6 मिनट का अंतर रहता है। इसे संपात दिवस भी कहा जाता है। पूरे वर्ष में यह दो बार होता है। पहला 21 मार्च को वसंत ऋतु में वसंत विषुव तथा दूसरा 23 सितंबर को शरद विषुव के नाम से जाना जाता है। इस मौके पर बच्चों कों अक्षांस ज्ञात करने की प्रायौगिक विधि बताया गया। किसी स्थान का अक्षांश विषवत रेखा से उसकी कौणिक दूरी होती है। इस दिन किसी वस्तु की छाया मापकर वस्तु की ऊंचाई और छाया का अनुपात निकालकर त्रिकोणमितीय विधि से प्राप्त कोण को 90 में से घटाया जाता है वही उस स्थान का अक्षांश होता है। विद्यालय में एक कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें अक्षांश ज्ञात करना विद्यार्थियों को सिखाया गया। उन्हें 5 ग्रुपों में बांटा गया और प्रत्येक ग्रुप को एक निश्चित लंबाई की छड़ी दे दी गई। उसे उन्हें समतल स्थान पर गाड़ने के लिए कहा गया और 11:00 बजे से उसको प्रत्येक 10:10 मिनट पर उसकी छाया को नापने के लिए कहा गया। सबसे छोटी छाया 11: 46 बजे प्राप्त हुई। वस्तु की ऊंचाई और प्राप्त छाया का अनुपात ज्ञात किया गयो अनुपात को त्रिकोणमितीय सारणी से कोण को मापा गया। इसे 90 में से घटाया गया। सभी ग्रुपों का औसत 23 डिग्री 10 मिनट आया जो वास्तविक अक्षांश उससे मात्र 14 मिनट कम है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक परमेन्द्र कुमार, बंदे उरांव, संदीप कुमार, रविंद्र कुमार सिंह, सुधा सिंह, ज्योति किरण बाखला, कुंती रानी आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील भगत ने बच्चों को शरद संपात दिवस की शुभकामना देते हुए कहा कि आप सभी के परिवार एवं जीवन में खुशहाली खेतों में हरियाली हो आपके घर अन्न एवं धन संपदा से भरा रहे आप सभी में बौद्धिक के साथ नैतिक गुणों का विकास हो ताकि आप सब राष्ट्र के नवनिर्माण में अपनी भूमिका निभा सके।



सम्पादक की कलम से...

# खतियान को लेकर संशय

**झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इन दिनों खतियान के खटराग पर विराम लगाने में जुटे हुए हैं। अब 1932 के अलावे अन्य सर्वे पर भी सरकार विचार करने की योजना बना रही है। ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में भले ही निर्वाचन आयोग से राज्यपाल को मिला लिफाफा लगभग एक महीने होने के बाद भी नहीं खुल रहा है लेकिन मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के पिटारे से ताबड़तोड़ सौगात निकल रहा है। मुख्यमंत्री ने पिछले एक महीने में कई ऐसे निर्णय लिए हैं जिसके सामने विपक्ष तो विपक्ष उनकी सरकार में शामिल सहयोगी पार्टियों की भी हेकड़ी बंद है। पुरानी पेंशन स्कीम, ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण का फैसला तो सब को भाया लेकिन 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीय और नियोजन नीति कई विधायकों और सांसदों को गले के नीचे नहीं उतर रहा था। यही वजह है कि पार्टी के फैसले से इतर कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष और सांसद गीता कोड़ा और उनके पति पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने कैबिनेट के निर्णय आते ही इस फैसले की मुखालफत कर दी। झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने भी सरकार के इस निर्णय का खुलकर विरोध किया। इसके बाद आज मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर यूपीए विधायकों की बैठक बुलाई और विशेष तौर पर सांसद गीता कोड़ा को भी बैठक में बुलाया गया। कहने को तो विधायकों को यह कहा गया था कि उनके साथ मुख्यमंत्री क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा करेंगे। समस्याओं पर चर्चा भी हुई लेकिन मुख्य रूप से 1932 पर भी मुख्यमंत्री ने बात की। उन्होनें सांसद गीता कोड़ा और विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह की बातों को सुना भी। कांग्रेस के कई अन्य विधायकों ने भी मुख्यमंत्री के समक्ष स्थानीय नीति से आ रही परेशानी को रखा। कांग्रेस विधायक उमाशंकर अकेला ने भी बैठक में स्थानीय नीति की दबे जुबान से ही मुखालफत की। यही कारण है कि सीएम हेमंत ताबड़तोड़ फैसला लेकर यह बताने का प्रयास कर रहे हैं कि उनकी सरकार सिर्फ काम को प्राथमिकता देती है। बहरहाल यूपीए विधायकों की मुख्यमंत्री के साथ हुई बैठक को लेकर राजनीतिक गलियारे में एक बार फिर से चर्चा में है। कहा जा रहा है कि विधायकों से क्षेत्र की समस्या जानने के लिए मुख्यमंत्री ने बैठक बुलाई थी लेकिन बैठक की मुख्य वजह विधायकों की संख्या की गणना करना था। दुर्गा पूजा को लेकर कई विधायक क्षेत्र से नहीं आना चाहते थे। कांग्रेस की सभी पांचों महिला विधायकों और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की सीता सोरेन का पूर्व निर्धारित कार्यक्रम उदयपुर राजस्थान में था। वहां इन विधायकों को लाल बहादुर शास्त्री अकादमी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होना था। जानकारी के अनुसार कई विधायकों ने टिकट भी कटा लिया था लेकिन अंतिम समय में उन्हें जाने से रोक दिया गया। दरअसल विधानसभा के विस्तारित सत्र 5 सितंबर को समाप्त हुआ था और उसके बाद मुख्यमंत्री ने सभी विधायकों के साथ बैठक कर सब को क्षेत्र जाने को कहा था। उसके बाद से पिछले 15 दिनों से यूपीए के सभी विधायक अपने -अपने क्षेत्र में ही थे। कहा जा रहा है कि इन्हीं सब बातों को देखते हुए मुख्यमंत्री ने सभी विधायकों की बैठक बुलायी और संख्या बल का भी अंदाजा ले लिया। क्योंकि जब विधायकों ने 1932 खतियान से आ रही परेशानी की बात की तो इस पर यह कहा गया कि बहुत जल्द इस मसले पर फिर से बैठक होगी।**

## आज का इतिहास

**1966 :** सोवियत संघ ने पूर्वी कजाखस्तान में परमाणु परीक्षण किया।
**1968 :** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ऑल इण्डिया जन संघ के अध्यक्ष चुने गए।
**1974 :** नोबेल पुरस्कार विजेता अलेक्सान्द्र सोल्शेनीत्सिन को सोवियत संघ सरकार और साम्यवाद की आलोचना करने के लिए देश से निकाला गया।
**1984 :** पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने नौसेना के लिए मुंबई स्थित मझगांव डॉक का शुभारंभ किया।
**1990 :** अमेरिका, ब्रिटेन तथा फ्रांस ने जर्मनी को फिर से एकीकृत करने पर सहमति दी।
**2001 :** मध्य अमेरिकी देश अल सल्वाडोर में 6.6 तीव्रता वाले भूकंप से कम से कम 400 लोगों की मौत।
**2003 :** प्रसिद्ध फिल्मकार यश चोपड़ा को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार मिला।
**2008 :** हिंदी सिनेमा के हास्य कलाकार राजेंद्र नाथ का निधन।
**2014 :** चीन के कैली शहर में एक अवैध जुआ घर में विस्फोट में 14 लोगों की मौत हो गयी तथा 17 लोग घायल हो गये।
**2014 :** अमेरिकी अभिनेता राल्फ वाइट का निधन।
**2015 :** प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. तुलसीराम का निधन।
**1742 :** मराठा राजनीतिज्ञ बालाजी जनार्दन भानु उर्फ नाना फडणवीस का जन्म।
**1762 :** ब्रिटिश नौसेना ने कैरेबियाई द्वीप मार्टिनिक पर कब्जा किया।
**1771 :** गुस्टाव तृतीय स्वीडन के राजा बने।
**1809 :** अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन का जन्म।
**1818 :** दक्षिण अमेरिकी देश चिली को स्पेन से स्वतंत्रता मिली।
**1824 :** प्रसिद्ध दार्शनिक दयानंद सरस्वती का जन्म।
**1855 :** अमेरिका में मिशीगन विश्वविद्यालय की स्थापना।
**1871 :** ईसाई मिशनरी, शिक्षाविद एवं भारत में समाज सुधार का काम करने चार्ल्स एफ. एंड्रयूज का इंग्लैंड में जन्म।

# चारों तरफ फैलते ब्रह्मांड की गुत्थी

> लगभग चौदह अरब साल पहले ब्रह्मांड नहीं था, सिर्फ अंधकार था। अचानक एक बिंदु की उत्पत्ति हुई। फिर वह बिंदु मचलने लगा। इस बिंदु के अंदर ही विस्फोट होने लगे। तब अंदर मौजूद प्रोटोनों की आपसी टक्कर से अपार ऊर्जा पैदा हुई। विस्फोट बदला महाविस्फोट में। इन महाविस्फोटों से ब्रह्मांड का निर्माण होता रहा। आज भी ब्रह्मांड में महाविस्फोट होते रहते हैं। इस तरह ब्रह्मांड लगातार फैल रहा है। यही बिग बैंग सिद्धांत है। ब्रह्मांड लगातार फैल रहा है और इसके फैलने की गति तेज हो रही है। सभी ग्रह-नक्षत्र और आकाशगंगाए एक-दूसरे से दूर होती जा रही हैं। यह रहस्य पिछले दो दशकों से अनसुलझा है कि आखिर ऐसा क्या है।

उन्नत तकनीक के इस दौर में कई दशक से धरती और ब्रह्मांड के बारे में अनुसंधान और खोज जारी है। इसके बावजूद वैज्ञानिकों का कहना है कि ऐसा बहुत कुछ है, जिसका पता लगाना बाकी है। इस बीच वैज्ञानिकों को अपनी दुनिया के बारे में तो बहुत कुछ पता है, लेकिन अब उन्हें धीरे-धीरे एक ऐसी दुनिया पर भी यकीन हो गया है, जो हमारी दुनिया से बिल्कुल उलटी है। लगभग चौदह अरब साल पहले ब्रह्मांड नहीं था, सिर्फ अंधकार था। अचानक एक बिंदु की उत्पत्ति हुई। फिर वह बिंदु मचलने लगा। इस बिंदु के अंदर ही विस्फोट होने लगे। तब अंदर मौजूद प्रोटोनों की आपसी टक्कर से अपार ऊर्जा पैदा हुई। विस्फोट बदला महाविस्फोट में। इन महाविस्फोटों से ब्रह्मांड का निर्माण होता रहा। आज भी ब्रह्मांड में महाविस्फोट होते रहते हैं। इस तरह ब्रह्मांड लगातार फैल रहा है। यही बिग बैंग सिद्धांत है। ब्रह्मांड लगातार फैल रहा है और इसके फैलने की गति तेज हो रही है। सभी ग्रह-नक्षत्र और आकाशगंगाए एक-दूसरे से दूर होती जा रही हैं। यह रहस्य पिछले दो दशकों से अनसुलझा है कि आखिर ऐसा क्या है, जिसकी वजह से यह विस्तार कायम है और इसकी गति तेज हो रही है। वैज्ञानिक कई तरीकों से इस विस्तार की गति को समझने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे वे ब्रह्मांड की उम्र, संरचना और विस्तार जैसे कई अनसुलझे सवालों के जवाब खोज सकते हैं। शिकागो यूनिवर्सिटी के खगोलविदों ने ब्रह्मांड के विकास को समझने के लिए स्पेक्ट्रल सायरन नाम की नई पद्धति सुझाई है, जिसमें ब्लैक होल के टकराव के जरिये वे पुरातन ब्रह्मांड को समझ सकते हैं। ब्लैक होल के बारे में कहा जाता है कि वह ऐसी जगह है जहां सूचनाएं भी गायब हो जाती हैं, फिर भी वैज्ञानिकों ने कई परोक्ष तरीकों से इनके जरिये ऐसी जानकारी निकालने में सफलता पाई है, जिससे ब्रह्मांड के इतिहास के बारे में पता चल सकता है। नये अध्ययन में दो खगोलविदों ने ऐसी पद्धति का विकास किया है जिसके जरिये टकराने वाले ब्लैक होल के जोड़े का उपयोग कर ब्रह्मांड के विस्तार की गति का मापन किया जा सकता है।इससे हमें पता चल सकेगा कि हमारा ब्रह्मांड कहां से विकसित हुआ, वह किससे बना और वह कहां जा रहा है। ब्रह्मांड के विस्तार की दर क्या है, यही सबसे बड़ा सवाल और बहस का विषय बना हुआ है। इसे हबल स्थिरांक के जरिए परिभाषित किया जाता है, लेकिन इसकी गणना के लिए अलग-अलग पद्धतियों का उपयोग होता है, जिससे अलग-अलग मात्राएं नतीजे में मिलती हैं। इस विवाद को सुलझाने के लिए वैज्ञानिक वैकल्पिक तरीके भी पता लगा रहे हैं। इस संख्या की सटीकता से ही ब्रह्मांड की उम्र, उसके इतिहास और संरचनाओं संबंधी सवालों के उत्तर मिल सकते हैं। नया अध्ययन इस गणना के नये तरीके को प्रस्तावित कर रहा है, जिसमें ब्लैक होल के टकराव से पैदा हुए खगोलीय कंपनों को विशेष डिटेक्टर द्वारा मापा जा सकेगा। जब दो ब्लैक होल आपस में टकराते हैं तो उनसे पूरे ब्रह्मांड में हर तरफ 'आकाश-काल' में एक कंपन फैलती है। पृथ्वी पर अमेरिका में लेजर इंटरफेरोमीटर ग्रेविटेशनल वेव आबजर्वेटरी और इटली की वर्गो वेधशाला इन कंपनों को पकड़ सकते हैं, जिन्हें गुरुत्व तरंगें कहा जाता है। पिछले कुछ सालों में लीगो और वर्गो ने करीब दस ब्लैक होल जोड़ों के टकरावों के आंकड़े जमा किए हैं। इन तरंगों में ब्लैक होल के भार की जानकारी छिपी होती है। लेकिन ये ब्रह्मांड के विस्तार के कारण, रास्ते में इन तरंगों के गुणों में बदलाव आ जाता है। वैज्ञानिक अगर इन तरंगों में बदलाव का मापन कर सके तो वे ब्रह्मांड के विस्तार की दर का भी पता लगा सकते हैं। फिर भी यहां एक समस्या है कि यह कैसे पता चलेगा कि संकेत मूल रूप से कितने बदले हैं। नये शोध पत्र में इस पद्धति से ब्रह्मांड के उस युग के बारे में पता चलेगा जब तथाकथित 'डार्क मैटर' ने ब्रह्मांड में हावी होना शुरू कर दिया होगा।

**■ निरंकार सिंह**

# आलस्य वरदान है

नींद व तोंद उन्हीं को मिलती है जो भाग्यवान होते हैं। ये दोनों अधिक हो जाएँ तो कम किया जा सकता है, लेकिन न हो तो किसी बीमारी से कम नहीं है। गणित का नियम कहता है- जो होता है उसी में से घटाया जा सकता है। जो नहीं है उसके लिए अनुमान लगाना सबसे मुश्किल काम है। यह दुनिया अनुमान लगाने के पचड़े से बचने के लिए ही गणित से पिंड छुड़ाकर भाग रही है। अब देखिये न यहाँ एक तरफ देश दो जून की रोटी कमाने में तो वहीं दूसरी ओर आधा देश इसे पचाने में मरा जा रहा है। इन्हीं दोनों के बीच जो धंधा सबसे ज्यादा फलता-फूलता है, वह है नींद और तोंद का। इसे कैसे कम करें या ज्यादा इसी में लोग अपनी जेब ढ़ीली करते जा रहे हैं। ये दोनों न होते तो कइयों के परिवार सड़क पर आ जाते। शुक्र है कि सोने वाली दुनिया और तोंद फुलाने वाले लोग कइयों की जीवन डोर अपने हाथ में थामे हुए हैं। अजगर की चाकरी और पंछी का काम इनके लिए सबसे प्रिय और आराध्य होता है। यानी आलस इनका परम देवता है। पशु-पक्षी जगत सुबह जल्दी उठ जाता है। यह उनकी विशेषता है। इंसान देरी तक सोता है यह उसकी विशेषता है। देरी तक सोने के कई लाभ होते हैं मसलन दिन की दौड़-धूप से कुछ देर बचने, बेफिजूल की बतकही करने, जात-पात, लिंग, धर्म, भाषा की किचकिच से थोड़ी देर तक अधिक सुस्ता सकता है। वैसे भी यहाँ कौन सही समय पर जागता है? यदि वह सही समय पर जागता तो दुनिया में इतनी झंझट नहीं होती। लेकिन इंसान है कि जलेबीदार घुमाव भरी जिंदगी का आदी हो चुका है। सीधेपन से तो उसे अपच हो जाता है। वैजानिक दृष्टि से भी देखें तो लोग सोने के लिए तरसा करते हैं और हजारों-लाखों रुपया डाक्टरों और दवाइयों में व्यय कर डालते हैं और यह अवैतनिक उपदेशक लोग स्वाभाविक निद्रा को आलस्य और दरिद्रता की निशानी बतलाते हैं। ठीक ही कहा है-'घर की चक्की छोड़कर, बाहर पाहन पूजे जाएँ।' लोग यह समझते हैं कि हम आलसियों से संसार का कुछ भी उपकार नहीं होता। मनुष्य का आलस्य ही अविष्कारों की जननी है। वह ज्यादा चले न इसके लिए एक से बढ़कर गाड़िया बना लीं। परिजनों और परिचितों के घर जाना न पड़े इसके लिए मोबाइल बना लिया। खाना न पकाना पड़े इसके लिए स्वीगी और जोमाटो अपना लिया। लिखने से जिराक्स, चढ़ने से लिफ्ट-एस्कलेटर, पढ़ने से सोशल मीडिया, खेलने से वीडियोगेम और रोने से ग्लिसरिन आदि इसी आलस की देन है। ध्यान से देखें तो पता चलता है कि दुनिया के बड़े-बड़े नोबल प्राप्त आविष्कार आलस्य और ठलुआ-पंथी में ही हुए हैं। वाट साहब ने भाप शक्ति का आविष्कार एक ठलुआ बालक रहकर ही किया था। न्यूटन ने भी अपना गुरुत्वाकर्षण का सिद्धांत बेकारी में ही पाया था। लुई पाश्चर नहाने के आलस के चलते ही अपनी शादी भूलकर वैक्सिन की खोज में लगे रहे। थामस अल्वा एडिसन दुनिया को बत्ती देते उससे पहले ही पाठशाला ने उनकी बत्ती बुझा दी। यानी स्कूल से बाहर कर दिया। उन्हें लगा कि इसके बेफिजूल प्रश्न तो आलस से उपजे हैं। इस तरह आप किसी को भी ले लें सब आलस की महादेन हैं। इसीलिए कहते हैं दुनिया जाग-जागकर रोने से नहीं सो-सोकर मुस्कुराने से सुखमय बनती है। कम से कम जागकर झगड़े फसाद से बचने का छुटकारा मिलता है।

**■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**
**मो. नं. 73 8657 8657**

## धर्म दर्शन

# श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

व्यासजी बोले- उनके ऐसा कहनेपर 'वैसा ही होगा'- यह कहकर अत्यन्त विश्वस्त तथा भावी कार्यके प्रति प्रयत्नशील शची नहुष के पास गयीं। नहुष उन्हें देखकर प्रसन्न होता हुआ यह वचन बोला- हे कामिनि। तुम्हारा स्वागत है, मैं तुम्हारे सत्य वचनोंके कारण तुम्हारे अधीन हूँ। तुमने अपने वचनका सत्यतापूर्वक पालन किया, इसलिये मैं तुम्हारा दास हो गया हूँ। हे मितभाषिणि तुम जब मेरे समीप आ गयी हो तो मैं सन्तुष्ट हो गया हूँ तुम्हें अब लज्जा नहीं करनी चाहिये। हे सुन्दर मुसकानवाली मुझ अनुरक्तको अंगीकार करो है विशाल नेत्रोंवाली। अपना कार्य बताओ में तुम्हारा प्रिय करूँगा॥ २२-२५॥

शची बोली- हे कृत्रिम वासव! आपने मेरा सम्पूर्ण कार्य कर दिया है। हे देव है वो इस समय मेरे मनमें एक अभिलाषा है, उसे आप सुनें। हे कल्याण! मेरा मनोरथ पूर्ण कर दीजिये, इसके बाद में आपको वशवर्तिनी हो जाऊँगी मैं बड़े उत्साहसे अपना मनोरथ कह रही हूँ, आप उसे पूरा करनेमें समर्थ हैं ॥ 26-27॥

नहुष बोला- हे चन्द्रमुखि ! तुम अपना कार्य बताओ, मैं तुम्हारा अभिलषित कार्य करता हूँ। हे सुभ्रु यदि अलभ्य वस्तु होगी तो भी मैं तुम्हें दूंगाः मुझे बताओ ॥ 28॥

हे राजन ! मेरो उस अभिलाषाको पूर्ण कर देनेपर में सदाके लिये आपकी वशवर्तिनी हो जाऊँगी। है 'यह मेरा सत्यवचन है ॥ 29-31॥

नहुष बोला- हे सुन्दरि में यज्ञ, दान आदि कृत्योंसे संचित पुण्यकी शपथ लेकर कहता हूँ कि मैं तुम्हारे वचनका अवश्य पालन करूँगा ॥ 32॥

शची बोलीं- इन्द्रके वाहन अश्व, गज और रथ है। भगवान् विष्णुका वाहन गरुड़, यमराजका वाहन महिष, शिवका वाहन वृषभ, ब्रह्माकी वाहन हंस, कार्तिकेयका वाहन मयूर और गजाननका वाहन मूषक है। हे सुराधिप। मैं चाहती हूँ कि आपका वाहन ऐसा विलक्षण हो जो विष्णु, रुद्र, असुरों तथा राक्षसोंके भी पास न हो ॥ 33-35॥

हे महाराज! अपने व्रतमें अटल रहनेवाले समस्त मुनिगण शिबिका (पालकी) में आपको ढोयें हे राजन्। यही मेरी इच्छा है। हे पृथ्वीपते। मैं आपको सभी देवताओंसे महान् समझती है, इसीलिये मैं सावधान रहती हुई आपके तेजकी वृद्धि चाहती है॥ 36-37॥

व्यासजी बोले- उनकी यह बात सुनकर महादेवीद्वारा प्रकट किये गये मोहसे मोहित हुआ बुद्धिहीन राजा नहुष हँसकर इन्द्रप्रिया शचीको सन्तुष्ट करते हुए यह वचन कहने लगा॥ 38-39॥

**- क्रमशः**

# क्या पुतिन ने कोई सबक लिया

पश्चिमी मीडिया व कूटनीति-विशारदों का मानना है कि यदि रूस कुछ मोर्चे और गंवाता है, तो पुतिन की पहले से धुंधलाती छवि रसातल में चली जायेगी। इससे उन्हें सांघातिक झटका लग सकता है। अमेरिका और मित्र देशों द्वारा इस असंतोष को बढ़ावा देकर क्रेमलिन में सत्ता-पलट की कोशिशें भी की जा सकती हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले दिनों पुतिन की कार से धमाके के बाद धुआं उठते देखा गया। इस रपट का दावा है कि यह रूसी राष्ट्रपति की जान लेने के इरादे से किया गया हमला था। अगर यह सच है, तो क्या किसी असंतुष्ट गुट ने ऐसा किया या पश्चिम की एजेंसियां कुछ साजिशें रच रही हैं? असलियत जो हो, पर क्या पुतिन को रास्ते से हटाना आसान है? पुतिन पर 2017 में भी जानलेवा हमला हुआ था। वह हिंसक-अहिंसक साजिशों से निपटने में कामयाब रहे हैं, पर अधिक दबाव उन्हें अतिवादी प्रतिक्रिया के लिए प्रेरित कर सकता है। यह जगजाहिर है कि यूक्रेन में नाटो सीधे तौर पर भले न लड़ रहा हो, पर कीव की सारी नीतियां उसी के नियंता रच रहे हैं। इस हमले से नाराज स्वीडन और फिनलैंड ने भी नाटो की सदस्यता ग्रहण करने की मंशा जाहिर की है। जिस नाटो का प्रसार रोकने के लिए क्रेमलिन ने इतना खून बहाया, वह प्रत्यक्ष-परोक्ष रूप से रूस की सीमाओं तक जा पहुंचा है। तय है, यूक्रेन पर हमला उल्टा पड़ा है। कहीं ऐसा तो नहीं कि अपने चौतरफा घिराव और घरेलू मोर्चे पर धराशायी होने के भय से पुतिन कोई ऐसा कदम उठा लें, जिससे तीसरे महायुद्ध का खतरा उत्पन्न हो जाए! कुछ विद्वानों की अवधारणा है कि परमाणु युग में विश्व-युद्ध संभव नहीं। यही लोग थे, जो कल तक जंग को इसी वजह से अतीत की बात बताते थे। उनकी पहली अवधारणा ध्वस्त हो चुकी है। अब क्या दूसरी की बारी है? इस सवाल का जवाब तलाशने के लिए हमें पिछली सदी में लौटकर देखना होगा कि वे कौन से हालात थे, जिन्होंने दूसरे महायुद्ध को जना? इतिहासकारों ने इसके चार कारण बताये हैं- वर्साय की संधि और उससे जनित जर्मनी का अपमान बोध, समूची दुनिया में आर्थिक उथल-पुथल, जर्मन राष्ट्रवाद के बहाने नाजीवाद का उत्कर्ष और तमाम विचारहीन गठबंधनों का उदय। आज परिस्थितियां कैसी हैं? द्वितीय विश्व-युद्ध के पहले जिस तरह अमेरिका आर्थिक रूप से जर्जर था, लगभग उसी तरह के दोहराव का शुब्हा वहां के अर्थशास्त्री जता रहे हैं। कुछ सप्ताह पूर्व अमेरिका में मुद्रास्फीति13 प्रतिशत के मारक स्तर तक पहुंच गई थी। मजबूरन, फेडरल रिजर्व (केंद्रीय बैंक) को ब्याज दर बढ़ानी पड़ रही है। इससे मुद्रास्फीति में लगभग पांच फीसदी की गिरावट आई है, पर अभी भी 8.3 फीसदी का स्तर बना हुआ है। आम आदमी को जब राहत मिलेगी, तब मिलेगी, पर उद्योग-धंधों का नुकसान तय है। इसी तरह, समूचा यूरोप अभूतपूर्व आर्थिक ढ़लान पर जा खड़ा हुआ है। ऊपर से रूस ने वहां बिजली और ऊर्जा की आपूर्ति सीमित कर दी है। नतीजतन, बिजली और पेट्रो उत्पादों के दाम दोगुने तक बढ़ गये हैं। महंगाई रोज नये कीर्तिमान बना रही है। दूसरे विश्व-युद्ध के बाद यह पहला अवसर है, जब एफिल टावर की लाइटें बुझा दी गई हैं। बार्सिलोना के फव्वारे रात को बिजली के बिना अपनी आभा बिखेरने में असमर्थ हैं। आर्थिक मंदी ने ही अमेरिका को अनेक नीतियों व लक्ष्यों को त्यागकर महायुद्ध में भाग लेने पर मजबूर किया था। इस समय तो समूचा यूरोप और अमेरिका बेहाल है। दूसरी तरफ, चीन की आर्थिक और सैन्य शक्ति निरंतर बढ़ती जा रही है। पिछले दशक में वह जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की दूसरी आर्थिक शक्ति बन बैठा था। बीजिंग के समर्थक मानते हैं कि यह अमेरिकी प्रभुत्व का आखिरी दशक साबित होने जा रहा है। अभी से यह महादेश उत्पादन, निर्यात और स्वनिर्मित उत्पादों की बिक्री में शीर्ष पर है। इसी अक्तूबर में शी जिनपिंग अगर अपना तीसरा कार्यकाल पाने में सफल हो जाते हैं, तो चीनी आक्रामकता के साथ अन्य देशों की लामबंदी में यकीनन बढ़ोतरी होगी। तेजी से पनपता नया शीतयुद्ध कब धधकते लावे में तब्दील हो जाए, कोई नहीं जानता। इससे हकबकाई दुनिया में तरह-तरह की संधियों की बाढ़ आ गई है।

**■ शशि शेखर**

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

# बिना हेलमेट बाइक न चलायें

आंकड़े बताते हैं कि सड़क दुर्घटना में मरनेवालों की संख्या ज्यादातर युवाओं की होती है, जिनमें अधिकांश हेलमेट नहीं पहननेवालों की है। इतना कुछ होने के बावजूद बिना हेलमेट व तीन सवारी बैठाये युवको को बाइक चलाते आम तौर पर देखा जा सकता है। आज कल के युवाओं में ज्यादातर यह देखा जाता है कि युवा वर्ग के लोग गाड़ी चलाते समय अपने मोबाइल को अपने कानों से दबा कर बाइक चलाते हुए बात करते है। जो कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकती है। वैसे तो प्रशासन के द्वारा बार बार हेलमेट लगाने को लेकर जांच की जाती है। साथ ही गाड़ी चलाते हुए मोबाइल पर बात करने को लेकर मनाही की जाती है साथ ही साथ गाड़ी चलाते वक्त मोबाइल से बात न करने की भी सलाह दी जाती है। यह दुर्घटना का कारण बन सकती है। बाइक सवार अपने सिर व कंधे के बीच मोबाइल दबाकर सड़क पर चलते दिखाई देते हैं। इन सब बातों से दुर्घटना की पूरी संभावना रहती है। इन सब बातों पर न ही उनके अभिभावक ध्यान देते हैं और ना ही ट्रेफिक पुलिस। वहीं, आम आदमी इससे मतलब नहीं रखता है। इन दुर्घटनाओं से बचने के लिए आवश्यक है कि मोबाइल पर बात करना अगर आवश्यक है,तो हम बाइक रोककर एक जगह बात कर सकते हैं। बाइक पर एक हाथ से बाइक चलाना और मोबाइल पर बात करना उनके लिए एवं अन्य लोगों के लिए खतरनाक हो सकता है। मैं आपके लोकप्रिय हिंदी दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से ऐसा करने वाले युवकों से अनुरोध करता हूं कि इस तरह बाइक पर मोबाइल से बात करके अपने औरों की जान जोखिम में नहीं डालें।

**■ विवेक कुमार, हमीदगंज , मेदिनीनगर।**

# मोदी व शी नहीं मिले तो अच्छा ही हुआ

समरकंद में हुई शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) की शिखर बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शिरकत को भारतीय सामरिक हितों के बरक्स इस ग्रुप के कुछ खास भू-राजनीतिक आयामों के संदर्भ में देखा जाना चाहिएः लैंडलॉक्ड सेंट्रल एशिया में स्थिरता, वहां रूस और चीन के बीच की आपसी होड़, मध्य एशियाई देशों का भारत की मौजूदगी बढ़ाने का आग्रह, क्षेत्र में धार्मिक अतिवाद और आतंकवाद (खासकर अफगानिस्तान में), चीन के बेल्ट एंड रोड प्रॉजेक्ट की पैठ, ईरान की सदस्यता, अफगानिस्ताम का संभावित प्रवेश और अब सऊदी अरब, तुर्की तथा कतर का नया डायलॉग पार्टनर बनना। एक गैर पश्चिम समूह के रूप में एससीओ का एक मकसद बहुध्रुवीयता को आगे बढ़ाना भी है। हमारी सदस्यता बहुध्रुवीय विश्व के प्रति हमारी अपनी प्रतिबद्धता की झलक देती है। लोकतांत्रिक और 'निरंकुश' दुनिया के बीच पुल की भूमिका निभाते हुए हमने इस संगठन की अहमियत बढ़ाई है। पश्चिम से हमारे रिश्ते मजबूत होने का यह मतलब नहीं है कि हम उसका दबदबा कायम रखना चाहते हैं। यही वजह है कि हम अन्य शक्ति केंद्रों में भी साझेदारी करते हैं ताकि दुनिया में हमारे हितों के अनुकूल शक्ति संतुलन बना रहे। इस शिखर बैठक की टाइमिंग खास तौर पर गौर करने लायक है। यह ऐसे समय हुई, जब रूस और यूक्रेन के बीच जंग जारी है। इससे पहले चीन ने लद्दाख में दखलंदाजी की थी, जहां अभी भी दोनों देशों के बीच विवाद सुलझा नहीं है। इतना ही नहीं, भारत और चीन दोनों ही देशों ने हजारों की संख्या में सीमा पर सैनिक तैनात कर रखे हैं। बड़ी बात यह भी है कि अमेरिका के साथ रूस और चीन दोनों के संबंधों इधर काफी खराब हुए हैं। वहीं, अमेरिका के साथ हमारे रिश्तों में जबर्दस्त सुधार हुआ है। अमेरिका और यूरोप दोनों यूक्रेन मसले पर रूस की निंदा करने के लिए तैयार न होने के कारण हमसे नाखुश हैं। ऐसे में जरूरी था कि समरकंद में अत्यधिक सावधानी के साथ और संतुलित कूटनीति के तहत आगे बढ़ा जाए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिखर बैठक में इसके अनुरूप ही भाषण दिया। उन्होंने कहीं भी बहुध्रुवीयता का जिक्र नहीं किया। ना ही आतंकवाद या सुरक्षा से जुड़े मुद्दों के बारे में कुछ बोले। यूक्रेन मसला भी उन्होंने ग्लोबल सप्लाई चेन में आ रही बाधाओं और उसकी वजह से उत्पन्न अभूतपूर्व ऊर्जा और खाद्य संकट के संदर्भ में उठाया। मोदी ने अपने क्षेत्र में विश्वसनीय, लचीला और विविधतापूर्ण सप्लाई चेन विकसित करने की जरूरत पर जोर दिया जिसके लिए बेहतर कनेक्टिविटी चाहिए होगी। इसी संदर्भ में उन्होंने कहा कि 'हम सब एक दूसरे को अपने क्षेत्रों से गुजरने का पूरा अधिकार देते हैं' और अनायास ही इस मामले में पाकिस्तान की नाकामी की याद दिला दी। भारतीय सीमा में चीन की घुसपैठ, दरअसल एससीओ के सिद्धांतों को कमजोर करता है। खासकर इस दावे को कि यह संगठन विभिन्न देशों के बीच समानता पर आधारित रिश्तों की नुमाइंदगी के लिहाज से पश्चिम के मुकाबले बेहतर नजरिया रखता है। समरकंद में मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग की मुलाकात नहीं हुई, जिसकी बैठक से पहले अटकलें लगाई जा रही थीं। बैठक से पहले लद्दाख में गोगरा हॉट स्प्रिंग पर दोनों देशों के बीच विवाद सुलझने के बाद कहा जा रहा था कि मोदी और शी समरकंद में बातचीत कर सकते हैं। लेकिन इस मुलाकात का ना होना ठीक है। असल में जब तक सीमा पर चीन तनाव कम करने को पूरी तरह तैयार नहीं हो जाता, तब तक जल्दबाजी में बैठक करना उसके हाथों में खेलने जैसा हो जायेगा। समरकंद में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन के साथ पीएम मोदी की बैठक सबसे अहम रही। पीएम मोदी ने दुनिया और खासकर विकासशील देशों के सामने मौजूद सबसे बड़ी समस्या- खाद्य, ऊर्जा सुरक्षा और फर्टिलाइजर - का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इसे हल करने का कोई न कोई रास्ता तलाशना होगा और इसके लिए रूस के भी पहल करनी होगी। मोदी ने यह भी कहा कि यह युद्ध का दौर नहीं है। उन्होंने इस बारे में पहले भी पूतिन से बात की थी कि दुनिया अब डायलॉग और डिप्लोमेसी को लेकर ज्यादा संवेदनशील हुई है।

**■ कंवल सिब्बल**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.)प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-240042/ 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## न्यूज गैलरी

### लॉटरी टिकट को लेकर झुमरीतिलैया में तीन ठिकानों पर छापेमारी




**कोडरमा।** लॉटरी के अवैध धंधे की गुप्त सूचना पर एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर गुरुवार रात झुमरीतिलैया शहर के नंदी बाबा चौक सहित तीन ठिकानों पर छापेमारी किया गया। छापेमारी में लगभग 3 लाख नगद सहित भारी मात्रा में लॉटरी की टिकट जप्त किया गया, जबकि 5 लोगों को मौके से गिरफ्तार भी किया गया। नंदी बाबा चौक स्थित आयुष शर्मा द्वारा संचालित ठिकाने पर जहां तिलैया थाना प्रभारी राम नारायण ठाकुर के नेतृत्व में छापेमारी चल रही थी। झंडा चौक स्थित जनक मार्केट में विजय जोशी द्वारा संचालित ठिकाने पर आनंद साह द्वारा तथा एक अन्य ठिकाने झंडा चौक स्थित एक गुमटी पर मो. इस्लाम अंसारी द्वारा छापेमारी की गई। हिरासत में लिए गये लोगों में आयुष शर्मा पिता जग्गू शर्मा नंदी बाबा चौक, विजय जोशी झंडा चौक के निकट, मुन्ना शाह ताराटांड़, विजय कुमार व निशांत कुमार बजरंग नगर शामिल हैं। छापेमारी दल में तिलैया थाना के थाना प्रभारी राम नारायण ठाकुर, एएसआई इस्लाम अंसारी, एसआई लव कुमार, एसआई आनंद साह, तकनीकी शाखा की टीम, पैंथर के जवान आदि मौजूद थे।

### सांप ने डंसा, इलाज के दौरान हुई मौत

**कोडरमा।** जिले के सतगावां थाना अंतर्गत कोठियार मे बीती रात सांप ने एक व्यक्ति को डंस लिया जिसकी इलाज के दौरान सदर अस्पताल में मौत हो गयी। मृतक की पहचान अर्जुन राय (उम्र 46 वर्ष, पिता माधे राय, ग्राम कोठियार) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की देर रात खाना खाकर अपने रूम में सो रहे थे। सोने के दौरान अचानक जहरीला सांप ने डंस लिया। शुक्रवार की सुबह जब तबीयत बिगड़ने लगी तब सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान इसकी मौत हो गई। इसकी सूचना कोडरमा पुलिस को देने के बाद कोडरमा पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### पौधरोपण कर पर्यावरण सुरक्षा का लिया गया संकल्प



**बरकट्ठा।** बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा द्वारा प्रेषित पत्र के आलोक में एवं प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश के निदेर्शानुसार सेवा पखवाड़ा (17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक) के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सभी बूथों पर लक्ष्य निर्धारित कर पौधरोपण का कार्यक्रम किया गया। जिसकी अध्यक्षता बेडोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद और संचालन महामंत्री इन्द्रदेव यादव ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि बेडोकला मंडल प्रभारी ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षा के लिए पौधरोपण अभियान चलाना आवश्यक है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को साल में कम से कम पांच पौधा अनिवार्य रूप से लगाना चाहिए ।कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों में आम लोगों की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। समय-समय पर पर्यावरण जागरूकता मेला व वृक्ष रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया जाना चाहिए। उपस्थित लोगों ने पर्यावरण की सुरक्षा का संकल्प लिया। पौधरोपण कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से रीतलाल प्रसाद चौधरी, मुरली प्रसाद, लिलेश्वर प्रसाद, मनोज प्रसाद चौधरी, अनुज चौधरी, शंकर शर्मा, गंगाधर प्रसाद समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे ।

### केरेडारी आजसू पार्टी की महिला प्रकोष्ठ का हुआ सम्मेलन

**केरेडारी।** केंद्रीय नेतृत्व के दिशा निदेर्शानुसार आजसू पार्टी के केरेडारी इकाई ने पंचायत भवन में शुक्रवार को महिला प्रकोष्ठ का पदाधिकारी चयन को लेकर प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में प्रखंड स्तरीय आजसू पार्टी महिला प्रकोष्ठ की कमेटी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष राधा देवी को तथा सचिव आशा देवी का चयन किया गया। वहीं कार्यकारी अध्यक्ष किरण देवी, उपाध्यक्ष रेखा देवी, भारती देवी, चंचला देवी, रूपा देवी को, सह सचिव निशा कुमारी, लक्ष्मी देवी,कोषाध्यक्ष लीलावती देवी, संगठन सचिव राधा देवी को बनाया गया। वहीं कार्यकारिणी में यशोदा देवी, बुधनी देवी, सपना देवी, देवंती देवी, पिंकी देवी का चयन किया गया। इस कार्यक्रम में पार्टी के केंद्रीय सदस्य पंकज साहा ने कहा कि पार्टी की नीति और सिद्धांत पर चलने की आवश्यकता है। मौके पर केंद्रीय सदस्य पंकज शाहा, जिला उपाध्यक्ष भोला महतो, प्रखंड अध्यक्ष बैजनाथ महतो, प्रखंड उपाध्यक्ष महेंद्र महतो, कोषाध्यक्ष कंचन यादव, अरुण साव, विकास कुमार, ईश्वर राम सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थीं।

### सांसद खेल महोत्सव फुटबॉल मैच का शुभारम्भ

चलकुशा। चलकुशा प्रखंड में सांसद फुटबॉल टूर्नामेंट मैच का शुभारंभ चटकरी फुटबॉल स्टेडियम में शुक्रवार को 10 बजे से किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक वर्णवाल ने की एवं संचालन चलकुशा मंडल महामंत्री श्यामसुंदर यादव ने किया। मुख्य अतिथि चलकुशा जिला परिषद सदस्य सबिता सिंह एवं विशिष्ट अतिथि अंचलाधिकारी शशीकांत सिंकर, बीडीओ समरेश प्रसाद भंडारी ने फीता काट कर शुभारंभ किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुखदेव यादव, सुबोध चौधरी, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह, चलकुशा मंडल अजजा अध्यक्ष श्रीराम हासंदा, पंचायत समिति सदस्य बाबूलाल यादव, मुखिया प्रतिनिधि, रामजीत रजक, रामदेव यादव, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि लखन साव, दिनेश मालाकार, मनोज कुमार, अशोक चौधरी, खेल निर्णायक के रूप में रामप्रसाद यादव, नारायण शर्मा, मनोज राणा सहित काफी संख्या कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

### विद्यालय में आमसभा का आयोजन

**चरही।** चुरचू प्रखंड बहेरा पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय फुसरी और नवप्राथमिक विद्यालय कजरी के भुरकुंडा टोला में आम सभा का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि पंचायत बहेरा के मुखिया देवकी महतो थे। आम सभा में निर्णय लिया गया की जिन बच्चों का जाति, आय और आवासीय प्रमाण-पत्र की जरूरत है मुखिया से अनुशंसा कराकर अंचल कार्यालय चुरचू में जमाकर कराकर इसका निराकरण करने का काम किया जाएगा। साथ ही मुखिया ने कहा कि इस विद्यालय के बच्चों के प्रति विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

---

सड़क निर्माण व विभिन्न परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा, कहा

# भूमि अधियाचना से संबंधित आवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** सड़क निर्माण व विभिन्न परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण कार्यों की शुक्रवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा ने समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा की। मौके पर उपायुक्त ने भारतमाला परियोजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में भूमि अधिग्रहण के तहत अब तक हुए कार्यों की जानकारी परियोजना निदेशक एनएचएआई धनबाद सुधीर कुमार से ली। इस संबंध में जानकारी देते हुए परियोजना निदेशक द्वारा उपायुक्त सहित अन्य अधिकारियों को बताया गया कि भारतमाला परियोजना के तहत फेज 1 एवं फेज 2 के कार्य के लिए जमीन अधिग्रहण का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है। अधिग्रहण के उपरांत भूमि के



मुआवजे के भुगतान हेतु अवार्ड व वंशावली के निर्माण हेतु ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है।

मौके पर उपायुक्त ने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी एवं संबंधित अंचल अधिकारियों को अधिग्रहण व मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया जल्द पूरी करने हेतु रोस्टर तैयार करते हुए रोस्टर के आधार पर ग्राम सभा आयोजित करने एवं नियमित रूप से इससे संबंधित प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। अन्य परियोजनाओं यथा जुड़को व पीवीयूएनएल में जमीन अधिग्रहण कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने जुड़को से आए अधिकारियों को भूमि अधियाचना से संबंधित आवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

वहीं पीवीवीएनएल को भूमि उपलब्ध कराने हेतु उपायुक्त ने अंचल अधिकारी पतरातू को ग्राम सभा आयोजित करने एवं अन्य प्रक्रिया पूरी करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न परियोजनाओं को भूमि उपलब्ध कराने हेतु एफआरए/ एनओसी संबंधित मामलों को लेकर वन प्रमंडल पदाधिकारी के साथ चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, विभिन्न परियोजनाओं के पदाधिकारियों/ प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## जंगली हाथियों ने फिर दी दस्तक, भयभीत हुए लोग



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में विगत एक माह से जंगली हाथियों के झुंड ने भारी मात्रा में फसलों व घरों को नुकसान पहुंचाया है। कई स्थानों पर जानवरों को मारा, विद्यालय को तोड़ा, घर के रखे अनाज को चट किया और भी तरह से लोगों को परेशान कर रखा है। 22- 25 की संख्या में देखे जाने वाले हाथी प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गांव का दौरा करते देखे जा सकते हैं। इनके देखने से लोग सहसा भयभीत हो रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार दोपहर में शिलाडीह पंचायत के ग्राम डोंडहरा में इनका झुंड फिर से दिखाई दिया। वहीं पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि समीम अंसारी ने सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को सतर्क रहने का आग्रह किया है। वहीं हाथियों द्वारा मचाए गए उत्पात की लिस्ट अच्छी खासी लंबी है बावजूद इसके प्रशासन द्वारा सार्थक पहल करते दिखाई नहीं दे रहा है। हालांकि सूचना मिलने पर प्रशासन अपना काम करती है लेकिन जब तक इन्हें सुरक्षित क्षेत्र तक नहीं भेजा जाएगा तब तक आसपास के इलाकों में जानमाल का भारी नुकसान होता रहेगा। इस संबंध में समाजसेवी समीम अंसारी ने बताया कि हम लोग प्रशासन को सूचना दे चुके हैं तथा लोगों से सावधान रहने का आग्रह किया गया है।

## अलग-अलग मामलों में दो वारंटी भेजे गये जेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र में विभिन्न मामलों में दो वारंटी समकालीन छापामारी के दौरान बीते रात कांड संख्या 10/ 2002 के वारंटी महेंद्र मॉझी, पिता करिया मांझी तथा कांड संख्या 09/ 2000 के वारंटी सुरेंद्र मॉझी, पिता सुंदरा मांझी दोनों थाना



गोरहर जिला हजारीबाग को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## सात दिवसीय शिविर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

**झुमरीतिलैया।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन के प्रथम सत्र का प्रारंभ योगाभ्यास के साथ स्वयंसेवक पवन और दयानंद ने चक्की आसान, दंडासन वृक्षासन, ताड़ासन आदि का अभ्यास करवाया और इसके महत्व पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात सुभाष चंद्र बोस एवं विवेकानंद समूह द्वारा गोद लिए गांव इंदरवाटाड़ में स्वच्छता अभियान चलाया। स्वयंसेविका मोनिका सिंह ने पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ जल के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया। शिविर के द्वितीय सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बचपन प्ले स्कूल की प्रधानाध्यापिका नीरजा कुमारी को ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन की उपनिदेशिका ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत गोद लिए गांव इंदरवाटांड़ की बालिकाओं ने नृत्य प्रस्तुत किया। स्वयंसेविका तारामणि बाला, दिव्या सिंह, प्रियंका कुमारी, रोसलीन इक्का, अलविदा टूटी, करुणा, निशा,रीना, किरण सोनाली आदि ने नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में ही श्रुति कुमारी, अनुपम कुमार सिंह, प्रियंका कुमारी, संजना सुमन ने गीत गायन प्रस्तुति की। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेविका मनंसिका जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक वागीश दुबे, मृदुला भगत, अजय गुप्ता, प्रिया कुमारी, निशा कुमारी, नीरज कुमार, रोहित कुमार, चुन्नू कुमार एवं स्वयंसेविका सोनम, रंजू निक्की किरण रीना आदि उपस्थित थी।

## प्रोजेक्ट रेल के तहत बच्चों का हुआ साप्ताहिक टेस्ट

**कोडरमा।** जिले के विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का माहौल विकसित करने एवं आगामी मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा एक बार फिर से प्रोजेक्ट रेल की शुरूआत की गई हैं। प्रोजेक्ट के तहत शुक्रवार को जिले के लगभग सभी सरकारी विद्यालयों में कक्षा 09 से लेकर कक्षा 12 (विज्ञान व कला संकाय) तक के छात्र- छात्राओं का सप्ताहिक टेस्ट लिया गया। 9 और 10 क्लास के बच्चों का सामाजिक विज्ञान विषय का टेस्ट था वहीं 11 क्लास के बच्चों का केमिस्ट्री विषय और बारहवीं कक्षा (विज्ञान संकाय) के छात्रों का केमिस्ट्री विषय व कला संकाय के छात्रों का इतिहास विषय का टेस्ट लिया गया। प्रोजेक्ट रेल के तहत हो रहे इस साप्ताहिक टेस्ट में आज लगभग 15,000 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए।

## आजसू पार्टी नगर परिषद कार्यालय में बिनोद बिहारी महतो का जयंती मनायी गयी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** झारखंड आंदोलन के जनक एवं पढ़ो एवं लड़ों का नारा देने वाले बिनोद बिहारी महतो का जन्मोत्सव आजसू पार्टी नगर परिषद कार्यालय में नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो के नेतृत्व में शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर मनोज कुमार महतो ने कहा कि लंबे आंदोलन के फलस्वरूप झारखंड राज्य हासिल हो गया है। इसके लिए कई लोगों ने कुर्बानियां दी है। कहा कि बिनोद बाबू का सपना तभी पूरा होगा जब हरेक झारखंडी स्वावलंबी होंगे। शोषण हरित झारखंड के लिए सही नीति निर्धारण की आवश्यकता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप



से वार्ड पार्षद देवधारी महतो, रोशन कुमार, आजसू पार्टी नगर परिषद सचिव राजेन्द्र महतो, विभावि प्रभारी राजेश महतो, प्रवक्ता कैलाश महतो,सह सचिव डिया महतो, राजकुमार महतो, नरेश महतो, सहसचिव पुरुषोत्तम कुमार, बलदेव महतो, मिठु महतो, राजेश महतो, माधो महतो, उमेश महतो, भोगनाथ पहान, कल्लू राम, राजेश राम, सुरेंद्र साव, लखी ठाकुर,अशोक रविदास, खुनेश महतो, मनोज मुंडा, विशाल राम आदि उपस्थित थे।

## साधकों ने समर्थ गुरु औलिया ओशो सिद्धार्थ जी का जन्मोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर के ओशोधारा केंद्र बिजुलिया स्थित श्री श्याम कृपा भवन में 23 सितंबर को सुबह 7:00 से 8:30 बजे तक समर्थ गुरू औलिया ओशो सिद्धार्थ जी का जन्मोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। गुरू के चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात आचार्य श्री स्वामी प्रेम पारिजात (कमल बगड़िया) ने कहा कि जिस प्रकार एक कुम्हार अपनी चाक को चलाता हुआ उसके केंद्र पर ध्यान रखता है। उसी तरह हमें भी भगवान को केंद्र में रखते हुए ध्यान में उतरना चाहिए। कहा कि ओशो ने जोरबा की शिक्षा दी। बताया कि



ओशो ने कहा कि जोरबा यानि संसार की समृद्धि को प्राप्त करते हुए भगवान बुद्ध की भांति अध्यात्म को प्राप्त कर संबोधि को उपलब्ध होना ही मानव जीवन की सफलता है। कहा कि जिस तरह पात्र अगर गंदा है तो उसमें खीर परोसी नही जाती उसी तरह मन में विकार होने की स्थिति में ध्यान में उतरा नही जा सकता। इसके उपरांत भ्रामरी प्राणायाम ध्यान साधना करवायी गई। संगीत एवं नृत्य उत्सव के उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

**ये थे मौजूद :** कार्यक्रम में महेंद्र अग्रवाल, संजय शर्मा, प्रमोद मोदी, ओम खंडेलवाल, विनोद गर्ग, राजेश कुमार अग्रवाल, सुरेश बगड़िया, अशोक गुप्ता, किशोर गुप्ता, राज रामगढ़ी, वरूण बगड़िया, लोकेश बगड़िया, चंदा बगड़िया, मीना बगड़िया, सोनी देवी, चंचला, मीनू बगड़िया, श्वेता बगड़िया, विक्की रजक सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

## वर्षा के कारण गांव का मुख्य मार्ग बहा, आवागमन में बढ़ी परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के गोरहर पंचायत अंतर्गत कटहर टोला, पारटॉड़, रंगनिया एवं बगिया का मुख्य मार्ग पिछले दिनों हुई भारी बारिश में लगभग 20 फीट तक बह चुका है। विदित हो कि दो हजार आबादी को जोड़ने वाली इस मार्ग का बहाव हो जाने के कारण लोगों को आवागमन में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। वही ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी को पत्र लिखकर समस्या का समाधान करने को कहा गया है। पत्र में लिखा है कि मुख्य मार्ग के बह जाने से लोगों को अतिरिक्त 2 किलोमीटर की दूरी तय करना पड़ रहा है। अतः अविलंब किसी भी कोष द्वारा मार्ग की मरम्मत कराई जाए। आवेदन सौंपने वालों में बीसूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य लखन कुमार ,मुखिया प्रतिनिधि छोटन कुमार, प्रदीप भुईयॉ,



लालधारी महतो, जगदीश कुमार समेत अन्य लोग शामिल थे।

## अदाणी फॉउंडेशन की खास पहल : हरली उच्च विद्यालय में होगी भौतिकी और जीव-विज्ञान की विशेष कक्षाएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**बड़कागांव।** गोन्दलपुरा कोल परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने बड़कागांव प्रखंड के हरली स्थित राज्य सम्पोषित $2 उच्च विद्यालय में भौतिकी और जीव विज्ञान के लिए विशेष कक्षाओं की शुरूआत की है। वर्ग 11 और 12 में पढ़ने वाले विद्यार्थी इन विशेष कक्षाओं में पढ़ाई कर सकेंगे। विज्ञान के विषयों की पढ़ाई की सुविधा यहीं मिल जाने के बाद मेडिकल और इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षाओं के लिए भी विद्यार्थी तैयारी कर पाएंगे। इस स्कूल में इन विषयों के शिक्षक नहीं होने से पढ़ाई बाधित हो रही थी, जिसके बाद अदाणी फॉउंडेशन ने यहाँ प्रशिक्षित शिक्षक उपलब्ध कराए हैं। अब इंटरमीडिएट संकाय के बच्चों को उत्कृष्ट कक्षा संचालन का लाभ मिल सकेगा। इन




विशेष कक्षाओं का उद्घाटन स्कूल परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान किया गया। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जवाहर प्रसाद, स्कूल के प्रिंसिपल जफरुल इस्लाम, ब्लॉक रिसोर्स पर्सन (बीआरसी) के सदस्य धनंजय कुमार समेत अन्य शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे। ये विशेष कक्षाएं हर दिन दोपहर में संचालित की जाएंगी। इससे पहले विद्यार्थियों के लिए डेमो कक्षाओं का भी आयोजन किया गया। अदाणी फॉउंडेशन की इस पहल से विद्यार्थियों के साथ-साथ स्कूल प्रबंधन के बीच खुशी का माहौल है। इन शिक्षकों की योग्यता सम्बंधित विषयों में स्नातकोत्तर एवं बीएड है। इसके लिए हजारीबाग के जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा अभियान) से अनापत्ति प्राप्त कर ली गयी है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जवाहर प्रसाद ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन की यह पहल बेहद प्रशंसनीय है। हालांकि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग भी शिक्षकों की नियुक्ति और अन्य सुविधाओं के लिए प्रयासरत है, लेकिन इस बीच अदाणी फॉउंडेशन की इस पहल की जितनी प्रशंसा की जाए, वो कम होगी। इस दौरान स्कूल के प्रिंसिपल जफरुल इस्लाम ने कहा कि विज्ञान पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य के लिए यह बेहद जरूरी पहल है। बच्चों को अब बाहर जाकर पढ़ने की जरूरत नहीं होगी। यह विशेष कक्षाएं तय समय से अधिक भी चलेंगी, ताकि बच्चों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। इससे पहले दोनों विषयों के शिक्षकों का स्कूल परिसर में स्वागत किया गया। साथ ही विद्यार्थियों से उनका परिचय करवाया गया। नए शिक्षकों को अपने स्कूल में पाकर बच्चे बेहद प्रसन्न नजर आए।

## राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षात्मक बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** शुक्रवार को राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के आईएलइपी राज्य समन्वयक राज्य कुष्ठ सलाहकार एवम एनएलआर के काशीनाथ चक्रवर्ती का दो दिवसीय समीक्षात्मक बैठक एवं अभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। प्रथम दिन शुक्रवार को असनाबाद एवं बड़की धमराय (जयनगर) में कुष्ठ मरीजों एवं उसके संपर्क व्यक्तियों को सिंगल डोज रिफांपिसिन, एवं एमडीटी उपचार की समीक्षा की गई। साथ ही सहिया को कुष्ठ रोगी के प्रति उनके दायित्व के बारे में बताया गया। शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कोडरमा में




कुष्ठ से विकलांग मरीजों के लिए सेल्फ केयर असेसमेंट कैंप लगाया गया। कार्यक्रम का शुरूआत करते हुए जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डा रमण कुमार ने कहा कि कुष्ठ मरीजों के सभी संपर्क व्यक्तियों को सिंगल डोज रिफांपिसिन खिलाना अनिवार्य है।

ताकि किसी अन्य को संक्रमण नही हो। डा सिद्धार्थ विस्वाल ने सभी आए हुए मरीजों का परीक्षण कर एमडीटी एवं एमसीआर सेल्फ केयर किट देने का निर्देश दिया। काशीनाथ चक्रवर्ती ने सेल्फ केयर का अभ्यास करते हुए कहा कि सभी घाव वाले मरीजों को रोज आधा घंटा पैर को पानी में रखना है और फिर उसे साफ करके भीगे हुए पैर में तेल लगाए। कैंप में कोडरमा, जयनगर, चंदवारा के 22 कुष्ठ मरीज आए थे।जिसमे 7 जोड़ी एमसीआर, 15 लोगों को सिंगल डोज रिफांपिसिन, 3 को सेल्फ केयर किट दिया गया। साथ ही 3 मरीजों को सर्जरी के लिए भेजने के लिए चिन्हित किया गया। मौके पर फिजियोथेरेपिस्ट राजीव रंजन, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक मोनाजिर आलम, कार्यालय सहायक अजीत कुमार, अचिकित्सा सहायक श्यामकांत, सुनील कुमार, एमपीडब्ल्यू प्रदीप कुमार, जागेश्वर यादव, सहिया बजंती देवी एवं कार्यालय के कर्मी भी मौजूद थे।

## फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय क्षेत्र भ्रमण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में राष्ट्रीय फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम के अन्तर्गत 16 से 30 सितम्बर तक चलाये जा रहे मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम के पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवन हेतु डब्ल्यू.एच.ओ. भारत सरकार की ओर से डा. कमलाकार, एन.पी.ओ. एल. एफ. का हजारीबाग जिला का एक दिवसीय क्षेत्र भ्रमण हुआ जिसमें जिले के पदाधिकारी भी शामिल थे। इस दल द्वारा सा.स्व. केन्द्र,सदर प्रखंड के स्वास्थ्य उपकेन्द्र जगदीशपुर के ग्राम सिंघानी तथा स्वास्थ्य उपकेन्द्र, सिन्दुर का निरीक्षण किया गया जहाँ सभी दवा प्रशासकों द्वारा लाभुकों को उनके सामने दवा का सेवन कराया जा रहा था। वहां पूर्व के कुछ घरों का भी दौरा किया गया जहाँ पूर्व में दवा प्रशासक जा चुके थे तो पाया गया कि सभी ने एम.डी.ए. दवा का सेवन किया है। ज्ञात हो कि हजारीबाग जिले में कुल 1761492 लाभुकों को दवा सेवन कराने का लक्ष्य रखा गया है जिसमें दिनांक 16.09.22 से अब तक कुल 817424 अर्थात 50 प्रतिशत लाभुकों को दवा सेवन कराया जा चुका है। भारत सरकार की ओर से डा. कमलाकार, एन.पी.ओ., एल.एफ., सिविल सर्जन एवं अन्य जिला पदाधिकारियों से विमर्श के क्रम में उनके द्वारा कार्यक्रम में संलग्न सभी कर्मचारियों एवं दवा प्रशासकों द्वारा किये गये कार्यों की सराहना की गई एवं निदेश दिया कि कार्यक्रम की शत-प्रतिशत सफलता हेतु सभी पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया है ताकि दिनांक 30.09.22 तक निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति की जा सके।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More "

छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## न्यूज गैलरी

### पत्रकार का ईरानी राष्ट्रपति के सामने हिजाब पहनने से इनकार

**तेहरान (एजेंसी)।** अमेरिकी न्यूज चैनल सीएनएन के मुताबिक इंटरव्यू की लंबे समय से योजना थी, लेकिन इंटरव्यू शुरू होने से करीब 40 मिनट पहले ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने मांग की कि महिला पत्रकार क्रिस्टियान अमनपोर हिजाब पहनें। इसके बाद जो कुछ हुआ, उसके बारे में सोशल नेटवर्किंग साइट ट्विटर पर क्रिस्टियान अमनपोर ने लिखा, मैंने विनम्रता से इनकार कर दिया। हम न्यूयॉर्क में हैं, जहां हिजाब को लेकर कोई कानून या परंपरा नहीं है। सीएनएन के लिए अंतर्राष्ट्रीय मामले कवर करने वाली महिला पत्रकार अमनपोर का यह इनकार रईसी नहीं झेल सके और उन्होंने इंटरव्यू देने से मना कर दिया। अमनपोर खुद ईरानी मूल की हैं, उनके पिता ईरानी थे। ब्रिटेन में पैदा हुई अमनपोर की परवरिश तेहरान में हुई है। वह धाराप्रवाह फारसी बोलने के लिए भी जानी जाती हैं। अमनपोर ईरान के पूर्व और उदारवादी माने जानेवाले राष्ट्रपति हसन रोहानी का बिना हिजाब के इंटरव्यू कर चुकी हैं। अमेरिकी महिला पत्रकार पहले कई बार खाड़ी और मध्य पूर्व जाकर नेताओं का इंटरव्यू कर चुकी हैं, तब उन्होंने स्थानीय कानूनों का सम्मान करते हुए हिजाब कहा जानेवाला हेडस्कार्फ पहना था। इस बार उन्होंने न्यूयॉर्क में हिजाब पहनने से इनकार करते जता दिया कि अमेरिका में ईरानी कानून और अति रुढ़िवादी ईरानी राष्ट्रपति मनमर्जी नहीं चलेगी।

### पंजाब सरकार को झटका, एनजीटी ने लगाया करोड़ों का जुर्माना

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने ठोस और तरल कचरे के प्रबंधन में विफल रहने के कारण पंजाब सरकार पर दो हजार करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया है। कचरा प्रबंधन में विफल रहने के कारण इसके पैदा होने और शोधन में भारी अंतर है। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि सुधारात्मक कदम के लिए न तो अनिश्चित काल तक इंतजार किया जा सकता है, न ही स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों को लंबे समय तक टाला जा सकता है। पीठ ने कहा कि राज्य सरकार की जिम्मेदारी प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए एक व्यापक योजना बनाना है जो इसकी पूर्ण जवाबदेही है। इसे समझा नहीं जा रहा है। एनजीटी ने कहा कि यदि बजटीय आवंटन में कमी है, तब भी राज्य सरकार को ही लागत कम करने या संसाधनों में वृद्धि करने की उपयुक्त योजना बनानी है। पीठ ने कहा कि अपशिष्ट प्रबंधन के विषय पर पर्यावरण मानदंडों का अनुपालन उच्च प्राथमिकता पर होना चाहिए।

# पीएफआई के प्रदर्शन में जमकर हिंसा, कई जगहों पर बमबारी

## प्रदर्शनकारियों ने तोड़ दीं 70 बसें, 200 से अधिक गिरफ्तार

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** इस्लामी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) द्वारा शुक्रवार को केरल में आहूत दिनभर की हड़ताल के बीच राज्य में कई जगहों पर हिंसा भड़क गयी। पूरे राज्य में सार्वजनिक परिवहन की बसों पर पथराव होने, दुकानों, वाहनों को क्षति पहुंचाने और हिंसा की घटनाओं की भी सूचना मिली है। यहां तक कि मामला बढ़ता देख केरल उच्च न्यायालय को स्वतः संज्ञान लेना पड़ा है। कोर्ट ने पुलिस को सार्वजनिक संपत्तियों को नष्ट करनेवालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में लगभग 70 सरकारी बसों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया, कई जगहों पर बम फेंके गये और कन्नूर (उत्तरी केरल) में आरएसएस के कार्यालय पर बदमाशों ने हमला किया। कन्नूर में एक पीएफआई कार्यकर्ता को जिंदा बम के साथ पकड़ा गया है। हिंसा के सिलसिले में 200 से अधिक पीएफआई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। कुछ जगहों पर एंबुलेंस पर भी पथराव किया गया।

- राज्यभर में सार्वजनिक परिवहन की बसों पर पथराव होने, दुकानों, वाहनों को क्षति पहुंचाने और हिंसा की घटनाओं की सूचना



हिंसा में 12 बस यात्री और छह चालक घायल हुए हैं।

**केरल उच्च न्यायालय ने लिया हिंसा का स्वतः संज्ञान :** केरल उच्च न्यायालय ने पीएफआई की हड़ताल और राज्य में हुई हिंसा की घटनाओं पर संज्ञान लिया है। अदालत ने कहा कि हड़ताल पर उसने पहले ही रोक लगा रखी है और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना स्वीकार नहीं किया जायेगा। अदालत ने राज्य प्रशासन को उसके हड़ताल पर प्रतिबंध संबंधी आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### पीएफआई के राज्य सचिव अबूबकर के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश

**केरल** हाईकोर्ट ने पुलिस से पीएफआई के राज्य सचिव ए अबूबकर के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए कहा है। अबूबकर ने गुरुवार को देशभर में छापेमारी और पीएफआई पदाधिकारियों की गिरफ्तारी के विरोध में हड़ताल का आह्वान किया था। ठीक से काम नहीं करने के लिए पुलिस की भी आलोचना हो रही है। विपक्षी भाजपा ने कहा कि केरल पुलिस ने कट्टरपंथी संगठन के सामने नम्रतापूर्वक आत्मसमर्पण कर दिया। कन्नूर में सुबह अखबार ले जा रही एक निजी वैन पर बम फेंके गये। इसी जिले में पुलिस ने दो पेट्रोल बम ले जा रहे पीएफआई के एक कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कहा कि कोझीकोड में जब उनके वाहन पर पथराव किया गया तो एक 15 वर्षीय लड़की और ऑटो चालक घायल हो गये। कोल्लम में बाइक सवार हमलावरों ने पुलिस के वाहन से टक्कर मार दी, जिससे दो पुलिसकर्मी घायल हो गये। पुलिस ने कहा कि कई जगहों पर हमलावरों ने अपने चेहरे ढके हुए थे।

### कन्नूर के मट्टनूर में आरएसएस कार्यालय पर बम फेंके गये

**हमलावरों** द्वारा बंद के लिए मजबूर किये जाने के बाद कोट्टायम के इराट्टुपेटा में पुलिस ने लाठीचार्ज किया। कन्नूर के मट्टनूर में आरएसएस कार्यालय पर बम फेंके गये। हालांकि, पय्यानूर में स्थानीय लोगों ने बंद में हिस्सा लेने से इनकार कर दिया। साथ ही उन्होंने पीएफआई कार्यकर्ताओं की जमकर पिटाई की जिसमें चार कार्यकर्ता घायल हो गये। कोझीकोड में प्रदर्शनकारियों ने एक न्यूज चैनल एशियानेट के वाहन पर हमला किया। पुलिस ने अब तक हिंसा के सिलसिले में 200 पीएफआई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद शाम को और गिरफ्तारियां होंगी। केरल राज्य सड़क परिवहन निगम ने बाद में सोशल मीडिया में प्रदर्शनकारियों से अपनी बसों और कर्मचारियों को बख्शने का अनुरोध किया। सरकार ने अभी तक हिंसक घटनाओं पर प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन पुलिस प्रमुख अनिल कांत ने कहा कि बंद के दौरान सार्वजनिक संपत्तियों को नष्ट करनेवालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि स्थिति अब नियंत्रण में है। पुलिस अपराधियों को किसी कीमत पर नहीं बख्शेगी।

### केरल से तमिलनाडु तक उपद्रव, केंद्रीय मंत्री का तल्ख ट्वीट- फुल स्टॉप

**तिरुवंतपुरम (एजेंसी)।** टेरर फंडिंग और देशविरोधी गतिविधियों के चलते केंद्र सरकार के रडार पर आये चरमपंथी मुस्लिम संगठन पुलर फ्रंट ऑफ इंडिया ने 23 सितम्बर को केरल राज्य बंद का ऐलान किया है। इस बीच उपद्रव की खबर है। केरल से लेकर तमिलनाडु तक तोड़फोड़ की गयी है। तमिलनाडु में भाजपा दफ्तर पर हमला हुआ है। कोच्चि में सरकारी बसों पर पथराव किया गया।

तिरुवनंतपुरम में भी हिंसा हुई है। पीएफआई की संदिग्ध देशविरोधी गतिविधियों को लेकर केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने एक ट्वीट करके सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने लिखा कि जो लोग सोचते हैं कि वे भारत और भारतीयों को डराने के लिए हिंसा का इस्तेमाल कर सकते हैं, वे भ्रम में हैं। पीएफआई एक ऐसा संगठन है, जिसने बार-बार साबित किया है कि वे भारत और कुछ समुदायों के खिलाफ हिंसा करेंगे। वे प्रबल नहीं होंगे। फुल स्टॉप।

## पाक को गले लगाना अमेरिका को पड़ सकता है भारी

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** कुछ दिनों पहले अमेरिका ने ऐलान किया था कि वह पाकिस्तान एयरफोर्स के पास मौजूद फाइटर जेट एफ-16 को अपग्रेड करेगा। इसके साथ ही एक पैकेज के तहत अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की सरकार ने 450 मिलियन डॉलर देने का ऐलान भी कर दिया। इसके बाद बाइडेन ने गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा से अलग पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात की। पाकिस्तान और अमेरिका के रिश्ते तो पिछले करीब एक दशक से बिगड़े थे, अब पटरी पर वापस लौटते नजर आ रहे हैं। जहां पाकिस्तान में इस ताजा घटनाक्रम पर खुशी का माहौल है तो वहीं विदेश नीति के जानकार मान रहे हैं कि आतंकवाद को पनाह देने वाले देश को गले लगाकर बाइडेन एक बड़ी गलती कर रहे हैं।

- अमेरिकी राष्ट्रपति की सरकार ने 450 मिलियन डॉलर देने का किया है ऐलान
- बाइडेन का फैसला पाकिस्तान में एक बार फिर आतंकियों की पनाहगार को करेगा मजबूत



**गलतियों को दोहरा रहे बाइडेन :** विदेश नीति के जानकार और चीन-पाकिस्तान को करीब से समझने वाले ब्रहम चेलानी की मानें तो बाइडेन पाकिस्तान को लाड़-प्यार दिखाकर पुरानी गलतियों को दोहरा रहे हैं। उनकी मानें तो कई राष्ट्रपति इस बात को नजरअंदाज करते रहे कि अमेरिका और पाकिस्तान के बीच लंबी साझेदारी का फायदा आईएसआई ने उठाया। उसने इस दोस्ती की आड़ में कई आतंकियों को पनाह दी और इसकी वजह से पाकिस्तान आतंकवाद का गढ़ बन गया। उन्होंने लिखा है कि पाकिस्तान के कई आतंकियों को संयुक्त राष्ट्र ने ग्लोबल आतंकी करार दिया है। अमेरिका का दुश्मन और अल कायदा सरगना ओसामा बिन लादेन पाकिस्तान की मिलिट्री एकेडमी के करीब ही रह रहा था।

#### केंद्र सरकार से सुप्रीम कोर्ट का सवाल

## चैनलों व सोशल मीडिया में हेट स्पीच पर क्यों है मूकदर्शक?

- आरएनएम

**नयी दिल्ली।** हेट स्पीच को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने टीवी चैनलों पर होनेवाली डिबेट पर सख्त टिप्पणी की है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि सबसे ज्यादा हेट स्पीच मीडिया और सोशल मीडिया पर है। सर्वोच्च न्यायालय ने बुधवार (21 सितम्बर) को कहा कि इस मामले में सरकार मूकदर्शक क्यों बनी है। मालूम हो कि इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा है। वहीं, इस मामले की अगली सुनवाई अब 23 नवम्बर को होगी। अदालत ने कहा कि अभद्र भाषा अलग-अलग स्वरूपों में हो सकती है। किसी एक समुदाय का उपहास करना और इसे मीडिया के माध्यम से प्रसारित करना विनाशकारी प्रभाव डाल सकता है। जस्टिस केएम जोसेफ और हृषिकेश रॉय की पीठ ने कहा कि केंद्र को यह बताना होगा कि क्या उसने इस विषय पर किसी कानून को लाने पर काम कर रही है?

जस्टिस केएम जोसेफ ने इस मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि टीवी चैनलों और सोशल मीडिया पर सबसे अधिक नफरती भाषण देखने को मिलते हैं। इन मामलों में इंग्लैंड में एक टीवी चैनल पर भारी जुर्माना लगाया गया था। दुर्भाग्य यह भी है कि हमारे पास टीवी से जुड़े कोई नियामक सिस्टम नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि इंग्लैंड जैसा सिस्टम भारत में नहीं है। एंकरों को जानना



जरूरी है कि अगर आप गलत करेंगे तो उसे आपको ही भुगतना होगा।

वहीं, न्यायमूर्ति रॉय ने कहा कि जब तक उल्लंघन करनेवाले व्यक्ति पर उल्लंघन करने के कठोर परिणाम लागू नहीं होंगे तबतक संदेश कैसे जायेगा? उन्होंने कहा कि नफरती भाषणों से टीआरपी बढ़ती है, मुनाफा होता है। जस्टिस जोसेफ ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि हमारा देश किस ओर जा रहा है। अगर यह अभद्र भाषा है जिसे हम वास्तव में खिला रहे हैं, तो हमारा देश किस ओर जा रहा है?

ब्रॉडकास्ट रेगुलेटर के वकील ने बेंच को बताया कि वह किस तरह से चैनलों के संबंध में काम कर रहा है, जिसमें पेनल्टी लगाना भी शामिल है। वहीं, केंद्र से सवाल करते हुए अदालत ने पूछा कि आखिर आपका क्या रुख है? क्या आपने जवाबी हलफनामा दाखिल किया है? भारत सरकार का इसपर क्या स्टैंड है? जब यह सब हो रहा है, तो भारत सरकार खामोश क्यों है?

## चेन्नई के पास खुदाई में मिलीं 12 हजार साल पुरानी कलाकृतियां

**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई के बाहरी इलाके ओरगडम में रेनॉल्ट निसान ऑटोमोबाइल फैक्ट्री से लगभग पांच किमी दूर एएसआई खुदाई कर रहा है। यहां पर प्राचीन पत्थर के उपकरण बनाने की जगह मिली है। यह लगभग 12 हजार साल पहले की है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण टीम को एक ही गड्ढों की परतों में चार सभ्यताओं की कलाकृतियां मिली हैं। यह खुदाई वडक्कुपट्टू गांव में हो रही है। खुदाई के दौरान मेसोलिथिक काल की हाथ से बनी कुल्हाड़ी और गंडासे जैसे औजार भी मिले हैं। वे सैकड़ों पत्थर के टुकड़ों के साथ सतह से सिर्फ 75 सेमी नीचे पाये गये हैं। चेन्नई सर्कल के भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधीक्षण पुरातत्वविद् एम कालीमुथु ने कहा, 'यह एक ऐसी जगह की तरह दिखता है जहां प्राचीन लोग शिकार करने के लिए एक साथ पत्थर के औजार बनाते थे। इसे पत्थर बनाने की फैक्ट्री भी कहा जा सकता है।'

- एक ही जगह चार सभ्यताओं के प्रमाण से पुरातत्वविद हैरान

### एक ही जगह पर चार युग मिलना अद्भुत




**एएसआई** के अधीक्षण पुरातत्वविद् एम कालीमुथु ने कहा तिरुनेलवेली और थूथुकुडी जिलों में तेरी साइटों के अलावा, तमिलनाडु में वडक्कुपट्टू एकमात्र ऐसा स्थान है, जहां मध्यपाषाण काल के औजारों के प्रमाण मिले हैं। उनके काल की गणना के आधार पर माना जा रहा है कि ये उपकरण लगभग 12 हजार साल पहले बनाये गये होंगे। कार्बन डेटिंग और थर्मोल्यूमिनेसेंस (टीएल) डेटिंग से औजारों की सही उम्र का पता चलेगा। कालीमुथु का कहना है कि एक ही जगह पर चार अलग-अलग युगों से संबंधित पत्थर के औजार, कलाकृतियां और आभूषण मिलना अद्वितीय है।

**कांच के मोती भी मिले :** पुरातत्वविदों को उसी 10 गुणा 10 गड्ढे की ऊपरी परत पर, संगम युग (2,000 से अधिक वर्ष पहले) की कलाकृतियां और बर्तन, रोमन एम्फोरा शेर्ड और कांच के मोती भी मिले। खुदाई में ये सारी चीजें देखकर वे हैरान थे। एक्सपर्ट्स के मुताबिक यह उस काल में रोम यानी इटली के साथ सक्रिय व्यापार का संकेत देते हैं। खुदाई में सोने के गहने, टेराकोटा के खिलौने, मोती, चूड़ियों के टुकड़े, बर्तन के टुकड़े और सिक्के भी मिले हैं। आसपास के क्षेत्र में टीम ने प्रारंभिक पल्लव युग (275 सीई) से लेकर पल्लवों (897 सीई) तक की मूर्तियों की खोज की। सबसे महत्वपूर्ण खोजों में मेसोलिथिक काल की हाथ से बनी कुल्हाड़ी, स्क्रैपर, क्लीवर और चॉपर शामिल हैं। यह औजार बनाने की फैक्ट्री की तरह है। खुदाई में सोने के गहने, टेराकोटा के खिलौने, मोती, चूड़ियों के टुकड़े, बर्तन के टुकड़े और सिक्के भी मिले हैं। आसपास के क्षेत्र में, सतह पर, टीम ने प्रारंभिक पल्लव युग (275 सीई) से लेकर पल्लवों (897 सीई) तक की मूर्तियों की खोज की। उत्खनन दल जितने गहरे गये उतने ही पुराने टुकड़े मिलते गये। 75 सेमी की गहराई पर, उन्हें छेनी वाले पत्थर के औजार मिले। यह छेनी एक मेसोलिथिक सभ्यता के पत्थर की नक्काशी वाली पल्लव युग की मूर्तियां मिलीं।



## न्यूज गैलरी

### वार्डविजर्ड ने की नेपाल में पहली डीलरशिप के साथ साझेदारी

वड़ोदरा। इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के ब्राण्ड ह्यजॉय ई–बाईक के निमार्ता वार्डविजर्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड ने नेपाल के ऑटोमोबाइल डिस्ट्रीब्यूटर, द महाबीर ऑटोमोबाइल्स के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने आज जारी बयान में कहा कि अपने आधुनिक इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ दुनिया भर में हरित परिवहन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध कंपनी ने नेपाल के अग्रणी डिस्ट्रीब्यूटर एवं प्रमुख ऑटोंमोबाइल ब्राण्ड्स के डीलर महाबीर ऑटोमोबाइल के साथ साझेदारी में, यहां अपना संचालन शुरू कर दिया है। प्रस्तावित डीलरशिप और वर्कशॉप उपभोक्ताओं को सेल्स, आफ्टरसेल्स सेवाओं एवं स्पेयर संचालन का उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करती है। वर्कशॉप में सभी आधुनिक तकनीकें एवं अवयव हैं जो उपभोक्ताओं की सभी जरूरतों को पूरा कर उन्हें सर्वश्रेष्ठ अनुभव प्रदान करते हैं। यह डीलरशिप टेकु, काठमाण्डु में स्थित है। महाबीर ऑटोमोबाइल्स जल्द ही नेपाल के बिराटनगर में एक डीलरशिप शोरूम के साथ साझेदारी में अपने जॉय ई बाईक वितरण की शुरूआत करेगा।

### डॉलर के मुकाबले रुपया पहली बार 81 के पार

नई दिल्ली। भारतीय करेंसी रुपये में डॉलर के मुकाबले लगातार गिरावट जारी है. आज शुक्रवार को रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर को भी तोड़कर 81 को भी पार कर गया है. जबकि 10 साल की बॉन्ड यील्ड में 6 आधार अंकों की बढ़ोतरी हुई और यह 2 महीने के हाई पर पहुंच गई. ऐसा अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड्स में वृद्धि के बाद हुआ है. आज घरेलू करेंसी 1 डॉलर के मुकाबले 81.03 पर खुली और एक नया ऑल टाइम लो 81.13 बनाया. मनीकंट्रोल की एक खबर के अनुसार घरेलू करेंसी 9 बजकर 15 मिनट पर 81.15 प्रति डॉलर के स्तर पर ट्रेड हो रही थी. यह अपनी पिछली क्लोजिंग 80.87 के मुकाबले 0.33 प्रतिशत तक गिरी है. पिछले 8 ट्रेडिंग सेशन्स में से यह 7वीं बार है, जब रुपये में लगातार गिरावट देखने को मिली है. इसी समय के दौरान रुपया 2.51 फीसदी गिर चुका है. इस साल की बात करें तो रुपया 8.48 फीसदी टूट चुका है. 25 जुलाई को 10 वर्षीय बॉन्ड यील्ड 7.383 फीसदी पर ट्रेड होती देखी गई थी, यह अपनी पिछली क्लोजिंग से 7 आधार अंक ऊपर है. यूएस 10 वर्षीय ट्रेजरी यील्ड में गुरुवार को 18 आधार अंकों का जबरदस्त उछाल आया और यह 3.7 फीसदी पहुंच गई. यह इस दशक का सबसे उच्चतम स्तर है. इसके आधार पर कहा जा सकता है कि निवेशकों को आर्थिक मंदी का बढ़ता जोखिम नजर आ रहा है. एशियाई करेंसीज में मिला–जुला रुझान देखा गया है. चीन ऑफशोर 0.3 प्रतिशत, चीन रेनमिनबी 0.27 प्रतिशत, और ताइवान डॉलर 0.1 प्रतिशत गिर गया. फिलीपींस पेसो 0.3 प्रतिशत, दक्षिण कोरियाई ने 0.27प्रतिशत और जापानी येन 0.2 प्रतिशत की बढ़त हासिल की.

### एलआईसी ने होमलोन की ब्याज दरें बदलीं, सीबिल स्कोर और रीपेमेंट पर भी रुख स्पष्ट किया

नई दिल्ली। अगर आप घर खरीदने के लिए होमलोन लेने की सोच रहे हैं तो आपको एलआईसी की नई ब्याज दरों को जानना जरूरी है. दरअसल, एलआईसी हाउसिंग फायनेंस ने होम लोन पर ब्याज दरों को रिवाइज किया है. इसके अलावा कितने सीबिल स्कोर पर कितना लोन और कितने टेन्योर के लिए मिलेगा समेत कई अन्य बिंदुओं को भी स्पष्ट कर दिया है. एलआईसी ने लोन के लिए जरूरी डॉक्यूमेंट की लिस्ट भी जारी की है. भारतीय जीवन बीमा निगम की सब्साइडरी कंपनी एलआईसी हाउसिंग फायनेंस नौकरीपेशा और व्यापारी वर्ग को घर, जमीन, दुकान आदि संपत्ति खरीदने के लिए लोन उपलब्ध कराती है. देशभर में बड़ी संख्या में इससे लोन लेने वाले कस्टमर्स हैं. एलआईसी हाउसिंग फायनेंस ने बेंचमार्क प्राइम लेंडिंग रेट को रिवाइज कर दिया, जिससे होमलोन की ब्याज दरें भी बदल गई हैं. बदली हुई ब्याज दरें 20 सितंबर 2022 से लागू कर दी गई हैं. एलआईसी हाउसिंग फायनेंस की वेबसाइट के अनुसार कंपनी ने बेंचमार्क प्राइम लेंडिंग रेट को 15.95 फीसदी कर दिया है. इससे होमलोन की ब्याज दरें, सीबिल स्कोर और टेन्योर के साथ ही सैंक्शन होने वाला अमाउंट भी बदल गया है. एलआईसी हाउसिंग फायनेंस की वेबसाइट के अनुसार सैलरीड और प्रोफेशनल्स के लिए 800 सीबिल स्कोर पर 15 करोड़ तक होमलोन 8 फीसदी की दर से इंटरेस्ट रेट दिया जाएगा. नई दरों के हिसाब से सीबिल स्कोर 750 से 799 होने पर सैलरीड लोनधारक के लिए 5 करोड़ से 15 करोड़ लोन 8.05 फीसदी की दर से मिल सकेगा. वहीं, सीबिल स्कोर 700 से 749 के बीच होने पर 50 लाख के लोन पर ब्याज दर 8.20 फीसदी कर दी गई है.

# खरीफ फसलों की बुवाई खत्म होने के करीब, धान का रकबा 5.51 प्रतिशत घटा



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** खरीफ फसलों की बुवाई लगभग खत्म होने वाली है और धान की बुवाई लगातार पिछड़ रही है। कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार धान का रकबा पिछले साल के मुकाबले 5.51 प्रतिशत गिरकर 401.56 लाख हेक्टेयर रह गया है। धान के अलावा दलहन, तिलहन और जूट/मेस्ता की बुवाई में मामूली अंतर आया है। इस तरह खरीफ फसलों के तहत कुल बुवाई क्षेत्र 1.24 प्रतिशत घटकर 1,097.57 लाख हेक्टेयर रह गया है। यह आंकड़ा एक साल पहले की समान अवधि में 1,111.36 लाख हेक्टेयर था। खरीफ फसलों की बुवाई जून से दक्षिण-पश्चिम मानसून आने के साथ शुरू हो गई थी। कुछ खरीफ फसलों की कटाई शुरू हो गई है और यह सिलसिला पूरे अक्टूबर में जारी रहेगा। कृषि मंत्रालय ने बुवाई के ताजा आंकड़े जारी करते हुए कहा कि धान का रकबा 5.51 प्रतिशत घटकर 401.56 लाख हेक्टेयर रहा, जो फसल वर्ष 2022-23 (जुलाई-जून) के खरीफ सत्र में 425 लाख हेक्टेयर था। बयान में कहा गया कि झारखंड (9.32 लाख हेक्टेयर), मध्य प्रदेश (6.32 लाख हेक्टेयर), पश्चिम बंगाल (3.65 लाख हेक्टेयर), उत्तर प्रदेश (2.48 लाख हेक्टेयर) और बिहार (1.97 लाख हेक्टेयर) में धान का रकबा घटा है। इसके अलावा असम, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, त्रिपुरा, मेघालय, ओडिशा, नागालैंड, पंजाब, गोवा, मिजोरम, सिक्किम और केरल में भी धान का रकबा घटा है। बारिश कम होने से धान की फसल प्रभावित हुई है। कृषि मंत्रालय ने अपने पहले अग्रिम अनुमान में खरीफ धान के उत्पादन में छह प्रतिशत की गिरावट का अनुमान लगाया है और यह 10.50 करोड़ टन रह सकता है। मंत्रालय ने कहा कि दलहन की बुवाई में भी मामूली कमी आई है। मौजूदा खरीफ सत्र में अब तक कुल रकबा 132.83 लाख हेक्टेयर रहा है, जबकि एक साल पहले की इसी अवधि में यह 138.29 लाख हेक्टेयर था। इस दौरान अरहर, उड़द, मूंग, कुल्थी और अन्य दलहनों का रकबा घटा। इसी तरह अब तक तिलहन का रकबा 191.75 लाख हेक्टेयर है, जो एक साल पहले की इसी अवधि में 193.28 लाख हेक्टेयर था। मुख्य रूप से मूंगफली और सोयाबीन की बुवाई में कमी के कारण तिलहन का रकबा घटा है। खरीफ सत्र में अब तक मोटे अनाज की बुवाई 181.43 लाख हेक्टेयर में अधिक रही, जो एक साल पहले इसी अवधि में 174.05 लाख हेक्टेयर थी। इस तरह मोटे अनाज का रकबा बढ़ा है। नकदी फसलों में कपास और गन्ने का रकबा मामूली रूप से बढ़ा है।

> कृषि मंत्रालय ने अपने पहले अग्रिम अनुमान में खरीफ धान के उत्पादन में छह प्रतिशत की गिरावट का अनुमान लगाया है और यह 10.50 करोड़ टन रह सकता है। मंत्रालय ने कहा कि दलहन की बुवाई में भी मामूली कमी आई है।

## सोलापुर के लक्ष्मी सहकारी बैंक का लाइसेंस हुआ रद्द

## जमाकर्ताओं को मिलेंगे पांच लाख रुपये



**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय रिजर्व बैंक ने महाराष्ट्र के सोलापुर स्थित द लक्ष्मी सहकारी बैंक लिमिटेड के लाइसेंस को रद्द कर दिया है जिसके कारण जमाकर्ताओं को पांच पांच लाख रुपये मिलेंगे। रिजर्व बैंक ने आज जारी एक बयान में यह जानकारी देते हुये कहा कि गत 14 सितंबर को ही इस बैंक का लाइसेंस रद्द कर दिया गया था और बैंक के परिचालन पर आज से रोक लगा दी गयी है। महाराष्ट्र के सहकारी समितियों के पंजीयक से बैंक को बंद करने के आदेश जारी करने और इसके निपटान की प्रक्रिया शुरू करने के लिए कहा गया है। बैंक के पास पर्याप्त पूंजी नहीं है और उसके पास आय अर्जित करने का कोई खाका भी नहीं है। ऐसी स्थिति में बैंक बैंकिंग नियमन कानून 1949 की धारा 56 के प्रावधानों को पूरा नहीं कर पा रहा है। इसके मद्देनजर लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। इस तरह के बैंक का परिचालन जमाकर्ताओं के हित में नहीं होता है। वर्तमान वित्तीय स्थिति बैंक जमाकर्ताओं को पूरी राशि चुकाने की स्थिति में नहीं है। निपटान प्रक्रिया की स्थिति में प्रत्यके जमाकर्ता को जमा बीमा एवं क्रेडिट गांरटी कापोर्रेशन से जमा बीमा दावा के तहत अधिकतम पांच लाख रुपये का भुगतान किया जायेगा। बैंक द्वारा दिये गये आंकड़ों के अनुसार 99 प्रतिशत जमाकताओं को पूरी जमा राशि मिल जायेगी। गत 13 सितंबर तक कापोर्रेशन 193.68 करोड़ रुपये के दावों का भुगतान कर चुका था।

# पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई परिवर्तन नहीं



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम शुक्रवार को भी यथावत रहे। पिछले चार महीनों से ईंधन के दाम स्थिर बने हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें 90 डॉलर प्रति बैरल पर आ गयी हैं। लंदन ब्रेंट क्रूड आज 0.42 प्रतिशत गिरकर 90.08 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड भी 0.42 प्रतिशत के दबाव के साथ 83.15 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। घरेलू स्तर पर तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। देश में तीन महीने से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल के दाम 106.31 रुपये प्रति लीटर और और डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है। पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है। देश के चार बड़े महानगरों में आज पेट्रोल और डीजल के दाम इस प्रकार रहे :-

महानगर...पेट्रोल....डीजल....(रुपए प्रति लीटर)
दिल्ली....96.72.....89.62 ,,
मुंबई.....106.31......94.27 ,,
कोलकाता ......106.03...92.76 ,,
चेन्नई........102.63.......94.24 ,,

## प्रत्येक गांव में 4जी व 5 जी पहुंचाने के लिए हो रहा है 30 अरब डॉलर का निवेश: वैष्णव




**मुंबई (एजेंसी)।** केन्द्रीय संचार, इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज कहा कि देश के प्रत्येक गांव में 4 जी और 5 जी नेटवर्क को पहुंचाने के लिए 30 अरब डॉलर का निवेश किया जा रहा है। श्री वैष्णव ने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2022 का समापन करते हुये कहा कि अब तक देश के 1.5 लाख ग्राम पंचायतों तक पहुंच हो गयी है। अब एक ऐसा राजमार्ग बनाया जा रहा है जिसमें जहां ग्रामीण उद्यमियों और ऐसे उत्साही युवाओं को चैनेलाइज किया जा रहा है जो उच्च गुणवत्ता, हाई स्पीड डेटा कनेक्टिविटी को प्रत्येक गांव तक पहुंख सके। इस मॉडल का परीक्षण किया जा चुका है और प्रत्यके महीने 80 हजार नये कनेक्शन दिये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने डिजिटल नियामकीय फ्रेमवर्क में आमूलचूल परिवर्तन करने के लिए कहा है ताकि वो वैश्विक मानकों के अनुरूप और वैश्विक प्रतिस्पर्धा का समर्थन करता हो। नये दूरसंचार विधेयक में तीन चार पुराने कानूनों को सम्माहित करने की तैयारी चल रही है। इसमें डिजिटल व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा विधेयक और आईटी कानून 2000 कानून के माध्यम से उद्योग की चिंताओं को सरकार और सरकार की चिंताओं को उद्योग दूर करेंगे।

### आरबीआई ने महिंद्रा फाइनेंस को तीसरे पक्ष के जरिए वसूली बंद करने के लिए कहा

**नयी दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंसियल सर्विसेज लिमिटेड (एमएमएफएसएल) को तत्काल प्रभाव से तीसरे पक्ष के जरिए किसी भी प्रकार की वसूली या कब्जा करने की गतिविधियों को बंद करने के लिए कहा है। हालांकि गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) अपने स्वयं के कर्मचारियों के माध्यम से वसूली या कब्जा गतिविधियों को जारी रख सकती है। आरबीआई ने गुरुवार को एक बयान में कहा, यह कार्रवाई उक्त एनबीएफसी में देखी गई कुछ सामग्री पर्यवेक्षी चिंताओं पर आधारित है, जो इसकी तीसरे पक्ष की गतिविधियों के प्रबंधन के संबंध में है। यह घटनाक्रम झारखंड के हजारीबाग जिले में एक गर्भवती महिला की कथित तौर पर मौत के बाद सामने आया है जिसमें एक वसूली एजेंट द्वारा चलाए जा रहे ट्रैक्टर के नीचे वह कुचल गयी थी।

### कंपनी के बॉस ने रिजाइन क्या कर दिया, शेयर को लग गए पंख, 11 महीने हाई 22.30 रुपये पर पहुंचे भाव



**नई दिल्ली।** कमजोर बाजार में भी डिश टीवी इंडिया के शेयर शुक्रवार को बीएसई पर 10 फीसदी की तेजी के साथ 11 महीने के हाई 22.30 रुपये पर पहुंच गए। जवाहर लाल गोयल द्वारा कंपनी के बोर्ड से इस्तीफा देने के बाद पिछले एक हफ्ते में स्टॉक 46 फीसदी चढ़ गया। कंपनी के चेयरमैन और डायरेक्टर जवाहर लाल गोयल ने 19 सितंबर, 2022 को कंपनी के निदेशक मंडल और उसकी समिति (समितियों) से अपना इस्तीफा दे दिया है। यह जानकारी डिश टीवी ने एक एक्सचेंज फाइलिंग में दी। कंपनी के मुताबिक, डिश टीवी की सालाना आम बैठक सोमवार, 26 सितंबर को है। पिछले एक महीने में टीवी ब्रॉडकास्टिंग और सॉफ्टवेयर प्रोडक्शन कंपनी के शेयर में 92 फीसदी का उछाल आया है, जबकि एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स में 1.2 फीसदी की गिरावट आई है। आज, यह सितंबर 2021 के बाद से अपने हाई लेवल पर कारोबार कर रहा है। हालांकि, बाद में कंपनी के शेयरों में गिरावट आई और यह दोपहर 12:38 बजे; एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स में 1.4 फीसदी की गिरावट के मुकाबले डिश टीवी 4 फीसदी बढ़कर 21.19 रुपये पर कारोबार कर रहा था।

### ईंधन के बढ़ते दाम, ऊंची मुद्रास्फीति से दबाव में है बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश में ईंधन की कीमतों में वृद्धि की वजह से भोजन और अन्य आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ गए है जिससे जनता रोष और निराशा में है और देश की अर्थव्यवस्था गंभीर दबाव में आ गई है। वहीं हाल के दिनों में विपक्ष की कटु आलोचना और विरोध प्रदर्शनों की वजह से प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार पर दबाव बढ़ा है। प्रदर्शनों को देखते हुए हसीना ने देश की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से मदद मांगी है। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि बांग्लादेश की स्थिति श्रीलंका जितनी गंभीर नहीं है। गौरतलब है कि श्रीलंका में अर्थव्यवस्था गंभीर संकट से गुजर रही है, व्यापक विरोध प्रदर्शनों के कारण राष्ट्रपति को देश छोड़कर भागना पड़ा है। वहीं, लोग भोजन, ईंधन और दवाओं की भीषण कमी से जूझ रहे हैं तथा आवश्यक वस्तुओं के लिए लंबी-लंबी कतारों में खड़े रहने को मजबूर हैं। बांग्लादेश भी महत्वाकांक्षी विकास परियोजनाओं पर अत्यधिक खर्च, भ्रष्टाचार, वंशवाद को लेकर जनता में रोष और व्यापार संतुलन बिगड़ने जैसी समान परेशानियों का सामना कर रहा है।

## यूएनडीपी ने पाकिस्तान को दिया कर्ज अदायगी स्थगित करने का सुझाव

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पिछले तीन दशकों की सबसे भीषण बाढ़ का सामना कर रहे पाकिस्तान को इस स्थिति से निपटने के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय कर्जों के पुनर्भुगतान को फिलहाल रोकने के साथ ही कर्जों के पुनर्गठन के बारे में भी प्रयास करना चाहिए। स्थानीय मीडिया में संयुक्त राष्ट्र ज्ञापन का हवाला देते हुए यह रिपोर्ट प्रकाशित हुई है। पाकिस्तानी समाचारपत्र में शुक्रवार को प्रकाशित इस रिपोर्ट के मुताबिक, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) ने पाकिस्तान सरकार के साथ साझा किए गए एक ज्ञापन में कहा है कि बाढ़ की विभीषिका से निपटने के लिए पहले से ही वित्तीय संकट का सामना कर रहे पाकिस्तान को कर्ज पुनर्गठन एवं पुनर्भुगतान के संबंध में अपने रुख को संशोधित करने की जरूरत है। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान का कहना है कि इस साल पाकिस्तान पर कुल कर्ज एवं देनदारियां बढ़कर 59.7 अरब डॉलर हो गईं जो एक साल पहले की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक है। पाकिस्तान सरकार ने इस मानसून में हुई भारी बारिश से आई भीषण बाढ़ से अर्थव्यवस्था को करीब 30 अरब डॉलर का नुकसान होने का अनुमान जताया है। इस बाढ़ में पाकिस्तान का करीब एक-तिहाई हिस्सा बुरी तरह प्रभावित हुआ है जिसमें जान-माल की भी क्षति हुई है।

# टाटा स्टील में होगा उसकी सात धातु कंपनियों का विलय




**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** टाटा स्टील के निदेशक मंडल ने टाटा समूह की सात धातु कंपनियों के विलय की योजना को मंजूरी प्रदान कर दी है। टाटा स्टील ने यह जानकारी शुक्रवार को शेयर बाजार में दी गयी। टाटा समूह की ये धातु कंपनियां हैं- टाटा स्टील लॉन्ग प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीएलएलपी), द टिनप्लेट कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीसीआईएल), टाटा मेटालिक्स लिमिटेड (टीएमएल), टीआरएफ लिमिटेड, द इंडियन स्टील एंड वायर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आईएसडब्ल्यूपी), टाटा स्टील माइनिंग लिमिटेड (टीएसएमएल) और एस एंड टी माइनिंग कंपनी लिमिटेड (एसएंडटी माइनिंग)। कंपनी के अनुसार, इस विलय का उद्देश्य समूह की कंपनियों के बीच सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना, एक दूसरे से सीख, एक-दूसरे की सुविधाओं का उपयोग करना और दूसरों के बीच विपणन तथा वितरण नेटवर्क के लिए सहयोग करना है। टाटा स्टील ने कहा,' हर योजना की समीक्षा और सुझाव कंपनी के स्वतंत्र निदेशकों की समिति और कंपनी की ऑडिट समिति ने दी है। कंपनी ने कहा कि प्रत्येक योजना संबंधित स्थानांतरण कंपनियों और स्थानांतरित कंपनी, सक्षम प्राधिकारी, बाजार नियामक सेबी, स्टॉक एक्सचेंज और अन्य प्राधिकरणों के अपेक्षित बहुमत के शेयरधारकों से अनुमोदन प्राप्त करने के अधीन है जैसा कि लागू कानूनों के अनुसार आवश्यक हो सकता है। टाटा स्टील ने कहा,' सेबी के परिपत्रों के साथ पठित लिस्टिंग विनियमों के विनियमन 37 के प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक योजना संबंधित दस्तावेजों या प्रमाणपत्र शेयर बाजारों या जहां भी आवश्यक हो प्रस्तुत किए जाएंगे।'

> कंपनी के अनुसार, इस विलय का उद्देश्य समूह की कंपनियों के बीच सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना, एक दूसरे से सीख, एक-दूसरे की सुविधाओं का उपयोग करना है।

## भारत वापस आएंगी हैदराबाद के निजाम की सपार्कार तलवार सहित सात यादगार वस्तुएं

# 117 साल पहले ब्रिटिश जनरल को बेची गयी थी तलवार

# भारतीय उच्चायोग का ग्लासगो संग्रहालय के साथ समझौता



**नई दिल्ली/ लंदन (एजेंसी)।** हैदराबाद के निजाम की सपार्कार तलवार सहित गुलामी के दौर में भारत से इंग्लैंड पहुंचीं सात यादगार वस्तुएं जल्द ही भारत वापस लाई जाएंगी। इंग्लैंड में भारतीय उच्चायुक्त ने स्कॉटलैंड के ग्लासगो संग्रहालय से इस बाबत समझौता किया है। चर्चित तलवार 117 साल पहले एक ब्रिटिश जनरल को बेची गयी थी। हाल ही में इंग्लैंड के भारतीय उच्चायोग ने स्कॉटलैंड के ग्लासगो स्थित संग्रहालय 'ग्लासगो लाइफ' से एक समझौता किया है, जिसके अंतर्गत संग्रहालय में रखी हैदराबाद के निजाम की तलवार सहित सात वस्तुएं भारत को वापस की जाएंगी। आजादी के बाद भारत की अमूल्य विरासत वापस लाने की पहल के तहत यह समझौता किया गया है। ग्लासगो लाइफ के संचार अधिकारी जोनाथन रेली के मुताबिक तलवार को 1905 में जनरल सर आचीर्बाल्ड हंटर ने महाराजा किशन प्रसाद बहादुर से खरीदा था। वे 1903 से 1907 तक बॉम्बे कमांड के कमांडर इन चीफ थे और महाराजा किशन प्रसाद बहादुर उस समय हैदराबाद के प्रधानमंत्री थे। सर हंटर के भतीजे आचीर्बाल्ड हंटर सर्विस ने उक्त तलवार को 1978 में ग्लासगो संग्रहालय को दान कर दिया था। संग्रहालय के दस्तावेजों के मुताबिक 1896 से 1911 के बीच हैदराबाद के निजाम रहे महबूब अली खान ने 1903 में दिल्ली के शाही दरबार में उक्त तलवार प्रदर्शित की थी। शाही दरबार में राजा एडवर्ड सप्तम और रानी एलेक्जेंड्रा के राज्याभिषेक के उपलक्ष्य में आयोजित स्वागत समारोह में उक्त तलवार का प्रदर्शन हुआ था। निजाम की यह खास तलवार सांप के आकार की है। तलवार के बीच में हाथी और बाघ की सोने की सुंदर नक्काशी उकेरी गई है।

## पेज एक के शेष

### आरक्षण के बजाय...

रूप से अनुमति है। संविधान के परिवर्तनकारी चरित्र की ओर इशारा करते हुए विभा मखीजा ने कहा कि इसके निर्माताओं ने कभी ऐसी स्थिति की कल्पना नहीं की होगी जहां जाति आरक्षण प्रदान करने का एकमात्र मानदंड हो। सर्वोच्च न्यायालय की इस पीठ में जस्टिस दिनेश माहेश्वरी, एस रवींद्र भट, बेला एम त्रिवेदी और जेबी पारदीवाला भी शामिल थे। संशोधन का बचाव करनेवाले सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से न्यायमूर्ति रविंद्र भट ने कहा कि अनिश्चितता है। आप इसे लचीलापन कहते हैं, लेकिन यह अनिश्चित है। इसके जवाब में तुषार मेहता ने कहा कि सामाजिक पिछड़ेपन को भी संविधान में परिभाषित नहीं किया गया है। तुषार मेहता ने कहा कि आयोग का गठन कर समस्या का समाधान किया जा सकता है। यह इलाज योग्य है। सरकार कमीशन ला सकती है। यदि कुछ राज्य उस अभ्यास के बिना ईडब्ल्यूएस लागू करते हैं, तो उस कार्यकारी कार्रवाई को चुनौती दी जा सकती है। दिशा-निर्देशों की अनुपस्थिति संशोधन के चुनौती का आधार नहीं है। तुषार मेहता ने कहा कि 21वीं सदी में देश की प्रगति के दौरान आर्थिक कमजोरी भी अपने आप में सामाजिक प्रतिष्ठा का सूचक बन गयी है। इस गणतंत्र का उद्देश्य सभी जातियों और वर्गों के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक जीवन के सभी क्षेत्रों में बेहतरी लाना है।

### कभी पीएम नहीं...

में घेरते हुए कहा कि नीतीश कुमार जो कांग्रेस विरोध की राजनीति में पैदा हुए वे आज राजद और कांग्रेस की गोद में बैठ गये हैं। क्या इस तरह सत्ता के स्वार्थ में दल-बदल कर नीतीश कुमार प्रधानमंत्री बन सकते हैं। गृह मंत्री ने कहा कि जिस दिन नीतीश कुमार के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार ने शपथ ली, तब से ही कानून-व्यवस्था की स्थिति चरमरा गयी। उन्होंने नीतीश कुमार को निशाने पर लेते हुए कहा कि नीतीश कुमार षडयंत्र को नहीं रोक पायेंगें, क्योंकि अपराधी सत्ता में ही बैठे में हैं। पहले जो चारा घोटाला की बात करते थे अब क्या करेंगे। अब तो घोटालेबाज ही मंत्री बन बैठे हैं।

### सड़क हादसों में...

थे। नये प्रावधान से आम जनता को तत्काल राहत के साथ निर्माण व अन्य गड़बड़ियों को भी दूर किया जा सकेगा। वर्ष 2020 रिपोर्ट बताती है कि केंद्रशासित व राज्यों में कुल 3,66,138 सड़क दुघर्टनाएं हुई हैं। इन दुर्घटनाओं में 1,31,714 जान गयीं और 3,48,279 लोग इन घटनाओं में घायल हुए। यह रिपोर्ट सड़क यातायात और राजमार्ग मंत्रालय के परिवहन शोध इकाई ने तैयार की है। यह मई माह के अंत में जारी की गयी थी। इस रिपोर्ट में चौंकाने वाला तथ्य यह था कि 18 से 45 वर्ष की आयु वर्ग के पीड़ितों की संख्या 69 फीसद और कामकाजी वर्ग की श्रेणी में आनेवाले 18 से 60 वर्ष के 87.4 चालक जान गंवानेवाले थे।

परिवहन से संबंधित मामलों के विशेषज्ञ अनिल चिकारा बताते हैं कि इस व्यवस्था को लागू करने का लाभ आम आदमी को उस समय होगा, जब इस कार्य को किसी अन्य विशेष एजेंसी को देकर कार्य को कराया जायेगा। इसके लिये केंद्र सरकार एनडीआरएफ जैसी विशेषज्ञ कंपनी की भी मदद ले सकती है और संबंधित मामलों को एक विस्तृत आंकड़े तैयार किए जाने की जरूरत है। यह काम केवल एक विशेषज्ञ टीम ही कर सकती है। कोई स्वतंत्र टीम (थर्ड) पार्टी ही संबंधित प्रावधानों में मंजूरी दें और वाहन की जांच संबंधित कार्य को पूर्ण करें।

## न्यूज गैलरी

### दिलीप तिर्की निर्विरोध हॉकी इंडिया के नये अध्यक्ष बने

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व कप्तान दिलीप तिर्की को शुक्रवार को निर्विरोध हॉकी इंडिया का नया अध्यक्ष चुन लिया गया। हॉकी इंडिया के चुनाव एक अक्टूबर को होने थे लेकिन नतीजे पहले ही घोषित कर दिये गये क्योंकि किसी पद के लिए कोई उम्मीदवार नहीं था जिससे महासंघ के संविधान के तहत निवर्तमान उम्मीदवार ही निर्विरोध चुने गये। उत्तर प्रदेश हॉकी संघ के प्रमुख राकेश कत्याल और हॉकी झारखंड के भोलानाथ सिंह के नाम वापिस लेने के बाद तिर्की को अध्यक्ष चुना गया। भोलानाथ महासचिव चुने गये। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने तिर्की और उनकी टीम के चुनाव को मंजूरी दे दी है। एफआईएच ने एक पत्र में लिखा कि जब किसी पद के लिए उम्मीदवार पद की संख्या से कम या बराबर हों तो माना जाता है कि उन्हें निर्विरोध चुना गया है। इसमें कहा गया कि इसलिए हमें यह देखकर खुशी हो रही है कि हॉकी इंडिया का कार्यकारी बोर्ड चुन लिया गया है जिसकी जानकारी हॉकी इंडिया की वेबसाइट पर है और सभी पदों के लिए चुनाव निर्विरोध हुए।

### टी-20 विश्व कप जीतना भारत के लिए मुश्किल : आकाश चोपड़ा

**मुंबई (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने सोशल मीडीया पर वीडियो शेयर कर दावा किया है कि भारत के टी-20 विश्व कप जीतने की उम्मीदें इस बार कम हैं। उन्होंने कमजोर बॉलिंग अटैक का जिक्र भी किया। चोपड़ा ने कहा कि हम सोच रहे हैं कि चोटिल जसप्रीत बुमराह और दीपक चाहर के टीम में वापस आ जाने से सब ठीक हो जायेगा, लेकिन यह मुश्किल है। बुमराह अकेले कुछ नहीं कर सकते। इस साल मुंबई इंडियंस में बुमराह अकेले विकेट टेकिंग गेंदबाज थे और आप देख सकते हैं कि मुंबई का इस आईपीएल में क्या हाल हुआ। चोपड़ा ने कहा कि भारत का बॉलिंग लाइनअप बहुत कमजोर है और एक अच्छे गेंदबाज के तौर पर आप एक मैच में 5-6 विकेट ले सकते हैं, लेकिन हर मैच में यह नहीं होगा। उनका कहना है कि सच्चाई यही है कि आप कमजोर बॉलिंग लाइनअप से विश्व कप नहीं जीत सकते, हमारे पास विकेट टेकिंग गेंदबाजों के विकल्प बहुत कम हैं।

# सचिन के बल्ले से निकला रनों का तूफान, चीते जैसी फुर्ती से क्रीज छोड़ जड़ा सिक्सर

**देहरादून (एजेंसी)।** रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज में इंडिया लीजेंड्स का मुकाबला इंग्लैंड लीजेंड्स के साथ हुआ। बारिश की वजह से यह मैच 20 की बजाय 15 ओवर का खेला गया। इंडिया लीजेंड्स पहले बैटिंग करने पहुंची और सचिन की शानदार बैटिंग देखकर दर्शक गदगद हो गए। सचिन की बल्लेबाजी का लुत्फ उठाने के लिए उत्तराखंड के राज्यपाल और मुख्यमंत्री भी पहुंचे थे। जब सचिन ने क्रीज बाहर निकलकर मिड ऑन पर लंबा छक्का जड़ा तो स्टेडियम में मानों तूफान सा आ गया। यह सचिन की बल्लेबाजी देखने का क्रेज था, जिसकी बदौलत देहरादून का क्रिकेट स्टेडियम भरा नजर आया।



**भारत ने इंग्लैंड को हराया :** इंग्लैंड ने टॉस जीता और भारत को पहले बैटिंग के लिए बुलाया। पांच ओवर कम करने के बाद यह मुकाबला 15-15 ओवर का हुआ। भारत की ओर से सचिन तेंदुलकर और नमन ओझा ओपनिंग करने आये। पहले ओवर में चार रन बनने के बाद दूसरे ओवर से सचिन ने गियर बदल दिया। सचिन ने कुल 20 गेंदें खेलीं और 200 के स्ट्राइक रेट से 40 रन बनाये। इसमें तीन शानदार छक्के और तीन चौके शामिल हैं। ओझा के आउट होने पर सुरेश रैना आये और एक छक्का सहित कुल 12 रन बनाये। फिर युसुफ पठान क्रीज पर आये और छक्कों की झड़ी लगा दी। पठान ने 11 गेंद पर 27 बनाये। इसके बाद तो युवराज सिंह ने कहर ढा दिया और सिर्फ 15 गेंद पर 31 रन ठोंक डाले। भारत ने 15 ओवर में पांच विकेट खोकर 170 रन बनाये।

### 130 रन ही बना सकी इंग्लैंड

171 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड लीजेंड्स की टीम 130 रन ही बना सकी और मुकाबला 40 रन से हार गयी। 15 ओवर में इंग्लिश टीम छह विकेट गंवाकर 130 बना सकी। भारतीय स्पिनर राजेश पोवार ने तीन विकेट चटकाये। इंग्लिश टीम की ओर से फिल मस्टर्ड ने सिर्फ 19 गेंद पर 29 रनों की पारी खेली। इसके अलावा कोई भी बैट्समैन बेहतर खेल नहीं दिखा सका।

## रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज : युवराज सिंह ने खेला ऋषभ पंत वाला शॉट, लगाया छक्का

**रोड** सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज के तहत इंग्लैंड लीजेंड्स के खिलाफ देहरादून के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गये मैच में इंडिया लीजेंड्स ने जीत दर्ज की। मैच के बाद से ही युवराज सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की तरह सिक्सर शॉट लगाते हुए नजर आये। युवराज ने 15 गेंदों में नाबाद 31 रन बनाये और टीम को जीत दिलाने में अपना योगदान दिया। इस दौरान उन्होंने 14वें ओवर में गेंदबाजी करने आये स्टुअर्ट मीकर की गेंद पर लेग साइड में बड़ा छक्का गया। इस दौरान वह गिर भी गये। सोशल मीडिया पर यूजर्स ने इस शॉट की तुलना पंत के शॉट से की है। मैच की बात करें तो इंडिया लीजेंड्स ने 15 ओवरों में पांच विकेट खोकर 170 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया जिसमें कप्तान सचिन तेंदुलकर ने 20 गेंदों में तीन छक्कों की मदद से सबसे अधिक 40 रन बनाये। जवाब में इंग्लैंड लीजेंड्स के बल्लेबाजों ने लक्ष्य का पीछा करते हुए नियमित अंतराल में अपने विकेट खोते हुए 130 रन ही बना पाये। इंडिया लीजेंड्स का अगला मुकाबला अब 25 सितंबर को बांग्लादेश लीजेंड्स से होगा।

# लाड्र्स में 'झूलु दी' की यादगार विदाई के लिए भारतीय महिलाओं ने कसी कमर

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के लाड्र्स में मैच खेलना किसी भी क्रिकेटर का सपना होता है। यहां शतक बनाना या पांच विकेट लेना अलग बात है, लेकिन क्रिकेट का मक्का कहे जाने वाले इस मैदान पर शानदार करियर को अलविदा कहना कुछ चुनिंदा लोगों के लिए ही मुमकिन हो पाता है। यह मौका न तो सुनील गावस्कर को मिला और न हीं सचिन तेंदुलकर, ब्रायन लारा या ग्लेन मैक्ग्रा को ही यह नसीब हो सका। यह मौका 20 साल तक भारतीय महिला क्रिकेट टीम की रीढ़ बनी



रहनेवाली झूलन गोस्वामी को मिला है। जी हां, 24 सितम्बर को झूलन गोस्वामी इसी लाड्र्स के मैदान अंतिम वनडे मैच खेलेंगी।

**कैसा होगा सम्मान :** इससे अच्छा इस महिला खिलाड़ी के लिए कुछ भी नहीं हो सकता। 5 फीट 11 इंच की महिला क्रिकेटर जब उस लॉन्ग रूम से गुजरेंगी तो एमसीसी के शूट में खड़े उनके साथी उसे गार्ड ऑफ ऑनर देंगीं। भारत बनाम इंग्लैंड सीरीज की बात करें तो भारत पहले ही 2-0 की अजेय बढ़त बना चुका है। हरमनप्रीत कौर और उनकी टीम इसे भारतीय क्रिकेट की पोस्टर गर्ल्स में से एक की विदाई करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। टी-20 श्रृंखला हारने के बाद भारत ने दो मैचों में इंग्लैंड की टीम के खिलाफ बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। टीम की कप्तान हरमनप्रीत को ने नाबाद 74 और नाबाद 143 रनों की पारियां खेली हैं। वहीं, शेफाली वर्मा खराब फॉर्म से जूझ रही हैं। हरलीन देओल ने खुद को भरोसेमंद मध्य क्रम के बल्लेबाज के रूप में स्थापित किया है, लेकिन गोस्वामी के संन्यास के साथ ही मेघना सिंह, रेणुका ठाकुर और पूजा वस्त्राकर के सीम आक्रमण को और अधिक बढ़ाने की आवश्यकता होगी। जहां तक इंग्लैंड का सवाल है तो कप्तान हीथर नाइट और स्टार ऑलराउंडर नट साइवर की अनुपस्थिति ने टीम के संतुलन को काफी प्रभावित किया है।

## दलीप ट्रॉफी : यशस्वी जायसवाल का दोहरा शतक, पश्चिम क्षेत्र मजबूत

**कोयंबटूर (एजेंसी)।** सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (209 नाबाद) और श्रेयस अय्यर (71) की शानदार पारी की बदौलत पश्चिम क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी के पांच दिवसीय खिताबी मुकाबले के तीसरे दिन शुक्रवार को दक्षिण क्षेत्र के खिलाफ दूसरी पारी में तीन विकेट पर 376 रन बनाकर 319 रनों की लीड हासिल कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। एसएनआर क्रिकेट मैदान पर दिन का खेल खत्म होने के समय यशस्वी के साथ दूसरे छोर पर सरफराज खान 30 रन बना कर डटे थे। इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये पश्चिम क्षेत्र पहली पारी में 270 रन सिमट गयी थी जिसके जवाब में दक्षिण क्षेत्र की पहली पारी दिन के पहले सत्र में 327 रन बनाये थे। पहली पारी में मात्र एक रन पर पवेलियन लौटनेवाले



यशस्वी आज रनों की भूख को शांत करने को उतावले दिखे। पारी की शुरूआत आक्रामक तरीके से करने वाले यशस्वी को आउट करने के लिये दक्षिण के कप्तान हनुमा बिहारी ने अपने आठ गेंदबाजों की फौज लगा दी, मगर यूपी में जन्मे 20 वर्षीय खिलाड़ी ने मैदान के चारों ओर आकर्षक शॉट लगाकर अपने इरादे जाहिर कर दिये और प्रथम श्रेणी मैच में करियर का दूसरा दोहरा शतक 23 चौके और तीन छक्कों की मदद से पूरा किया।

